



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 320 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.14 2081 मंगलवार, 11 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### मणिपुर में सेना ने 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया : 25 हथियार, गोला-बारूद बरामद

मणिपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में सेना ने जॉइंट ऑपरेशन में 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

सेना ने सोमवार को बताया कि असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस ने 2 से 8 फरवरी के बीच काकचिंग, थौबल, टेंग्नौपाल, विष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और चंदेल जिलों में जॉइंट ऑपरेशन चलाया था।

इस दौरान उग्रवादियों से 25 हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

# सीबीआई ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया

## > जांच में खुलासा-घी सप्लाई का टेंडर लेने डेयरी मालिक ने फेक डॉक्यूमेंट बनाए

तिरुपति, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डू में मिलावट मामले को लेकर 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई के नेतृत्व में जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने रविवार को ये गिरफ्तारी की हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी के राजू राजशेखरन के रूप में हुई है। चारों को प्रसाद के लड्डू बनाने के लिए घी की सप्लाई में अनियमितताएं मिलने पर गिरफ्तार किया गया है।




सीबीआई को जांच में पता चला कि वैष्णवी डेयरी के प्रतिनिधियों ने एआर डेयरी के नाम पर टेंडर हासिल किए थे। वैष्णवी डेयरी ने टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी करने के लिए एआर डेयरी के नाम का इस्तेमाल करते हुए फर्जी डॉक्यूमेंट और मुहरें बनाई थीं। वैष्णवी डेयरी द्वारा बनाए गए नकली रिकॉर्ड में दावा किया गया कि उसने रुड़की में भोले बाबा डेयरी से घी खरीदा है, लेकिन उसके पास जरूरी मात्रा में आपूर्ति करने की क्षमता नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 4 अक्टूबर 2024 को भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी सहित अन्य की याचिकाओं पर सीबीआई को एसआईटी बनाने का आदेश दिया था। सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। उन्होंने कहा कि टीम में एजेंसी के 2, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के एक अधिकारी शामिल थे।

**> चर्बी की पुष्टि के बाद घी सप्लायर बदला गया :**

टीडीपी सरकार आई, जुलाई में सैंपल की जांच, चर्बी की पुष्टि टीडीपी सरकार ने जून 2024 में सीनियर आईएसआर अधिकारी जे श्यामला राव को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) का नया एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अपॉइंट किया था। उन्होंने प्रसादम (लड्डू) की क्वॉलिटी जांच का आदेश दिया। इसके लिए एक कमेटी बनाई। प्रसाद के टेस्ट और क्वॉलिटी को बेहतर बनाने के लिए कमेटी ने कई सुझाव दिए। साथ ही घी की जांच के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी), गुजरात में सैंपल भेजे। जुलाई में सामने आई रिपोर्ट में फैट का जिक्र था। इसके बाद टीटीडी ने तमिलनाडु के डिंडीगुल की एआर डेयरी फूड्स की तरफ से भेजे गए घी के स्टॉक को वापस कर दिया और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। इसके बाद टीटीडी ने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन से घी खरीदना शुरू कर दिया।

पुराने सप्लायर से घी 320 रुपये प्रति किलोग्राम के रेट से खरीदा जाता था। अब तिरुपति ट्रस्ट कर्नाटक को-ऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) से 475 रुपये प्रति किलोग्राम के रेट से घी खरीद रहा है। घी की शुद्धता जांचने वाली लैब एनडीडीबी सीएएलएफ (आणंद, गुजरात) ने तिरुपति को घी की शुद्धता की जांच करने के लिए एक मशीन दान करने पर सहमति दी है। इसकी लागत 75 लाख रुपये है।

# पीएम मोदी फ्रांस और अमेरिका दौरे पर रवाना

## ट्रम्प से मिलने के लिए उत्साहित, साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल

पेरिस/नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रवाना हो गए हैं। पीएम का यह दौरा 10 से 14 फरवरी तक है। वे आज और कल फ्रांस के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 12 और 13 फरवरी को अमेरिका दौरे पर रहेंगे। इस यात्रा को लेकर पीएम ने कहा- राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहूंगा। मैं पेरिस में एआई समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं। फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाऊंगा। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने के लिए उत्सुक हूं। उनके साथ पहले कार्यकाल में काम करने का अनुभव अच्छा है।

पीएम ने बताया कि वह फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का मार्सिले शहर में उद्घाटन करेंगे और इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर परियोजना का दौरा करेंगे। इसके साथ ही वो पहले और दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान मारे गए भारतीय सैनिकों को मजारग्यूज युद्ध समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देंगे।

उन्होंने अपनी यात्रा को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। पीएम ने कहा कि अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना एजेंडे में शामिल होगा। 11 फरवरी को पीएम पेरिस के ग्रैंड पैलेस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट 2025 की सह अध्यक्षता करेंगे। यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में आयोजित हुई थी। समिट में एआई के जिम्मेदारी से



इस्तेमाल पर चर्चा होगी, ताकि यह लोगों की भलाई के काम आए और इसके खतरे नियंत्रित रहें। इस दौरान ग्लोबल पॉलिटिक्स पर भी बात हो सकती है। पीएम मोदी फ्रांस के उद्योगपतियों से मुलाकात कर सकते हैं। एआई समिट में चीन और अमेरिका भी एआई एक्शन समिट में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीनी उपप्रधानमंत्री भी शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी शामिल हो सकते हैं। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के बड़े अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। मोदी की इस यात्रा से दोनों देशों के रक्षा संबंधों में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### 'ए लेटर टू नरेंद्र मोदी' के नाम से बनेगा 11,111 धन्यवाद पत्रों का ग्रंथ, पीएम को किया जाएगा समर्पित

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनवाने से लेकर तमाम अवसरों पर देश-दुनिया के अनेक लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते रहते हैं। कई बार यह धन्यवाद पत्रों के माध्यम से होता है। अब इन धन्यवाद पत्रों को संकलित कर एक ग्रंथ का रूप दिया जाएगा। अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बनने की दूसरी वर्षगांठ पर इसे प्रधानमंत्री को समर्पित किया जाएगा। रामायण रिसर्च काउंसिल के नेतृत्व में यह कार्य किया जाएगा।

रामायण रिसर्च काउंसिल के महासचिव ने बताया है कि काउंसिल देश में कई क्षेत्र के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक धन्यवाद-पत्र लिखवा रही है। इन्हीं पत्रों को संकलित कर एक ग्रंथ तैयार किया जा रहा है। 'ए लेटर टू नरेंद्र मोदी' नाम के इस ग्रंथ में नरेंद्र मोदी के नाम 11,111 धन्यवाद पत्रों को संकलित करने का संकल्प है। सुशांत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही नाम इस धन्यवाद-पत्र को इसलिए लिखवाया जा रहा है क्योंकि उनके नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट में रामलला के पक्ष को मजबूती के साथ रखा गया। उन्हीं के हाथों मंदिर का भूमि-पूजन हुआ और प्राण-प्रतिष्ठा की गई। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2022 का वो क्षण अद्वितीय था जिसमें भगवान रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए।

# सोनिया गांधी ने जल्द से जल्द जनगणना कराने की मांग की

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को सरकार से जल्द से जल्द जनगणना पूरी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश में करीब 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित हो रहे हैं। राज्यसभा में अपने पहले शून्यकाल संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लाभार्थियों की पहचान 2011 की जनगणना के आधार पर की जा रही है, जबकि देश की जनसंख्या अब काफी बढ़ चुकी है। सोनिया गांधी ने कहा कि यूपीए सरकार की तरफ से 2013 में लागू किया गया यह कानून देश के 140 करोड़ लोगों की भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक



ऐतिहासिक कदम था। कोविड-19 संकट के दौरान भी इस कानून ने लाखों गरीब परिवारों को भुखमरी से बचाया। उन्होंने बताया कि गांवों में 757 और शहरों में 50 प्रतिशत आबादी को सस्ते अनाज का लाभ देने वाला यह कानून 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित है। उस समय, कुल लाभार्थियों की संख्या 81.35 करोड़ थी, लेकिन आज 14 करोड़ और लोग इसके हकदार हैं, जो लाभ से वंचित हो रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार, 10 साल में होने वाली जनगणना 4 साल से ज्यादा देर से हो रही है। 2021 में होने वाली जनगणना अब तक नहीं हुई है और सरकार ने अब तक कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं दी है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी जनगणना के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं दिखता, जिससे लगता है कि इसे इस साल भी नहीं कराया जाएगा।

# गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई

## कई राज्यों के मुख्य सचिव तलब



नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफलता को लेकर सोमवार दिल्ली, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों को फटकार लगाई और उनके मुख्य सचिवों को तलब किया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा, कोर्ट के आदेशों का पालन शायद ही कहीं किया गया है। बेंच ने इन राज्यों के मुख्य सचिवों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया और यह स्पष्ट करने को कहा कि वे नियमों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। न्यायमित्र के रूप में कोर्ट में पेश हुए वरिष्ठ वकील शादान फरासात ने कहा कि अधिकांश राज्यों ने माफी को स्वीकार कर लिया है और उल्लंघन करने वालों को बरी कर दिया है। उन्होंने कहा, अगर सभी राज्य 1945 के औषधि और प्रसाधन नियम के नियम 170 का सही तरीके से पालन करना शुरू कर दें, तो आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाइयों के भ्रमित करने वाले विज्ञापनों का मुद्दा काफी हद तक हल हो जाएगा।

बेंच ने आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, गुजरात और जम्मू-कश्मीर को आदेश दिया कि वे शपथ पत्र दाखिल करें और नियम 170 को लागू न करने पर अपना जवाब दाखिल करें। कोर्ट ने कहा, हम इम राज्यों को इस महीने के अंत तक जवाब दाखिल करने का समय देते हैं। शीर्ष कोर्ट ने मामले को सात मार्च के लिए सूचीबद्ध किया। अगस्त 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने आयुष मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया था, जिमसें 1945 के औषधि एवं प्रसाधन नियम से नियम 170 को हटा दिया गया था, जो आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के गुमराह करने वाले विज्ञापनों को प्रतिबंधित करता था। शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि आयुष मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना उसके सात मई 2024 के आदेश के खिलाफ है। इसके बाद 7 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए आदेश दिया था कि किसी भी विज्ञापन को जारी करने से पहले विज्ञापनदाता से एक स्व-घोषणा पत्र लिया जाना चाहिए, जैसे कि केबल टेलीविजन नेटरव्क नियम, 1994 के तह किया जाता है।

### साइकिल ट्रैक बनाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर में साइकिल ट्रैक बनाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के पास लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए बजट नहीं है। लोगों के पास पीने के लिए साफ पानी नहीं है और साइकिल ट्रैक बनाने के सपने देखे जा रहे हैं।

साइकिलिंग को बढ़ावा देने वाले दविंदर सिंह नेगी की ओर से दाखिल देशभर में साइकिल ट्रैक बनाने की मांग करने वाली याचिका पर न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने प्राथमिकताओं को सही करने की जरूरत है। साथ ही अभी ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

### सिद्धारमैया की पत्नी को हाईकोर्ट ने दी अंतरिम राहत

**ईडी के नोटिस पर स्थगित की सुनवाई**

बेंगलूरू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। मुडा मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती और राज्य मंत्री बिरथी सुरेश को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मामले में दोनों को पेशी के लिए ईडी की ओर से दिए गए नोटिस को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी है। हाईकोर्ट ने सुनवाई को 20 फरवरी दोपहर 2:30 बजे के लिए टाल दिया है। तब तक दोनों को ईडी के सामने पेशी से अंतरिम राहत जारी रहेगी। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितंबर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मामले में ईडी ने भी सीएम की पत्नी को 14 साइटों के आवंटन में अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## बीरेन सिंह के इस्तीफे पर विपक्ष हमलावर

**कांग्रेस-शिवसेना यूबीटी ने साधा निशाना, भाजपा ने किया पलटवार**

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के सीएम रहे एन. बीरेन ने कल अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद से विपक्ष को भाजपा पर हमला करने का मौका मिल गया है। कांग्रेस के साथ-साथ तमाम विपक्षी दलों ने भाजपा ने निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का इस्तीफा 'बहुत पहले ही ले लिया जाना चाहिए था'।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में दो साल से हिंसा चल रही है। नेता ने कहा, यह बहुत पहले से ही ले लिया जाना चाहिए था... (दो साल से) मणिपुर में यह चल रहा है। बता दें कि, मणिपुर में मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। वहीं कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने कहा, हम हिंसा भड़कने के बाद से दो साल से इसकी मांग कर रहे हैं। सीएम के खिलाफ मामला इतना बेबाक है कि उनकी अपनी पार्टी के भीतर भी संभावित अविश्वास प्रस्ताव के लिए पर्याप्त समर्थन नहीं है, जिसे हम पेश करने की योजना बना रहे थे। राज्य के लिए आगे क्या होने वाला है, हम यही देखना चाहते हैं।

इधर शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा, इतने लंबे समय के बाद इस्तीफा देने के लिए उन्हें (एन. बीरेन सिंह) शर्म आनी चाहिए। अगर मणिपुर में किसी दूसरी पार्टी की सरकार होती तो आप (बीजेपी) क्या करते? क्या हिंसा रुक गई? नहीं। क्या वहां शांति बनी रही? नहीं। ये मुद्दे ज्यादा चिंताजनक और महत्वपूर्ण हैं। वहीं कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, मणिपुर में पिछले 2 सालों से नरसंहार चल रहा था... बेहतर होता कि वे पहले ही इस्तीफा मांग लेते और राज्य में स्थिति सामान्य करने पर काम करते।

### सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ भड़काऊ गाने का विवाद

**सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस एफआईआर पर उठाए सवाल**

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कथित भड़काऊ गाने के विवाद में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज गुजरात पुलिस की एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। जस्टिस अभय एस ओक और उज्जवल भुइंया की पीठ ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय ने कविता के अर्थ को सही नहीं माना। पीठ ने कहा कि यह बस एक कविता है और यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने बीते दिनों एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें सुनाई दिए गाने पर विवाद हो गया।

कांग्रेस सांसद के खिलाफ गुजरात के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। जवाब दाखिल करने के लिए गुजरात सरकार के वकील ने अदालत से समय मांगा, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने तीन हफ्ते के लिए मामले पर सुनवाई टाल दी है।




## सुखोई समेत लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंजा बंगलूरू

# राजनाथ सिंह बोले- ये पराक्रम का महाकुंभ



बंगलूरू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बंगलूरू में एयरो इंडिया 2025 का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सुरक्षा की कमजोरी में कभी शांति नहीं मिल सकती और मजबूत होकर ही हम बेहतर विश्व व्यवस्था के लिए काम कर पाएंगे। बेंगलुरू में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 का 15वां संस्करण का समारोह चल रहा है। जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित भी किया है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, 'हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। (एयरो इंडिया में) विदेशी देशों के हमारे मित्रों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे साझेदार एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।' इस दौरान उन्होंने एयरो इंडिया 2025 की तुलना महाकुंभ से की है। उन्होंने कहा- 'इस समय भारत में महाकुंभ चल रहा है...मुझे भी संगम में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं समझता हूं कि एयरो इंडिया के रूप में आज से भारत में एक और महाकुंभ का प्रारंभ हो रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आत्म संधान का कुंभ है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ अनुसंधान का कुंभ है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आंतरिक मजबूती पर ध्यान दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ हमारी बाहरी मजबूती पर ध्यान दे रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ भारत की संस्कृति को दर्शा रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ भारत की शक्ति को दर्शा रहा है। जहां एक तरफ परंपरा और आध्यात्म का महाकुंभ चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पराक्रम का महाकुंभ चल रहा है'।

एयरो इंडिया 2025 का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज की अनिश्चितताओं और आज के परिप्रेक्ष्य में उभर रही नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, शांति का वट वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। मेरा मानना है कि हम सभी को एक साथ मज़बूत होना होगा, तभी हम शांति सुनिश्चित कर पाएंगे। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के इस माहौल में भारत एक बड़ा देश है, जहां शांति और समृद्धि है।

**एयरो इंडिया 2025 में लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन**

उन्होंने कहा, 'अगर आप भारत के इतिहास का आकलन करेंगे, तो आप पाएंगे कि हमने न तो किसी देश पर हमला किया है और न ही हम किसी बड़ी शक्ति की प्रतिद्वंद्विता में शामिल रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'एक बड़े देश के रूप में भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है। और जब मैं यह कह रहा हूं, तो यह सिर्फ कहने की बात नहीं है, बल्कि यह हमारे मौलिक आदर्श की बात है।'

येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी माने-जाने वाले एयरो इंडिया के 15वें संस्करण के उद्घाटन के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके थीम 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' की ओर इशारा करते हुए, 'मेरा मानना है कि इससे अधिक उपयुक्त थीम कोई और हो ही नहीं सकती। यह हमें बताता है कि एक अरब से अधिक लोगों वाले हमारे देश में, एक अरब अवसरों को मूर्त रूप देते हुए, यह एयरो शो उससे कम कुछ नहीं हो सकता।' उन्होंने कहा, आज से शुरू हो रहे एयरो इंडिया के कई उद्देश्य हैं, 'एयरो इंडिया का पहला महत्वपूर्ण उद्देश्य न केवल हमारी औद्योगिक क्षमता बल्कि हमारी तकनीकी प्रगति को भी पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है। यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे भी बड़ा उद्देश्य मित्र देशों के साथ हमारे सहजीवी संबंधों को और मजबूत करना है।




## दिल्ली की हार से पंजाब में हलचल

# केजरीवाल ने सभी विधायकों की बैठक बुलाई मनजिंदर सिरसा का दावा- मान को हटाएंगे

चंडीगढ़, 10 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब आम आदमी पार्टी में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को प्रदेश के सभी विधायकों को दिल्ली में बैठक के लिए बुलाया है। इसी के चलते पंजाब सरकार की आज होने वाली कैबिनेट की मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 फरवरी को चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

**केवल पंजाब में बची सरकार**

दरअसल दिल्ली चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार अब केवल पंजाब में ही बची है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल अब पंजाब का रुख कर सकते हैं। बाजवा ने कहा था कि आप के कई विधायक पार्टी छोड़ने को तैयार हैं। ऐसे में आप में आने वाले दिनों में बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है।



यहां तक की प्रदेश में आप मध्यावधि चुनाव कराने के लिए भी रणनीति तैयार कर सकती है।

**लुधियाना से उपचुनाव लड़ सकते हैं केजरीवाल**

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि केजरीवाल लुधियाना से उपचुनाव लड़ सकते हैं। आप के एक विधायक के निधन होने से यह सीट खाली पड़ी है। नेता प्रतिपक्ष बाजवा ने कहा कि कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष के तौर पर प्रदेश के लोगों के बीच जाकर जनाधार जुटाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आज एक टिकाऊ और अच्छी सरकार की जरूरत है, जो प्रदेश के मुद्दों को केंद्र के समक्ष मजबूती से उठा सके। बाजवा ने यहां तक कहा कि केंद्र और मान सरकार के बीच खराब रिश्तों के कारण प्रदेश को उसके हक से वंचित होना पड़ रहा है।

**सांसद कंग ने बैठक बुलाने को बताया सामान्य**

सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि हम दिल्ली के जनादेश को स्वीकार करते हैं। हमने पिछले 10 सालों में दिल्ली को बेहतर बनाने और अच्छी सरकार देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और यह लड़ाई जारी रहेगी... जहां तक बैठकों का सवाल है, पार्टी एक सतत प्रक्रिया है। भविष्य की रणनीति बनाने के लिए पार्टी की सभी इकाइयों से फीडबैक लिया जा रहा है... कल पंजाब के सीएम भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब के विधायकों की अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक होगी... यह अगली रणनीति तैयार करने के लिए एक संगठनात्मक बैठक है।

वहीं भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर ट्वीट किया कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुलाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक केजरीवाल भगवंत मान को अयोग्य बताकर सीएम पद से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वे महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा पूरा करने में विफल रहे, नशाखोरी रोकने में असफल रहे और पंजाब की स्थिति को और खराब कर दिया।

## ममता कुलकर्णी ने छोड़ा किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर का पद, बोलीं- 'बचपन से ही साध्वी हूं'



मुंबई, 10 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी को बीते दिनों किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाया गया। उन्होंने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाकर अपना पिंडदान किया था। उनकी पट्टाभिषेक प्रक्रिया के बाद उन्हें यह पद दिया गया। मगर, ममता के महामंडलेश्वर नियुक्त किए जाने के बाद से ही, उनकी नियुक्ति पर सवाल उठ रहे थे। आज सोमवार को ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा दे दिया है। बातचीत में ममता ने पद छोड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा, 'मैं महामंडलेश्वर यामाई ममता नंदगिरी, मैं इस पोस्ट से इस्तीफा दे रही हूं। किन्नर अखाड़े या दो अखाड़ों में मेरे महामंडलेश्वर के पद को लेकर काफी समस्याएं हो रही हैं। मैं पिछले 25 साल से साध्वी थी और साध्वी ही रहूंगी। यह मुझे महामंडलेश्वर का जो एक सम्मान दिया गया था, वो ऐसा सम्मान होता है, जिसने करीब 25 साल स्विमिंग की हो, उसे कहा जाए कि अब जो बच्चे आएंगे, उन्हें स्विमिंग की जानकारी देना। लेकिन, इस पर बहुतों को आपत्ति हो गई'। ममता कुलकर्णी आगे कह रही हैं, 'मैं काफी वक्त तक बॉलीवुड से दूर रही हूं। मैंने 25 साल से फिल्मी दुनिया छोड़ी हुई है। नहीं, तो फिल्मों से, मेकअप से इतना दूर कौन रहता है? मेरी काफी चीजों को लेकर लोगों के सवाल हैं, प्रतिक्रियाएं हैं। मैंने देखा कि मेरे महामंडलेश्वर होने से शंकराचार्य से लेकर काफी लोगों को आपत्ति है।' ममता ने आगे कहा, 'मेरे जो गुरू हैं, जिनके सानिध्य में मैंने घोर तपस्या की है, उनका नाम है चैतन्य गगनगिरी महाराज। वे सिद्ध महापुरुष थे।

## इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के पास न कोई परंपरा न कोई स्वभाव है : नकवी



नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत की और कई सवालों के जवाब दिए। सामना के अंदर एक लेख लिखा गया है, जिसमें कहा गया है कि इंडिया गठबंधन में आपस में टकराव हो रहा है, यही वजह है कि हर जगह इनकी हार होती जा रही है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जब तक गठबंधन का सियासी सूपड़ा क्यों साफ हो रहा है उसकी जड़ तक नहीं जाएंगे, तब तक ये लेख लिखते व पढ़ते रहेंगे और इनका सफाया होता रहेगा। भाजपा नेता ने आगे कहा कि वास्तविकता यह है कि इस गठबंधन का नेतृत्व करने वाली पार्टी कांग्रेस के पास न तो इसके लिए परंपरा है और न ही स्वभाव। यही कारण है कि एक के बाद एक सहयोगी दल गठबंधन से खुद को अलग कर रहे हैं। जब गठबंधन का नेतृत्व करने वाली पार्टी संपत्ति की बजाय बोझ बन जाती है, जब वह ताकत की बजाय समस्या बन जाती है तो यही परिणाम होता है। दूसरी बात यह है कि वे अपना पूरा दिन मोदी जी को कोसने में बिताते हैं, सुबह से रात तक उनके बारे में झूठ फैलाते हैं। कम से कम उन्हें उनसे कुछ तो सीखना चाहिए।

अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के अंदर मेन्यू में बीफ का भी प्रावधान आया था कि उसमें आप बीफ को भी ऑर्डर कर सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर समाज के एक बड़े हिस्से को चिढ़ाने के लिए इस तरह की हरकतें करते हैं। गौ हत्या पर सख्ती के साथ प्रतिबंध होना चाहिए।

यह प्रतिबंध कागज पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देना चाहिए। जो इस तरह की हरकत करे उसको कड़े से कड़े कानूनी प्रावधानों के तहत सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि इस तरह की हरकत करने वाले 100 बार सोचे और उनकी रूह कांप उठे।

## दिल्ली सीएम से एलजी बोले

# आपको यमुना मैया का श्राप लगा

### आतिशी से कहा-आपके बॉस केजरीवाल को चेताया था, उन्होंने यमुना सफाई प्रोजेक्ट रोका




नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी से कहा है कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है, इसलिए आपकी पार्टी चुनाव हारी। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने ये बातें 9 फरवरी को तब कहीं थीं, जब आतिशी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने उनके पास गई थीं। सूत्रों के मुताबिक, एलजी सक्सेना ने आतिशी से कहा कि, उन्होंने उनके बॉस अरविंद केजरीवाल को 'यमुना के श्राप' के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि उन्होंने नदी की सफाई के लिए एक परियोजना को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। एलजी हाउस के सूत्रों के अनुसार, आतिशी ने एलजी की टिप्पणी का जवाब नहीं दिया।

**2 साल पुराना विवाद**

जनवरी, 2023 में यमुना का प्रदूषण कम करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने एलजी की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी बनाई थी। जैसे ही कमेटी ने अपना काम शुरू किया, केजरीवाल ने अपना समर्थन जताया और सहायता की पेशकश की। हालांकि बाद में दिल्ली सरकार ने एनजीटी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि एक डोमेन एक्सपर्ट को पैनल का नेतृत्व करना चाहिए। कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। यह रोक 2 साल से अधिक समय से बरकरार है।

# गैंगस्टर अनमोल का अमेरिकी एजेंसियों को नया डोजियर भेजा

### एनआईए ने की कार्रवाई, मूसेवाला-बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का आरोपी डंकी रूट से भागा था अमेरिका

चंडीगढ़, 10 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के भाई अनमोल और कुछ अन्य शूटरों के खिलाफ अमेरिकी एजेंसियों को नया डोजियर भेजा है। उक्त डोजियर में एनआईए ने मुख्य रूप से पंजाब के गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर फायरिंग के मामले को रखा है।

अमेरिका में भारतीय मूल के एफबीआई चीफ नॉमिनी काश पटेल के बाद यह पहला मौका है जब भारत ने अमेरिका को कोई दस्तावेज भेजा है जिसमें किसी गैंगस्टर का जिक्र है।

ऐसे में उम्मीद है कि अनमोल को भारत लाया जाएगा। बता दें कि पिछले दिनों अमेरिका ने 104 भारतीयों को डिपोर्ट किया था। अब भारत अनमोल बिश्नोई को डिपोर्ट करने की बात करने की तैयारी कर रहा है।



**डंकी लगाकर अमेरिका भागा था गैंगस्टर अनमोल**

मिली जानकारी के अनुसार गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई तब अमेरिका भागा था, जब उसने पंजाब सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाई थी। वह मेक्सिको से होते हुए डंकी लगाकर अमेरिका में घुसा था। जिसके बाद से उसकी गिरफ्तारी और सरेंडर की खबरें भी आईं। मगर वे सब कुछ झूठ निकला। अनमोल बिश्नोई अमेरिका से ही भारत में गैंगस्टर लॉरेंस के लिए वारदातें करवा रहा है। एनआईए ने अमेरिका के खुफिया विभाग को इनकी सूची सौंप दी है। बता दें कि गैंगस्टर लॉरेंस इस वक्त गुजरात की साबरमती जेल में बंद है।

**मुंबई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में भी अनमोल शामिल**

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के करीबी और मुंबई में मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी की गोलियां मारकर हत्या किए जाने के मामले में भी अनमोल को ही सरगना बताया गया था। उसी ने हरियाणा और पंजाब के शूटरों की मदद से प्लानिंग की और बाबा सिद्दीकी की सरेआम भरे बाजार में गोलियां मार कर फरार हो गए। इस मामले में जालंधर के नकोदर का रहने वाले जीशान अख्तर अभी भी फरार चल रहा है।

## हिमाचल के मुख्यमंत्री हुए बीमार

शिमला, 10 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बीमार पड़ गए हैं। उन्हें वायरल फीवर हो गया है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने आज की मीटिंग स्थगित कर दी है। अस्वस्थ होने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू आज सचिवालय भी नहीं आए। वह सरकारी आवास ओक ओवर में रुके हुए हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि आईजीएमसी के डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है और दवाइयां दे दी है। बता दें कि सीएम सुक्खू ने आज करुणामूलक आधार पर नौकरी के लंबित मामले निपटाने के लिए कैबिनेट सब कमेटी की मीटिंग बुला रखी थी।

## खबरें जरा हटके

### किराये पर गर्लफ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड का फील, वैलेंटाइन डे पर चलती है सर्विस, भारत में भी उपलब्ध!



एक ज़माना था कि हमें हर चीज़ के लिए दौड़ना पड़ता था. हालांकि आजकल अगर घर में चाय-चीनी खत्म है तो आप ऐप से मंगवाते हैं न? ठीक वैसे ही अगर रिश्ता भी चाहिए तो आप इसे ऐप से मंगा सकते हैं. आपको ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड भी मिल जाएंग वो भी बिना कमिटमेंट वाले. दिखावट पर चल रही दुनिया में ब्वॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड भी भाड़े पर मिल रहे हैं. एक दिन का प्यार दिखाया, फिर पैसे लेकर अपने-अपने रास्ते निकल गए. सीधा-सीधा बताएं तो ये जुगाड़ कुछ ऐसा है कि आप 'भाड़े का गर्लफ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड' ले सकते हैं. पड़ोसी देश चीन के साथ-साथ जापान और वियतनाम जैसे देशों में भी ये सर्विस मिल रही है. पड़ोसी देश चीन में साल 2018 से ही लोगों को शो ऑफ के लिए गर्लफ्रेंड हायर करने का सिलसिला चल रहा है. उस वक्त 20 मिनट की सर्विस के लिए 10 रुपये चार्ज किए जाते थे और शॉपिंग मॉल में ये सर्विस दी जाती थी.द सन की रिपोर्ट के मुताबिक स्टैंड पर 10-15 मॉडल होती थीं, जिनमें से एक को 20 मिनट के लिए 10 रुपये में हायर किया जाता था. बस उन्हें छूने या बाहर ले जाने की इज़ाजत नहीं थी.

अब ज़माना ऑनलाइन हो चुका है, तो गर्लफ्रेंड की सर्विस भी ऐप और इंस्टाग्राम के ज़रिये मिल रही है. चीन और जापान में आसानी से ऐप के ज़रिये आप अपने लिए गर्लफ्रेंड किराये पर ले सकते हैं. उनके साथ खाना-पीना, घूमना-फिरना कर सकते हैं और पैकेज के मुताबिक पैसे देकर उन्हें घर छोड़ दीजिए. इसी तरह आपको ब्वॉयफ्रेंड भी मिलता है, आप अपनी ज़रूरत बताइए और किराये पर बंदा हाज़िर हो जाएगा. वैसे आपको जानकर हैरानी होगी कि भारत में भी एक ऐप साल 2024 में मौजूद था, जो भाड़े पर ब्वॉयफ्रेंड दे रहा था. इसके लिए उसने बाकायदा हायरिंग भी निकाल रखी थी, जिसमें अच्छे दिखने वाले लड़कों का सीवी मांगा गया था. वहीं इंस्टाग्राम पर एक लड़की ने अपनी प्रोफाइल डाली थी कि वो रेंट पर गर्लफ्रेंड बनना चाहती है.

### 'दिल्ली' कहां से आया ये शब्द कैसे पड़ गया राजधानी का नाम, शायद ही जानते होंगे आप!




हमारे आसपास बहुत सी ऐसी चीज़ें होती हैं, जिनके बारे में हम बचपन से ही सुनते आए हैं. इनमें से कुछ ऐसे भी तथ्य हैं, जिन्हें हम सुनकर नज़रअंदाज़ भी कर देते हैं और इस पर ध्यान ही नहीं देते कि इसका मतलब क्या होता है. ऐसे ही भारत की राजधानी के तौर पर नई दिल्ली को सभी जानते हैं, लेकिन क्या कभी सोचा है कि आखिर दिल्ली को दिल्ली कहते क्यों हैं? राजधानी दिल्ली का नाम हम बचपन से सुनते आए हैं. ये नाम थोड़ा सा अलग भी लगता है, जिसे लोग दिल और दिलवालों से जोड़ते हैं. क्या वाकई दिल्ली का नाम दिलवालों की वजह से पड़ा या इसका मतलब कुछ और है? यहां इतने सालों तक मुगलों ने राज किया और फिर अंग्रेज़ों ने लेकिन इसका नाम किसी मुगल बादशाह या अंग्रेज़ी अफसर के नाम पर क्यों नहीं पड़ा. चलिए आज इसके बारे में ही जानते हैं.

इस बारे में भी अलग-अलग मत हैं. जो सबसे ज्यादा स्वीकार्य मत है, उसके मुताबिक इतिहासकार मानते हैं कि राजा ढिल्लू ने 800 ईसा पूर्व के आसपास दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में अपना शहर बसाया. उन्हें प्यार से धिल्लू और दिलू भी कहा जाता था. उन्हीं के नाम पर इस शहर का नाम ढिल्ली या दिल्ली रखा गया है. जहां उन्होंने ये शहर बसाया, वहीं आगे चलकर कुतुबमीनार बनाई गई. वहीं कुछ इतिहासकार मानते हैं कि तोमरवंश के राजा ने इस जगह के दिल्ली ट्राएंगल वाले हिस्से को मिलाकर अनंगपुर बनाया. बाद में इसे 10 किलोमीटर आगे करके इसका नाम लाल कोट रखा, जो करीब सौ साल तक रहा. जब 1164 में पृथ्वीराज चौहान ने यहां कई किलों का निर्माण कराया और इस शहर को किला राय पिथोरा कहा गया. वहीं कुछ लोग ये भी मानते हैं कि दिल्ली शब्द दहलीज़ या देहली से लिया गया है, जिसका मतलब प्रवेश द्वार होता है.

**प्राचीन नाम था इंद्रप्रस्थ**

हम सभी जानते हैं कि दिल्ली का प्राचीन नाम इंद्रप्रस्थ था, जो आज भी यहां के एक इलाके का नाम है. ये नाम महाभारत काल में इस जगह को मिला, जब पांडवों ने श्रीकृष्ण के कहने पर स्वर्ग के राजा इंद्र और भगवान विश्वकर्मा की मदद से इसे बनाया था. इंद्र के ही नाम पर इसे इंद्रप्रस्थ कहा गया. इसके बाद इसका इतिहास सीधा राजा ढिल्लू के राज से शुरू होता है, जिसे कुछ इतिहासकारों के मुताबिक 'दिल्हीका' कहा गया, जो बाद में दिल्ली हो गया. ये मध्यकाल के सात सबसे बड़े शहरों में से एक हुआ करता था. अंग्रेज़ी में भी इसे दिल्ली संभवतः दिल्हीका नाम की वजह से ही कहते हैं.

### महिला ने पाला अनोखा शौक, सिर के बाल जमा कर गिनने का जुनून, सोशल मीडिया पर लाइक्स से कर रही कमाई!



शौक किसी भी तरह का हो सकता है. अजीब शौक पालने वालों की भी कमी नहीं है. कई लोग हैं जो अजीब चीजें जमा करते हैं. अनोखी चीजों में कई तो ऐसी होती है जिनके बारे में सुन कर सिर्फ हैरानी होती है. यूके की एक महिला को कुछ और नहीं अपने सिर के बाल जमा कर गिनने का शौक है और आप शायद यकीन नहीं करें. वह अब तक ठीक 30 हजार से ज्यादा बाल जमा कर चुकी है और एक एक को गिन कर रखा हुआ है. लिव रोज़ अपने कलेक्शन के बालों को गिनती हैं जो उन्होंने एक हेयर ब्रश में जमा कर दीवार पर टांग रखे हैं. महिला के बाल 22. 5 इंच लंबे हैं, जो अब कमर की नीचे तक पहुंच चुके हैं. उनका रूटीन बहुत ही सख्त है, उनके शौक के जुनून का आलम ये है कि बीते चार से उनके बालों की संख्या जो 30 हजार तक पहुंची है, उनका इरादा संख्या को एक लाख तक पहुंचाने का इरादा है.

लिव बालों की गिनती का हिसाब किताब एक नोटबुक में दर्ज कर रखती हैं. इसके अलावा वो अपने शौक के सफर को सोशल मीडिया पर भी शेयर करती हैं. वे बताती हैं कि शुरू में उनके बाल अच्छे से जमा करने की कोई योजना नहीं थी. उन्हें केवल बाल सम्भाल कर रखने का शौक था और वे उसे विग में बदलने का सोचा करती थीं. अब यही बाल जमा करने का शौक लिव की आमदनी का जरिया हो गया है क्योंकि उनके टिकटॉक वीडियो को 3.82 करोड़ लाइक्स मिल चुके हैं और उनके 447000 फॉलोअर्स बन चुके हैं. वे दावा करती हैं कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगता है और ना ही वे इसमें बहुत ज्यादा खर्च करती हैं.

सुविचार: देर से बनो मगर जरूर कुछ बनो, क्योंकि वक्त के साथ लोग खैरियत नहीं हैसियत पूछते हैं।

# रेत की कालाबाजारी को रोकने के लिए सीएम के तेवर सख्त

### इंदिरम्मा घरों को मुफ्त रेत उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इंदिरम्मा घरों को मुफ्त रेत उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने का आदेश दिया। आम उपभोक्ताओं को कम कीमत पर रेत उपलब्ध हो, इसके लिये कार्यवाही करने की भी मुख्यमंत्री ने की है। सीएम ने अधिकारियों को लंबित बिलों का तुरंत भुगतान करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी रोकने और गरीबों को बालू उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाया जाए। सीएम ने अधिकारियों को रेत माफियाओं पर नकेल कसने का आदेश दिया। उन्होंने कहा अधिकारियों को बालू घाटों का तुरंत निरीक्षण करना चाहिए। सीएम का कहना है कि बालू तस्करी में चाहे कितने भी लोग और कोई शामिल हों, उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री को रेत परिवहन की निगरानी के लिए विशेष अधिकारियों की नियुक्ति करनी चाहिए। जिलेवार कलेक्टर और एसपी को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने हाइड्रा को हैदराबाद के आसपास रेत की तस्करी पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा रेत के अवैध परिवहन पर सतर्कता एवं प्रवर्तन निगरानी स्थापित करेंगे।

हर रेत घाट पर 360 डिग्री कैमरे और सोलर लाइट लगाने का आदेश दिया गया है। यह सुझाव दिया गया है कि रेत स्टॉक यार्ड में प्रवेश और निकास के साथ सख्त बाड़बंदी की व्यवस्था की जानी चाहिए। परिवहन के लिए पंजीकृत लॉरियों को सूचीबद्ध करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि बुकिंग के 48 घंटे के भीतर रेत ग्राहक तक पहुंच जाए। सीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था होनी चाहिए कि क्षेत्रवार निकटतम बालू पहुंच क्षेत्र से ही बालू उपभोक्ताओं तक पहुंचे। ग्राहकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित पोर्टल स्थापित किया जाना चाहिए। समस्या होते ही उसका समाधान किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि रेत निर्धारित मूल्य पर ही बेची जाए। सीएम को रेत परिवहन करने वाले वाहनों के लिए ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित करना चाहिए और अवैध परिवहन पर अंकुश लगाना चाहिए। सीएम ने ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम में कई बदलाव का सुझाव दिया।सीएम ने कहा कि बुकिंग का समय बदलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध परिवहन में मदद करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। सीएम ने साफ किया कि किसी की उपेक्षा नहीं की जाएगी। सीएम ने कहा कि जरूरत पड़ी तो वह खुद औचक निरीक्षण करेंगे।

## मुख्य पुजारी पर हमला करने के आरोप में 5 और गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मोइनाबाद पुलिस ने चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी सीएस रंगराजन पर कथित हमले के सिलसिले में दो महिलाओं समेत पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। राम राज्यम संगठन के संस्थापक कोव्वुरी वीर राघव रेड्डी (45) को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और मामले में रिमांड पर लिया था। पुलिस के अनुसार, राघव रेड्डी ने रंगराजन से आर्थिक मदद करने और राम राज्यम सेना में लोगों की भर्ती करने की मांग की थी। डीसीपी (राजेंद्रनगर) सीएच श्रीनिवास ने कहा कि राघव रेड्डी ने 2022 में फेसबुक समेत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राम राज्यम शुरू किया और एक यूट्यूब चैनल भी संचालित कर रहा है।

उन्होंने कुछ भगवद गीता के श्लोक पोस्ट किए और दर्शकों को हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। अधिकारी ने बताया कि उसने उसी चैनल पर यह भी पोस्ट किया था कि जो लोग अपना पंजीकरण कराएंगे, उन्हें 20,000 रुपये प्रति माह वेतन के साथ राम राज्यम सेना के रूप में भर्ती किया जाएगा। पोस्ट के जवाब में, 25 सदस्यों ने 24 जनवरी को तनुकु में राघव रेड्डी से मुलाकात की। 4 दिनों के प्रवास के बाद, वे सभी कोटप्पाकोंडा गए, जहां प्रत्येक व्यक्ति से 2,000 रुपये का योगदान एकत्र किया गया और स्थानीय दर्जी से वर्दी सिलवाई गई। डीसीपी ने कहा कि वर्दी मिलने के बाद फरवरी को, वे सभी हैदराबाद के याप्रल में एक स्वतंत्र घर में मिले और संगठन की पृष्ठभूमि के साथ वर्दी में तस्वीरें और वीडियो लिए। अगले दिन वे सभी तीन वाहनों में चिलुकुर गए और मुख्य पुजारी को धमकाकर उन पर हमला किया। पांचों लोगों को अदालत में पेश किया गया और रिमांड पर लिया गया।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

PUB/0142

**प्रपत्र 10-01**
**सार्वजनिक अधिसूचना**

इसके द्वारा सभी रेलेवे लाइन्स के उपयोगकर्ताओं एवम् विवरित खण्ड के तहत पूर्ण खण्ड पर स्थित परिसरों को सूचना दी जाती है कि, **सेक्शनः सिकंदराबादः** काझीपेट-विजयवाडा सेक्शन के बीच विद्युतीकरण सहित नई बीजी तीसरी लाइन का निर्माण कार्य-यात्रियों की ढुलाई के लिए, डोर्नकल जंक्शन(बायपास) (डीकेजे) एवम् खम्मम(केएमटी) स्टेशनों के बीच किमी 463.257 से किमी 482.850 तक विद्युतीकरण सहित नई बीजी तीसरी लाइन का प्रारंभ।

दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे) से जुडे डोर्नकल जंक्शन(बायपास) (डीकेजे) तथा खम्मम (केएमटी) स्टेशनों के बीच ओएचइ लोकेशन 463/सी4 (किमी/सीएच 463/158.40) से 482/सी18 (किमी/सीएच 482/901.30एम) के डोर्नकल जंक्शन (बायपास) (डीकेजे) एवम् खम्मम(केएमटी) दमरे स्टेशनों पर, 25000 वोल्टस, 50एचजेड, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स को, दि.10-03-2025 को या इसके पश्चात् उर्जावान या एनर्जाइज किया जायेगा। अतः उपरोक्त निर्दिष्ट तिथि को या उसी तिथि को ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को सभी समय पर सक्रिय या लाईव माना जायेगा। इसके चलते उपरोक्त ओवरहेड लाइन के परिसर में कोई भी अनधिकृत व्यक्ति न जा सकेगा या न कोई कार्य ही कर सकेगा।

**प्रपत्र 10-2**
**(एसीटीएम पैरा 21020, वाल्यूम II, पार्ट I - करेक्शन स्लिप नं.32, दि.9-10-2020)**
**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का प्रारंभ**
**सडक इस्तेमाल करनेवालों को चेतावनी**

निम्न सेक्शन के 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के प्रारंभ के बारे में सभी जनता को अधिसूचित किया जाता है कि, **सेक्शनः सिकंदराबादः** काझीपेट-विजयवाडा सेक्शन के बीच विद्युतीकरण सहित नई बीजी तीसरी लाइन का निर्माण कार्य- यात्रियों की ढुलाई के लिए, डोर्नकल जंक्शन(बायपास) (डीकेजे) एवम् खम्मम(केएमटी) स्टेशनों के बीच किमी 463.257 से किमी 482.850 तक विद्युतीकरण सहित नई बीजी तीसरी लाइन का प्रारंभ।

दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे) से जुडे डोर्नकल जंक्शन(बायपास) (डीकेजे) तथा खम्मम (केएमटी) स्टेशनों के बीच ओएचइ लोकेशन 463/सी4 (किमी/सीएच 463/158.40) से 482/सी18 (किमी/सीएच 482/901.30एम) के डोर्नकल जंक्शन (बायपास) (डीकेजे) एवम् खम्मम(केएमटी) दमरे स्टेशनों पर, अत्यधिक उंचाई के भार के संपर्क में आने या सक्रिय ट्रैक्शन वायर के खतरनाक स्थिति को रोकने या इससे बचने के लिए, सडक स्तर के उपर, सभी लेवल क्रासिंग्स पर, स्पष्ट रुप से अधिकतम 4.78एम हाइट गेजेस लगाए गये हैं।

अतः आम जनता को अधिसूचित किया जाता है कि, लोडिंग व्हीकल्स या वाहनों में लदान करते समय उपरोक्त निर्दिष्ट उंचाई के निर्देश का पालन करें तथा इस बात पर पूरा ध्यान दें कि, सडक वाहनों में लदान किया गया भार किसी भी परिस्थिति में उपरोक्त हाइट गेजेस का कतई उल्लंघन न करता हो।

**अत्यधिक उंचाई के भार के जोखिम निम्न प्रकार है:**

I) हाइट गेज को खतरा एवम् रेलवे लाइन सहित सडक पर भी अवरोध

II) वाहन में लदान की गयी सामग्री या उपस्करों या तत्संबंधित वाहन को खतरा

III) आग का खतरा एवम् कंडक्टर्स के संपर्क में आने या इसके खतरनाक परिसर के संपर्क में आने से जिंदगी का जोखिम।

A0186 **उप मुख्य बिजली अभियंता/निर्माण/विजयवाडा**

# केसीआर और रेवंत रेड्डी के शासन में बहुत अंतर है : कविता



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के एमएलसी कलवकुंतला कविता ने आज दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर और वर्तमान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के शासन में बहुत अंतर है। केसीआर का शासन आईफोन की तरह था जबकि रेवंत रेड्डी का शासन चीनी शासन की तरह है क्योंकि यह ठीक से काम नहीं करता है। बड़ी-बड़ी बातें करके पिछड़े वर्ग के वोट लेने वाले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तुरही बजाई। गणना से यह क्यों नहीं पता चलता कि किस जाति की कितनी आबादी है। कविता जगतियाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने पिछड़े वर्ग संघों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री खुद क्यों नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बीसी आंदोलन के नेताओं से बात करने में विफल रहना बीसी का अपमान है। कविता ने मांग की कि मुख्यमंत्री को बीसी समुदाय संघों के साथ बातचीत करनी चाहिए और कहा कि उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा जब तक बीसी को 42 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि सभी बीसी को एक और तेलंगाना संघर्ष जैसे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि गलत जनगणना के कारण बीसी समुदाय पीड़ित है और कहा कि 2014 में ही, केसीआर ने गणना की थी कि राज्य में 52 प्रतिशत बीसी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गलत गणना करके संसद को गुमराह किया है। स्थानीय निकायों में 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए कोई विधेयक क्यों नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 420 वादों के साथ सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी ने लोगों को धोखा दिया है और कहा कि किसानों को सूखे खेत दिखाकर पीड़ा हो रही है। उन्होंने दावा किया कि केसीआर के खिलाफ गुस्से के कारण मेडिगड्डा परियोजना का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

## ट्रक ने 2 छात्राओं को मारी टक्कर

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार सुबह शमीरपेट में रेडीमिक्स ट्रक की चपेट में आने से दो छात्राएं घायल हो गईं।

शमीरपेट के अंतयापल्ली गांव की रहने वाली भवानी और गायत्री कॉलेज जाने के लिए बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रही थीं, तभी रेडीमिक्स ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों छात्राएं घायल हो गईं और उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन किया और चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए यातायात जाम कर दिया। पुलिस ने उन्हें शांत कराया और तितर-बितर किया।

# बीआरएस ने तेलंगाना के सिंचाई क्षेत्र को विफल किया : टीपीसीसी



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के प्रवक्ता सैयद निजामुद्दीन ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर सिंचाई परियोजनाओं पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। बीआरएस एमएलसी के कविता द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए, उन्होंने पिछली बीआरएस सरकार पर सिंचाई परियोजनाओं के कुप्रबंधन और पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना (पीआरएलआईपी) के लिए राष्ट्रीय दर्जा हासिल करने में विफल रहने का आरोप लगाया। निजामुद्दीन ने आरोप लगाया कि बीआरएस और भाजपा 2014 से 2023 तक गुप्त सहयोगी थे, लेकिन अब राजनीतिक विरोधी होने का दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस सरकार के पास पीआरएलआईपी के लिए राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मांगने के लिए दस साल थे, लेकिन उसने कभी भी आवश्यक प्रारूप में उचित प्रस्ताव पेश नहीं किया। 30 से अधिक बार प्रतिनिधित्व करने के बावजूद, पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को मनाने में विफल रहे।

अब सत्ता गंवाने के बाद बीआरएस नेता अपनी दशक भर की विफलताओं के लिए महज कुछ महीनों से सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं। टीपीसीसी नेता ने बीआरएस सरकार पर सिंचाई परियोजनाओं पर हजारों करोड़ रुपये का सार्वजनिक धन खर्च करने लेकिन परिणाम देने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, कालेश्वरम परियोजना को संरचनात्मक क्षति हुई और एक लाख एकड़ भूमि की भी सिंचाई नहीं हो पाई।

इसी तरह, पीआरएलआईपी पर 27,500 करोड़ रुपये खर्च किए गए, फिर भी एक एकड़ जमीन को पानी नहीं मिला। बीआरएस शासन ने परियोजना की लागत को कई बार बढ़ाया, जिससे वित्तीय अनियमितताएं हुईं और परियोजनाएं अधूरी रह गईं। उन्होंने सीताराम परियोजना की लागत में बिना किसी भूमि की सिंचाई के 9,000 करोड़ रुपये से 23,000 करोड़ रुपये तक की वृद्धि का भी हवाला दिया। टीपीसीसी प्रवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि बीआरएस सरकार ने आंध्र प्रदेश में रायलसीमा लिफ्ट सिंचाई योजना (आरएलआईएस) के निर्माण में मदद की, जिससे तेलंगाना के सिंचाई हितों को चोट पहुंची। उन्होंने बीआरएस नेताओं पर आवश्यक कार्रवाई में देरी करने और आरएलआईएस का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में विफल रहने का आरोप लगाया, जिसके कारण केंद्र ने पीआरएलआईपी और आरएलआईएस को समान परियोजनाओं के रूप में माना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार सिंचाई क्षेत्र में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, बीआरएस के विपरीत, जिसने खोखले वादे किए, कांग्रेस सरकार ने इस साल सिंचाई के लिए 22,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें पूंजीगत कार्यों के लिए 11,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। पीआरएलआईपी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम दिसंबर 2026 तक इसे पूरा करना सुनिश्चित कर रहे हैं। यह परियोजना 12.3 लाख एकड़ को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराएगी और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। निजामुद्दीन ने के कविता और हरीश राव समेत बीआरएस नेताओं पर कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार तेलंगाना की सिंचाई परियोजनाओं को कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) को सौंपने के लिए सहमत नहीं हुई है, जैसा कि बीआरएस ने दावा किया है।

# हिंदू धर्म एक महासागर की तरह है, जिसमें कई नदियां समाहित : कोंडा सुरेखा

### मंत्री ने चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन से मुलाकात की



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यावरण, वन और धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि हिंदू धर्म एक महासागर की तरह है जो कई नदियों को जोड़ता है और यही हिंदू धर्म की महानता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि रावण राम राज्य के नाम पर तेलंगाना राज्य में अशांति पैदा करेगा तो ठीक नहीं है। मंत्री सुरेखा ने चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन और उनके पिता सौंदर्या राजन से मुलाकात की, जो हमले में घायल हो गए थे और अपने आवास पर गहरे शोक में थे।

मंत्री ने उनके परिवार को आश्वासन दिया कि सीएम रेवंत रेड्डी की सरकार हर समय उनके साथ खड़ी रहेगी। मंत्री सुरेखा ने सीएस रंगराजन पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। असामाजिक ताकतें अपने हितों के लिए राम के नाम पर राजनीति कर रही हैं और शांतिपूर्ण तेलंगाना समाज को परेशान करने वाले किसी भी कार्य को सख्ती से दबाने का फैसला किया है।

मंत्री ने कहा कि अति प्राचीन हिंदू धर्म में जिनकी अपनी-अपनी मान्यताएं हैं और अपनी मान्यताओं को दूसरों पर थोपना उन्हें उनकी स्वतंत्रता से वंचित करना है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के नाम पर हिंसा करना दुखद है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन धर्म पर कायम रहकर बिताया। उन्होंने कहा कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के मुताबिक सजा दी जाएगी। मंत्री सुरेखा ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ऐसी हरकत की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी में मिर्च की एक लाख बोरियां पहुंची

### व्यापारियों के रहमोकरम पर किसान



खम्मम, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम कृषि मंडी जिले में मिर्च की भारी मात्रा में आवक के साथ ही व्यापारियों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। कथित तौर पर व्यापारियों ने बाजार में कीमत को नियंत्रित करने के लिए एक सिंडिकेट बना लिया है।

पिछले साल 21,000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिकने वाली मिर्च को जेंदा पाटा में अधिकतम 14,000 रुपये प्रति क्विंटल की पेशकश की गई है।

दो दिनों की छुट्टियों के बाद, खम्मम, कोत्तागुडेम, महबूबाबाद, सूर्यपेट के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के किसानों द्वारा लगभग एक लाख बोरियां मिर्च बाजार में लाई गई हैं।

तेलंगाना रैतु संघम के अध्यक्ष बी हेमंत राव ने आरोप लगाया कि बाजार खुलने के बाद से जेंदा पाटा में केवल कुछ व्यापारी ही आ रहे हैं। कई व्यापारी मूल्य बोली से दूर रह रहे हैं, ताकि उपज को दी जाने वाली कीमत कम हो। कुछ दिन पहले किसानों और सीपीआई कार्यकर्ताओं द्वारा बाजार में विरोध प्रदर्शन करने के बाद जेंदा पाटा की कीमत 13,000 रुपये तय की गई थी, जबकि कीमत 14,200 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि एक घंटे के भीतर बोली मूल्य कैसे बदल सकता है, इससे पता चलता है कि व्यापारियों द्वारा किसानों का किस तरह से शोषण किया जा रहा है। जिन अधिकारियों को किसानों के हितों की रक्षा के लिए लाभदायक मूल्य सुनिश्चित करना चाहिए था, वे व्यापारियों के इशारे पर काम कर रहे थे और किसानों के हितों को नुकसान पहुंचा रहे थे। हेमंत राव ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिर्च किसानों को समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने में विफल रही है।

# ट्रेन संचालन और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता

### महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ बैठक की



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सोमवार को सिकंदराबद रेल निलयम में ट्रेन संचालन की सुरक्षा और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा के प्रावधान पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। समीक्षा बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने डीआरएम को उन सभी रणनीतिक स्थानों पर सुरक्षा की निगरानी के लिए बड़े पैमाने पर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली लगाने की सलाह दी, जहां यह कवर नहीं है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी प्रणाली शरारती गतिविधियों की रोकथाम में प्रभावी और महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने मंडल अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने की सलाह दी कि सभी स्थिर कोच ठीक से लॉक हों और स्टेशन क्षेत्रों, यार्ड और साइडिंग सहित रेलवे परिसर में सुरक्षा उपायों का पालन किया जाए। महाप्रबंधक ने सभी डीआरएम को रनिंग स्टाफ (लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और गार्ड) के लिए अनिवार्य गतिविधियों का संचालन करने के लिए विस्तृत अभियान चलाने का निर्देश दिया, जिसमें लोको की जांच, सुरक्षा उपकरण की उपलब्धता, सुरक्षा साहित्य और ड्यूटी करते समय सावधानी आदेश का पालन शामिल है। उन्होंने लोको इंस्पेक्टरों द्वारा ड्यूटी पर आने से पहले रनिंग स्टाफ को उचित आराम करने और उचित स्वास्थ्य बनाए रखने की सलाह देने पर जोर दिया। अरुण कुमार जैन ने जोन में धुआं पता लगाने वाले उपकरणों, कोहरे सुरक्षा उपकरणों, अग्निशामक यंत्रों आदि जैसी अग्नि सुरक्षा सुरक्षा वस्तुओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने की सलाह दी। अरुण कुमार जैन ने पूरे जोन में ट्रेनों के समयपालन प्रदर्शन की समीक्षा की।

## एमएलसी चुनाव की नामांकन भरने की अंतिम तिथि समाप्त

करीमनगर, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गई। इस संदर्भ में करीमनगर स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए नामांकनों की बाढ़ आ गई है। अब तक 60 से अधिक नामांकन दाखिल किए जा चुके हैं। चुनाव के लिए दाखिल नामांकनों की मंगलवार को जांच की जाएगी। इस संदर्भ में करीमनगर-निजामाबाद-आदिलाबाद-मेदक स्नातक, शिक्षक एमएलसी और नलगोंडा-खम्मम-वारंगल शिक्षक एमएलसी के लिए अब तक कुल 85 नामांकन दाखिल किए जा चुके हैं। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 13 फरवरी को समाप्त होगी। एमएलसी चुनाव के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। चुनाव परिणाम 3 मार्च को घोषित किए जाएंगे और इसकी प्रक्रिया 8 मार्च तक पूरी हो जाएगी।



# राष्ट्रपति ने महाकुंभ में डुबकी लगाई

## सूर्य को अर्घ्य दिया, हनुमान मंदिर में दर्शन किए; भीड़ के चलते संगम स्टेशन बंद करना पड़ा





प्रयागराज, 10 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं।

यहां दर्शन-पूजन किया। अब अक्षयवट जाएंगी। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी हैं। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया। राष्ट्रपति शाम चार बजे तक प्रयागराज में रहेंगी। द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।

## बुर्के में महिला 55 लाख का सोना लेकर भागी

लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ के सर्राफा बाजार में बुर्का पहनकर पहुंची महिला ने 55 लाख की ज्वेलरी पलक झपकते गायब कर दी। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। घटना चौक इलाके की है। महिला दोपहर 12.30 बजे दुकान पहुंची। दुकानदार से सोने की रिंग दिखाने के लिए बोली। सेल्समैन भूवन त्रिपाठी रिंग दिखाने के लिए पूरा बॉक्स लेकर आया। इस दौरान देखते ही देखते महिला उस बॉक्स से ज्वेलरी निकाल ली।

दरअसल, किरधारी लाल इंद्र प्रसाद नाम से कृष्णा रस्तोगी ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं। वह बीएल ब्रांड की ज्वेलरी बेचते हैं। दुकान में महिला सामान खरीदने के बहाने घुसी। ज्वेलरी देखते समय कर्मचारी को अपनी बातों में फंसा ली। उसका ध्यान हटा तो जेवर लेकर भाग गई।

# मां का खौफनाक कदम : गला घोंटकर दो बेटियों को मार डाला

## फिर चाकू से काट ली गर्दन, घर में चारों तरफ बिखरा खून

अमरोहा, 10 फरवरी (एजेंसियां)। नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के बहादुरपुर खुर्द की रहने वाली सोनिया ने अपनी बेटी अनुष्का (9) और किट्टो (5) की कपड़े से गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में सोनिया ने चाकू से अपनी भी गर्दन काट ली। सोनिया को घर के आंगन में लहूलुहान हालत में पड़ा देखकर उसकी बड़ी बहन ने शोर मचा दिया।
थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने सोनिया को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया है। उधर, अनुष्का और किट्टो को मृत अवस्था में देखकर परिजनों के होश उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्तल पर साक्ष्य जुटाए। सोनिया ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया पुलिस इसकी जांच कर रही है। परिजन और ग्रामीण भी अंजान बने हुए हैं। आत्मघाती कदम उठाने वाली सोनिया गांव में रहने वाले कौपीन की पत्नी है। दोनों की शादी करीब दस साल पहले हुई थी। सोनिया का मायका मेरठ के मुजफ्फरनगर के खतौली का है। सोनिया की बड़ी बहन पूनम भी कौपीन के बड़े भाई रामभूल को ब्याही है। पुलिस के मुताबिक तीन भाइयों में मझले कौपीन नोएडा में नौकरी करता है। शनिवार को वह घर आया था, इसके बाद सोमवार की सुबह नोएडा के लिए चला गया। लेकिन, दोपहर करीब 12 बजे उसकी पत्नी सोनिया ने ये आत्मघाती कदम उठा लिया। सोनिया ने अपनी दोनों बेटियों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद आत्महत्या करने की कोशिश क्यों की पुलिस इसकी बारीकी से जांच कर रही है। सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, सीओ पंकज त्यागी समेत आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# जमीन व मकान के लिए बहन और भांजी की गोली मार कर हत्या

इटावा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। इटावा में जमीनी विवाद में एक भाई ने अपनी मासूम भांजी समेत अपनी छोटी बहन की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। हत्याकांड की वजह करोड़ों की संपत्ति बताई जा रही है, जिसे सेवानिवृत्त सीएमओ लवकुश चौहान ने अपनी बेटी के नाम कर दिया था।

चार साल पहले लवकुश चौहान ने 75 बीघा जमीन में से 25 बीघा और इटावा शहर के करमगंज स्थित करीब एक करोड़ के मकान को अपनी छोटी बेटी ज्योति चौहान के नाम कर दिया था। इसी को लेकर ज्योति के बड़े भाई हर्षवर्धन ने न्यायालय में वाद भी दायर किया था। इस घटना से पूर्व भी हर्षवर्धन के ऊपर प्रॉपर्टी के विवाद में जानलेवा हमला, मारपीट करने का भी आरोप लगे थे। ज्योति चौहान ने राहुल मिश्रा से 2019 में प्रेम विवाह किया था। रिटायर्ड सीएमओ के तीन बच्चे थे जिनमें दो बेटी और एक बेटा है। पत्नी के देहांत के बाद से ज्योति अपने पिता की सेवा करती थी, जिसपर पिता ने कुछ खेती और मकान उसके नाम किया था। इसी बात से बेटा हर्षवर्धन नाराज था। रविवार रात करीब दस बजे थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के पेट्रोल पंप के बगल में स्थित पूर्व सीएमओ लव कुश के मकान से गोलियां चलने की आसपास के लोगों को आवाज सुनाई दी। जिसके थोड़ी देर बाद पिता लवकुश अपने घर की छत पर खड़े होकर जोर जोर से चीखने लगे कि मार दिया मेरी बेटी को। इसके बाद आसपास के लोग वहां इकट्ठा होने लगे। घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। ज्योति चौहान का पति राहुल अपनी बेटी ताशू (3) और पत्नी को खून से लथपथ हालत में स्कूटी पर लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने दोनों का मेडिकल परीक्षण करके मृत घोषित कर दिया।

## पति की मौत के बाद पत्नी ने भी दम तोडा

बहराइच, 11 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के बहराइच में सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत के दो घंटे बाद वियोग में पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। घर से एक साथ दो लाशें उठीं तो घरवाले चीख पड़े। मामला खैरीघाट थाना क्षेत्र के भलुहिया गांव का है।
गांव निवासी महेश प्रताप सिंह ने बताया कि पिता जगेश्वर सिंह (78) की बीमारी के चलते रविवार की आधी रात 2 बजे मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मां उत्तरा देवी (75) से पिता की मौत का गम सह ना सकी। सुबह 4 बजे उनकी मौत हो गई। बताया पिता जगेश्वर वर्ष 2008 में मैकूपुरवा स्थित सरकारी स्कूल से बेसिक जूनियर अध्यापक की पद से सेवानिवृत हुए थे।

# नवादा में बनेगा मेडिकल कॉलेज, करोड़ों की सौगात देने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया यह एलान

नवादा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर नवादा पहुंचे हैं। उन्होंने नवादावासियों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं सौगत दी। इसके लिए पहले ही 112 शिलापट्ट स्थापित किए गए थे। और, 70 स्थलों का निरीक्षण किया गया था। रजौली के करिगांव में सीएम नीतीश कुमार ने सरकारी विभाग और जीविका दीदियों के काम से जुड़े स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि नवादा जिले में सब तरह के काम करा दिये हैं कुछ नये काम और कराये जायेंगे।
सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जैसा हमने पहले बता दिया है कि नवादा में मेडिकल कॉलेज एवं



अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा। इसके जमीन चिहिन्त करने हेतु शीघ्र ही पटना से टीम भेजी जायेगी। वहीं इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त नवादा जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।
अपनी इस यात्रा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिला के लिए कई सौगात दिए। सबसे पहले वह गोविंदपुर प्रखंड के महावारा गांव पहुंचे। यहां जदयू नेताओं ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने गोविंदपुर प्रखंड के महावारा गांव के लिए सकरी नदी पर पुल का शिलान्यास किया। इसके बाद रजौली में डिग्री कॉलेज के शिलान्यास किया। साथ ही साथ 104 अलग-अलग विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अकबरपुर दौरे के दौरान खेल मैदान का उद्घाटन भी किया। इसके अलावा नवादा सदर प्रखंड के नहर पर बाइपास और नए सर्किट हाउस का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक की और कई दिशा निर्देश दिए।

## रिटायर्ड दरोगा की पीट-पीटकर हत्या

मुरादाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। मुरादाबाद में रिटायर्ड दरोगा की ठेकेदार और उसके साथियों ने बल्लियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसकी डेड बॉडी को सीढियों से नीचे फेंक दिया। ठेकेदार ने दरोगा की सोने की अंगूठी और चेन भी लूट ली। इसके बाद बेटे को फोन कर बताया कि उसके पिता की छत से गिरकर मौत हो गई है। हादसा समझकर बेटे ने पिता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना मझोला थाना क्षेत्र की 19 जनवरी की है। बेटा जब पुलिस के पास अंगूठी और चेन का सवाल लेकर पहुंचा तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। मुरादाबाद के बुद्धि विहार में दरोगा अतेंद्र सिंह परिवार के साथ रहते थे। दो माह पहले ही वह सहारनपुर से सेवानिवृत्त हुए थे।

## इलाज कराने पहुंचे दारोगा पर चाकू से हमला

आरा(भोजपुर), 11 फरवरी (एजेंसियां)। भोजपुर में चोरी कर रहे सगे भाइयों मो.सोनू (22) और मो.फिरोज (20) को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़ने के बाद स्थानीय लोगों ने उनकी जमकर पिटाई की। वहीं घटना की सूचना पाकर टाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस, जख्मी चोरों का इलाज कराने आरा सदर अस्पताल पहुंची। वहीं इलाज कराने आई पुलिस पर मौका देखकर आरोपी चोर मो. फिरोज ने छुरा निकालकर पुलिस पर हमला कर दिया। घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला स्थित जूहूर आईटीआई के समीप की है। घायल चोरों की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी रौशन साई के बेटों के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों सगे चोर भाई रविवार की देर शाम आनंद नगर मोहल्ला स्थित जहूर आईटीआई के समीप नवनिर्मित मकान में घुसकर सरिया और लोहा चुरा रहे थे।

# झांसी में जीजा-सरहज की लाश पेड़ पर लटकी मिली

## > युवती की 9 माह पहले हुई थी शादी > सात दिन से गायब थे दोनों

झांसी, 11 फरवरी (एजेंसियां)। झांसी में जीजा और सरहज (साले की पत्नी) की लाश पेड़ पर लटकी मिली है। दोनों अपने-अपने घर से 7 दिन से लापता थे। शव भी 6 से 7 दिन पुराने हैं। सरहज की 9 माह पहले ही शादी हुई है। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। जिसका पता परिजनों को चल गया था। उनके रिश्ते में परिजन रोड़ा बन रहे थे, इसलिए दोनों ने घर से भागकर जंगल में पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रविवार शाम सदर बाजार थाना क्षेत्र के भगवंतपुरा के कचरा घर के पीछे जंगल की है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर मामले जांच शुरू कर दी है।
युवक की शादी को 9 साल हो गए पुलिस के अनुसार, बरुआसागर के मातवानाखोर मोहल्ला निवासी प्यारेलाल कुशवाहा (32) पुत्र



धमंडी प्लम्बर का काम करता था। उसकी शादी 9 साल पहले निवाड़ी के तरीचरकलां गांव निवासी शगुन से हुई थी। उनके 7 साल का बेटा और 5 साल की बेटी है। सब कुछ ठीक चल रहा था। करीब 9 माह पहले प्यारेलाल के साले धनेंद्र कुशवाह की शादी आरती (26) से हुई थी। जीजा-सलहज की वजह से प्यारेलाल और आरती आपस में बातचीत करते थे। कुछ दिन में ही ये बातचीत प्यार में बदल गई। इस रिश्ते की भनक आरती के पति को लग गई थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होने लगा था। इसके बाद परिजन और रिश्तेदार भी इस रिश्ते के खिलाफ हो गए थे।
7 दिन पहले घर से निकले थे दोनों प्रेम प्रसंग में परिजन रोड़ा बने तो आरती और प्यारेलाल को मुश्किल होने लगी थी। ऐसे में दोनों ने मरने का प्लान बनाया। दो फरवरी को आरती घर से बिना बताए निकल गई और फिर लौटकर नहीं आई। परिजनों ने तलाश करते हुए छानबीन शुरू की। तब पता चला कि प्यारेलाल भी घर से लापता हैं। काफी ढूंढ़ने के बाद भी दोनों नहीं मिले। तब आरती के ससुराल वालों ने निवाड़ी थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी थी। मगर दोनों का कोई पता नहीं चल रहा था।

**दुपट्टा-मफलर जोड़कर एक साथ लटके**

पुलिस के अनुसार, रविवार को भगवंतपुरा में कचरा घर के पीछे जंगल में चरवाहे अपने जानवर चरा रहे थे। तभी उनको एक पेड़ पर युवक-युवती की लाश लटकी दिखी। 112 पर सूचना दी तो सदर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों दुपट्टा और मफलर जोड़कर एक साथ पेड़ पर लटके हुए थे।

# ट्रक की टक्कर से शिक्षक और बेटी की मौत

## पत्नी-बेटा घायल, एक ही बाइक पर सवार था पूरा परिवार

बरेली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रात को हाईवे पर खड़े ट्रक में बाइक घुस गई। हादसा अटामांडा और दमोर गांव के बीच नैनीताल हाईवे पर हुआ। हादसे में बाइक सवार शिक्षक और उनकी चार साल की बेटी की मौत हो गई। पत्नी और मासूम बेटा घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव पुरैना निवासी बुजुर्ग भगवान स्वरूप ने बताया कि रविवार को उनका बड़ा बेटा राकेश (30 वर्ष), बहू ममता (27 वर्ष), अपनी चार साल की बेटी खुशमिता, एक साल के बेटे गुड्डू को लेकर बाइक से आंवला के मनौना धाम मंदिर गया था। वहां से रात में चारों लोग दर्शन करके घर लौट रहे थे। नैनीताल हाईवे पर खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में राकेश और बेटी खुशमिता की मौत हो गई।
ममता और मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। हादसे में मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। राकेश निजी स्कूल में शिक्षक थे। पुलिस के मुताबिक बाइक का एक टायर फटा हुआ था। आशंका है कि टायर फटने से अनियंत्रित होकर बाइक ट्रक से टकराई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है।

# रेल मंत्री बोले–मुंबई सीएसटी स्टेशन की तर्ज पर होगा मुजफ्फरपुर जंक्शन का विकास, जलजमाव से मिलेगा छुटकारा

मुजफ्फरपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई सीएसटी स्टेशन की तर्ज पर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर भी जलनिकासी की आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) को निर्देश दे दिए गए हैं।
मुजफ्फरपुर जंक्शन और स्टेशन रोड पर वर्षों से जलजमाव की समस्या झेल रहे यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राहत की बड़ी घोषणा की है। मुंबई सीएसटी स्टेशन की तर्ज पर अब यहां भी माइक्रो टनलिंग विधि से रेलवे लाइन के नीचे से पानी निकासी की जाएगी। इसको लेकर रेल मंत्री ने पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के महाप्रबंधक (जीएम) को आवश्यक निर्देश दिए हैं। रेल मंत्री की इस घोषणा से मुजफ्फरपुर के लोगों को जल्द ही जलजमाव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

**रेलवे ट्रैक के नीचे जाम हो चुके नाले बने परेशानी की जड़**

मुजफ्फरपुर शहर में बरसात के दिनों में सबसे अधिक जलजमाव स्टेशन रोड, प्लेटफॉर्म और रेलवे कॉलोनी के



आसपास देखने को मिलता है। इसके पीछे मुख्य कारण रेलवे ट्रैक के नीचे बने पुराने और जाम हो चुके नाले हैं, जो वर्षों से बेकार पड़े हैं। रेलवे लाइन के कारण शहर के उत्तरी हिस्से का पानी नहीं निकल पाता है, जिससे हर साल बारिश में जलभराव हो जाता है। स्टेशन के आसपास जलजमाव से प्लेटफॉर्म और सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म पर आने वाले यात्रियों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे रेलवे की छवि पर भी असर पड़ता है। स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में जब स्थानीय लोगों ने रेल मंत्री को इस समस्या से अवगत कराया, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया और माइक्रो टनलिंग तकनीक से जल निकासी का निर्देश दिया।

**क्या है माइक्रो टनलिंग विधि? कैसे होगी जलनिकासी?**

माइक्रो टनलिंग एक आधुनिक तकनीक है, जिसका उपयोग दुनिया के कई बड़े शहरों में जल निकासी के लिए किया जाता है। इसमें रेलवे लाइन के नीचे एक सुरंग (टनल) बनाई जाती है, जिससे पानी आसानी से निकल सके। यह तकनीक न सिर्फ जलनिकासी में मदद करेगी, बल्कि जमीन के ऊपर मौजूद रेलवे लाइन या अन्य संरचनाओं को कोई नुकसान भी नहीं होगा। यह विधि तेजी से काम करने और कम समय में जलनिकासी की समस्या को हल करने के लिए जानी जाती है। अगर इस विधि को सही तरीके से लागू किया गया, तो आने वाले समय में मुजफ्फरपुर जंक्शन के आसपास जलजमाव की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**रेल मंत्री की घोषणा से जागी उम्मीद**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई सीएसटी स्टेशन की तर्ज पर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर भी जलनिकासी की आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) को निर्देश दे दिए गए हैं। रेल मंत्री की इस घोषणा से स्थानीय लोगों और यात्रियों में उम्मीद की किरण जागी है। अगर इस योजना पर जल्द अमल हुआ, तो शहरवासियों को बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी और स्टेशन का सौंदर्य भी निखरेगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सिक्कों से तौला, दिलीप जायसवाल बोले-पिता-पुत्र का हाल भी केजरीवाल जैसा होगा

दरभंगा, 10 फरवरी (एजेंसियां)। दरभंगा के कर्पूरी चौक स्थित मैदान एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलम का आयोजन किया हुआ। जिसमें एनडीए कार्यक्रताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल जदयू, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित सभी एनडीए के प्रदेश अध्यक्ष का मिथिलांचल के रीति रिवाज के अनुसार पाग चादर और बड़े से माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद देर शाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल का भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र झा के आवास पर सिक्कों तौल कर स्वागत किया गया। तराजू के एक पल्ले पर दिलीप जायसवाल बैठे वही तराजू के दूसरे पल्ले पर एक रुपये के सिक्के से भरे एक एक कर कई टोकरी राखी गयी और जब तराजू का पलड़ा बराबर हुआ तब कार्यक्रताओं का उत्साह चरम पर चला गया। लालू-तेजस्वी पर प्रहार करते कहा कि तेजस्वी यादव बेरोजगार हैं और बेरोजगार आदमी कभी कोई काम नहीं रहता है तो वह गाल बजता है। लालू परिवार



पर हमला बोलते हुए कहा कि अभी जैसे अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार से लिप्त होकर काम करते रहे। उसी तरह से हमारे यहां पिता-पुत्र तक काम करते रहे। केजरीवाल का जो हाल हुआ वही हाल इनलोगों का होगा। हमारे युवा वर्ग को राजनीत में आना चाहिए। हमलोगों की अब राजनितिक उम्र दस-बीस साल की बची है अगर आज युवा वर्ग राजनीती में आते हैं तो उन्हें अनुभव होगा और वे राजनीत में आकर देश की दिशा और दशा तय कर सकते हैं। नेता भी अपने कार्यकर्ता के इस तरह से स्वागत से काफी खुश दिखाई दिए। बाद में दिलीप जायसवाल को हनुमान जी का एक गदा भी भेंट के रूप में दिया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री हरि साहनी के आलावा, नगर विधायक संजय सरावगी, विधायक जीवेश मिश्रा के साथ कई और नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे। बताया गया कि इस सिक्कों के तौल में तकरीबन पच्चीस हजार सिक्कों का इस्तेमाल किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज एनडीए कार्यकर्त्ता सम्मलेन में शामिल होने के कारण दरभंगा आना हुआ आज सम्मलेन के बाद कई बैठक अपने नेताओं विधायक के साथ हुई।

## दिल्ली को मिलेगा नया चेहरा!

# दलित पर दांव खेल सकती है भाजपा, पीएम के अमेरिका से लौटने पर फैसला

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 13 फरवरी के बाद होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। 26 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही भाजपा चाहती है कि नई सरकार के शपथ ग्रहण में पीएम भी मौजूद रहे हैं।

इस बीच, नए मुख्यमंत्री को चुनने के लिए पार्टी में कवायद भी तेज हो गई है। रविवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नड्डा और शाह की करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में सीएम पद के लिए चेहरा तय करने और सरकार के गठन पर बातचीत हुई।




अभी कुछ और बैठकें हो सकती हैं। शनिवार को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा मुख्यालय में शीर्ष पार्टी नेताओं की बैठक हुई थी। इसमें प्रधानमंत्री भी मौजूद रहे। सीएम पद के लिए केजरीवाल को शिकस्त देने वाले प्रवेश वर्मा सहित कई नाम हैं। इस पद पर चेहरा तय करते समय बिहार विधानसभा चुनाव सहित कई सियासी समीकरणों का ध्यान रखा जाएगा। इस पद की जिम्मेदारी किसी दलित चेहरे को भी दी जा सकती है। वैसे पार्टी कोई चौंकाने वाला फैसला भी ले सकती है और किसी लो प्रोफाइल वाले नेता को भी सीएम बना सकती है, जैसा कि अन्य राज्यों में किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री पर निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

**शीशमहल में नहीं रहेगा नया मुख्यमंत्री**

विधानसभा चुनाव में चर्चा में रहा पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का सरकारी आवास चुनाव के बाद भी चर्चा के केंद्र में है। भाजपा ने तय किया है कि 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित यह इमारत नए मुख्यमंत्री का आवास नहीं रहेगा। भाजपा ने 45 करोड़ रुपये खर्च कर बनाए गए इस आवास को शीशमहल का नाम दिया था। इसे अस्थायी तौर पर लोगों के दर्शन के लिए खाली भी रखा जा सकता है।

**नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने निकाली विजय रैली**

विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले नेता अपने-अपने क्षेत्र की जनता का धन्यवाद कर रहे है। जीत का जश्न मना कर अपने हाथों से लड्डू भी खिला रहे है। करावल नगर से जीत दर्ज करने वाले कपिल मिश्रा, आदर्श नगर विधानसभा से जीतने वाले राजकुमार भाटिया, जंगपुरा से जीतने वाले तरविंदर सिंह मारवाह, मालवीय नगर से जीत करने वाले सतीश उपाध्याय समेत कई विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में विजय रैली निकाल कर जनता का धन्यवाद किया।

प्रवेश वर्मा ने अपने क्षेत्र के निवासियों के साथ अपनी सफलता का जश्न मनाया। उन्होंने जीत के बाद अपने क्षेत्र के लोगों को अपने हाथों से लड्डू खिलाए और सभी का आभार व्यक्त किया। रोहिणी विधानसभा से जीत दर्ज किए विजेंद्र गुप्ता ने जीत के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और भावी नीतियों पर चर्चा की।

मीडिया से बातचीत में प्रवेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दिल्ली के लिए जो विजन है, उसी ने हमारी सफलता को संभव बनाया। यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की है। विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभा में सीएजी की 14 रिपोर्ट्स आते ही आप सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा खुल जाएगा।

## जयराम बोले-नशा माफिया, पुलिस और नेताओं के गठजोड़ का मामला चिंताजनक, वस्तुस्थिति स्पष्ट करें सीएम

मंडी, 10 फरवरी (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है और नशा माफिया पूरे प्रदेश में तांडव मचा रहे हैं। वर्तमान में नशा माफिया, पुलिस और राजनीतिक गठजोड़ का मामला सामने आ रहा है, जो बहुत चिंताजनक और शर्मनाक है। प्रदेश में पिछले तीन हफ्तों में नशे के ओवर डोज की वजह से चार युवाओं की दुखद मौत का मामला सामने आ चुका है। जब नशा प्रदेश के युवाओं को इस तरह अपने मकड़जाल में जकड़ रहा है, उस समय में पुलिस और राजनीति से जुड़े 60 से ज्यादा लोगों की नशा माफिया के गठजोड़ से नशे के कारोबार में सहयोग करने का मामला चिंताजनक है। ऐसे हालत में नशे के खिलाफ लड़ाई को आगे कैसे बढ़ाया जा सकता है? प्रदेश के लोग किस पर भरोसा करेंगे? इस खबर से प्रदेशवासियों पर क्या बीत रही होगी जो नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई चाहते हैं। जिनके लोग नशे के मकड़जाल में जकड़े हैं, वह सरकार और पुलिस से क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह अविश्वास की स्थिति है और इसका निराकरण होना चाहिए। अभी तक जो तथ्य मीडिया के माध्यम से सामने आए हैं, सरकार उसके बारे में साफ–साफ प्रदेशवासियों को बताएं। इस मामले में सरकार की ओर से क्या कार्रवाई की जा रही है और आगे क्या कार्रवाई की जाएगी, इसके बारे में भी प्रदेशवासियों को जानने का हक है। कहा कि विपक्ष के नेता होने के नाते पूरे प्रदेश वासियों की तरफ से मांग करता हूं कि मुख्यमंत्री इस मामले में पूरी स्थिति स्पष्ट करें।



## नैमिषारण्यम परिक्रमा 1 मार्च से

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वेद व्यास पीठाधिपति अनिल कुमार शास्त्री गुरुजी ने कहा है कि प्राचीन और पवित्र नैमिषारण्य की 84-कोश परिक्रमा इस साल 1 मार्च से शुरू होगी। गुरुजी ने कहा कि व्यास पीठाधीश की भागीदारी का एकमात्र उद्देश्य नैमिषारण्य की 84-कोश परिक्रमा को विश्वव्यापी मान्यता दिलाना है। नैमिषारण्य से शुरू होकर मिश्रिख में समाप्त होने वाली परिक्रमा 11 प्रमुख पड़ावों से होकर गुजरेगी, जिनमें कोरौना, हरैंया, कोथावां, गिरधरपुर, उमरारी, साक्षी गोपालपुर, देवगवां, मदारुवा, जारेगांव, नैमिषारण्य, कोलुहा बरेठी आदि शामिल हैं। प्रत्येक पड़ाव पर श्री व्यास पीठाधीश लगभग एक लाख वर्ग फीट में शिविर लगाएंगे, जहां विभिन्न प्रांतों से हजारों श्रद्धालु परिक्रमा में भाग लेंगे। इस संदर्भ में व्यास पीठाधीश ने हाल ही में वेद व्यास धाम आश्रम के पदाधिकारियों के साथ हरदोई जिले के स्थलों का निरीक्षण किया, जिसमें हरैंया, कुथावां, उमरारी और साक्षी गोपालपुर शामिल हैं। परिक्रमा की भव्यता को बढ़ाने के लिए तीन बड़े रथ जुलूस का हिस्सा होंगे।

# संसद सत्र में शामिल होंगे जेल में बंद सांसद इंजीनियर राशिद

> दो दिन की मिली हिरासत पैरोल



नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद सांसद अब्दुल राशिद शेख उर्फ इंजीनियर राशिद को मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए दो दिन की हिरासत पैरोल की अनुमति दी है।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि राशिद 11 और 13 फरवरी को संसद सत्र में भाग ले सकते हैं। कस्टडी पैरोल में एक कैदी को सशस्त्र पुलिस कर्मियों द्वारा मुलाकात के स्थान तक ले जाया जाता है। राशिद को जमानत की शर्तों के तहत सेलफोन का उपयोग न करने सहित कुछ शर्तों का पालन करना पड़ा। बारामूला के सांसद पर आतंकी फंडिंग मामले में मुकदमा चल रहा है, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकवादी समूहों को वित्त पोषित किया। राशिद ने यह आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया कि एनआईए अदालत द्वारा उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद उन्हें बिना किसी उपाय के छोड़ दिया गया था, क्योंकि पिछले साल लोकसभा के लिए उनके चुनाव के बाद उन्हें विशेष एमपी-एमएलए अदालत नहीं होने के कारण अधर में लटका दिया गया था। अंतरिम राहत के रूप में, उन्होंने हिरासत पैरोल की मांग की। एनआईए के वकील ने हिरासत पैरोल दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि राशिद के पास संसद में उपस्थित होने का कोई निहित अधिकार नहीं था और उन्होंने राहत मांगते समय कोई विशिष्ट उद्देश्य नहीं दिखाया था। एजेंसी ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी जताईं। राशिद को 2019 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल होने और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप के बाद गिरफ्तार किया गया था। उनका मामला जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियों के वित्तपोषण और नामित आतंकवादी हफीज सईद से कनेक्शन से जुड़ा है।

## ब्रेन डेड हाउस सर्जन के अंगदान से 4 लोगों की बची जान

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एल बी नगर के कामिनेनी अस्पताल में कार्यरत एक महिला हाउस सर्जन के परिवार ने उसके अंग दान कर 4 लोगों की जान बचाई है। वह हैदराबाद में एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी और उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। पिछले सप्ताह, युवा हाउस सर्जन एक समारोह में भाग लेने के बाद अपने एक मित्र के साथ यात्रा कर रही थी, तभी उनका एक्सीडेंट हो गया। हाउस सर्जन के मित्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवा चिकित्सक को कामिनेनी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे करीब एक सप्ताह तक वेंटिलेटर सपोर्ट सहित गहन देखभाल उपचार दिया गया।

# पटियाला में कूड़े के ढेर से रॉकेट मिले

> एसएसपी बोले- इनके शेल में विस्फोटक नहीं > बम स्क्वॉड बुलाई > सेना को भी सूचना दी

पटियाला, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के पटियाला में एक स्कूल के पास से 8 रॉकेट बरामद हुए हैं। सबसे पहले इन पर ट्रैफिक पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने बम स्क्वॉड बुलाकर इन्हें कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंचे एसएसपी नानक सिंह ने बताया कि इन रॉकेट के सेल्स में विस्फोटक नहीं है। यह कहां से आए, इसकी जांच की जा रही है।

एसएसपी ने कहा कि सेना को भी इसकी जानकारी दी गई है। सेना की टीम भी जांच के लिए आ रही है, जो यह पता करेगी यह रॉकेट के शेल कितने पुराने हैं। हालांकि ऐसे लगता है कि कोई कबाड़ी या कोई व्यक्ति इसे फेंक कर चला गया था।



राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी जानकारी के मुताबिक दोपहर 12 बजे के करीब किसी राहगीर ने ट्रैफिक पुलिस को इस बारे में सूचित किया था। सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई है। साथ ही तुरंत लाहौरी गेट की टीम ने पहुंचकर राकेट को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद बम स्क्वॉयड की टीम ने वहां पर पहुंचकर उसकी जांच की। जिसमें किसी भी प्रकार की कोई विस्फोटक सामाग्री नहीं है।

**चंडीगढ़ में मिला था बम शेल**

इससे पहले शनिवार को चंडीगढ़ के कैंबवाला में भी बम सेल मिला था। यह एक्टिव बम शेल था। इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस की तरफ से उस एरिया को खाली करवा दिया गया था। साथ ही चंडी मंदिर स्थित सेना को सूचित किया था। सेना की टीम ने पहुंचकर बम को कब्जे में लिया था। इससे पहले साल 2022 में पटियाला सामाना में बम शेल मिले थे।

## दिल्ली के नतीजों के बाद तेलंगाना भाजपा उत्साहित, एमएलसी चुनावों में जीत का दावा

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद तेलंगाना भाजपा इकाई उत्साहित है और दावा कर रही है कि वह जल्द ही यहां होने वाले तीन एमएलसी चुनावों में विजयी होगी। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि भविष्य में भाजपा तेलंगाना और कर्नाटक में चुनाव जीतेगी। उन्होंने शनिवार को यहां पार्टी नेताओं से कहा कि तेलंगाना में लोग भाजपा को समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं। एमएलसी चुनावों और उसके बाद होने वाले स्थानीय निकायों में भाजपा अपनी ताकत साबित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने सभी वर्गों को गारंटियों के नाम पर धोखा दिया और वादों को लागू करने में बुरी तरह विफल रही। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने यह भी कहा कि दिल्ली के बाद भाजपा तेलंगाना में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इसकी नींव एमएलसी चुनावों और उसके बाद स्थानीय निकायों में अच्छा प्रदर्शन करने से रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को पूरा भरोसा है कि एमएलसी चुनावों में लोग भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

## श्री गुरु रविदास के प्रकाश पर्व समारोह के लिए लगे झंडे उतारकर फेंके

*पुलिस ने दो भाइयों को पकड़ा*

जालंधर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। जालंधर में श्री गुरु रविदास जी का प्रकाश पर्व करवाए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम से पहले बेअदबी का मामला सामने आया है।

देहात में बेअदबी की घटना के बाद रोष प्रदर्शन को देखते हुए मेहतपुर थाने की पुलिस ने 2 भाईयों पर मामला दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान मेहतपुर नकोदर के गांव आद्रामान के रहने वाले अर्शदीप सिंह और कर्णदीप सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस को दिए बयानों में नवदीप कुमार ने कहा कि उसके पास उनके समाज के कुछ लोग आए थे। जिन्होंने बताया कि अर्शदीप और कर्णदीप दोनों भाई हैं जो आद्रामान गांव में दुकान चलाते हैं। श्री गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर पूरे गांव में झंडे लगाए गए थे। दोनों आरोपियों ने शाम करीब चार बजे उक्त झंडे को पहले टेढ़ा कर दिया और फिर झंडा उतार कर गंदी जगह पर फेंक दिया।

जब समाज के लोगों को इस बारे में पता चला तो तुरंत जानकारी साझा की गई। इसके बाद नवदीप कुमार की टीम ने शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार देर रात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नवदीप ने आरोप लगाया है कि दोनों भाई वारदात के वक्त नशे में थे।

वहीं इस घटना को लेकर रविदास समाज में भारी रोष पाया जा रहा है। जिसके चलते रविदास भाईचारे ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 298/3 (5) के तहत केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई नवदीप कुमार के बयानों पर दर्ज की गई है।

## इंसाफ की राह पर परिवार: बेटी की तलाश की मांग को लेकर हिसार से चंडीगढ़ की ओर किया कूच, दो नाबालिग भी हैं साथ

हिसार, 10 फरवरी (एजेंसियां)। करीब साढ़े चार महीने पहले लापता हुई बेटी की तलाश की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने सीएम आवास पर धरना देने के लिए चंडीगढ़ कूच शुरू कर दिया है। पीड़ित सुनील सोनी के साथ उनकी पत्नी और दो नाबालिग बेटे भी पैदल जाएंगे।

पीड़ित पिता सुनील सोनी ने कहा कि चंडीगढ़ पैदल जाएंगे। बरवाला, उकलाना, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला होते हुए चंडीगढ़ पहुंचेंगे।

रास्ते में इन जिलों के विधायकों के कार्यालयों में ज्ञापन देकर गुहार लगाएंगे। अंबाला में बिजली मंत्री अनिल विज के आवास के सामने धरना देंगे। बाद में चंडीगढ़ में सीएम आवास जाएंगे। बिटिया नहीं मिली तो राष्ट्रपति भवन के सामने धरना देकर इच्छा मृत्यु की मांग किया जाएगा। लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे सुनील सोनी ने बताया कि बेटी 29 सितंबर 2024 को घर से गायब हुई थी। उन्होंने बेटी की तलाश के लिए नवंबर माह में धरना दिया। इसके बाद दिसंबर माह में धरना दिया। 9 जनवरी को सीएम नायब सिंह सैनी हिसार आए तो अधिकारियों ने उनसे नहीं मिलने दिया। उनके आत्मदाह के प्रयास के बाद उनको मिलवाया गया। सीएम नायब सिंह सैनी के कहने पर एसआईटी का गठन किया गया। आज एसआईटी को गठित हुए भी एक महीना हो गया। एक महीने में भी एसआईटी कोई सुराग नहीं लगा सकी। अब हमने चंडीगढ़ में सीएम आवास पर जाकर गुहार लगाने का फैसला लिया है।

# कुपवाड़ा में आतंकी ठिकानों पर सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई

*भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद*



जम्मू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस (जेकेपी) ने संयुक्त रूप से कुपवाड़ा के करनाह तहसील के अमरोही गांव में एक घेरा और तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया। इस दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। बरामदगी में 2 एके-47 राइफलें, 2 एके मैगजीन और 12 एके राउंड्स (7.62 मिमी) हैं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

**कुपवाड़ा पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार किया**

अवैध गतिविधियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए पुलिस पोस्ट कालारूस ने नाका चेकिंग के दौरान एक अवैध शराब तस्कर को पकड़ा और 37 बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस पोस्ट कालारूस की एक पुलिस टीम ने फायर सर्विस स्टेशन कालारूस के पास नाका चेकिंग के दौरान हिलाल अहमद भट पुत्र खिजर अहमद भट निवासी कलारूस नाम के एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 37 बोतल अवैध शराब बरामद की गई।

पुलिस स्टेशन कुपवाड़ा में एक मामला एफआईआर संख्या 37/2025 यू/एस 50 उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है, और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। कुपवाड़ा पुलिस अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता से अपराध मुक्त समाज बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह करती है। आम जनता को किसी भी अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार किस मकसद से घुसा, पूछताछ जारी

जम्मू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास पर एक घुसपैठिए को पकड़ा है। घुसपैठिए से पूछताछ की जा रही है।

पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह किस मकसद से भारतीय सीमा में घुसा है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को नशे की हालत में घुसपैठिए ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की। सीमा पर तैनात सतर्क जवानों ने उसको पकड़ लिया। घुसपैठिए की पहचान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के कोटली जिले के सेरी गांव के अब्दुल रहमान (40) के रूप में हुई है। आरोपी से उसके कब्जे से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

# देश का पहला कैंसर जीनोम डाटाबेस तमिलनाडु में लॉन्च

*अब शुरुआती स्तर पर ही होगा कैंसर का बेहतर इलाज*

चेन्नई, 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने भारत का पहला कैंसर जीनोम डाटाबेस पेश किया है। इसे 'भारत कैंसर जीनोम एटलस' के नाम से लॉन्च किया गया है। यह पहल कैंसर रिसर्च में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सहायक साबित हो सकती है। इसकी सहायता से कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर बेहतर इलाज संभव हो सकेगा।



आईआईटी के वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इसके जीनोम पर अब तक अपेक्षित स्तर पर शोध नहीं हुआ है। इसके कारण भारत में पाए जाने वाले कैंसर के लक्षण दवाओं और जांच प्रक्रियाओं में शामिल नहीं हो पाते। यही कारण है कि इनकी पहचान के लिए न तो विशेष डायग्नोस्टिक किट विकसित हो पा रही हैं और न ही प्रभावी दवाओं का निर्माण संभव हो रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए आईआईटी मद्रास ने 2020 में कैंसर जीनोम कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस परियोजना के तहत देशभर में ब्रेस्ट कैंसर के 480 मरीजों के टिशू सैंपल का अध्ययन किया गया और 960 जीनों की एक्सोम इंडेक्सिंग पूरी की गई। डेटाबेस दुनियाभर के चिकित्सकों के लिए bcga.iitm.ac.in पर उपलब्ध है।

**कैंसर के कारणों को समझने में मिलेगी मदद**

आईआईटी मद्रास के निदेशकत प्रोफेसर वी कामकोटि का कहना है कि यह एटलस कैंसर के कारणों को गहराई से समझने और इसके प्रारंभिक निदान एवं रोकथाम में मदद करेगा। यह डाटाबेस भारत में विभिन्न प्रकार के कैंसर से जुड़ी जीनोम जानकारी के अभाव को दूर करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस परियोजना से जुड़े प्रो. एस. महालिंगम के अनुसार इससे डॉक्टरों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने, बीमारी की प्रगति समझने, हाई-रिस्क ग्रुप की पहचान करने, बेहतर इलाज की रणनीति तैयार करने और उपचार की प्रभावशीलता का आकलन करने में सहायता मिलेगी।

**भारत में हर नौवें व्यक्ति को कैंसर का खतरा**

कैंसर दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट के अनुसार भारत भी इससे अछूता नहीं है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम की रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर नौवें व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका रहती है। फिलहाल देश में करीब 14,61,427 लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं और 2022 से कैंसर के मामलों में 12.8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 11 फरवरी - 2025

# तेजी से बदल गए केजरीवाल

वे दिन भी क्या दिन थे जब केजरीवाल का पूरी दिल्ली में डंका बजता था। तब दिल्ली की राजनीति में अरविंद केजरीवाल बहुत खास हुआ करते थे। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी योद्धा की छवि गढ़ी गई थी। केजरीवाल ने ईमानदारी और आदर्शवाद जैसे भूले-बिसरे शब्दों को राजनीतिक विमर्श का विषय बना दिया था। 2013 की सर्दियों में रामलीला मैदान में उनका पहला शपथ ग्रहण समारोह जनशक्ति के क्षणिक उत्सव जैसा नहीं लगा था। वह व्यवस्था परिवर्तन आंदोलन की शुरुआत जैसा था। तब भारत के कोने-कोने में उनका समर्थक होना बडे ही गर्व की बात हुआ करती थी। यहां तक कि दक्षिण भारत के राज्यों में भी उनके मुरीद हुआ करते थे। केजरीवाल ने तब फिल्म पैगाम के गीत 'इंसान का इंसान से हो भाईचारा' गाया था। नई उम्मीद के उत्साह में झूम रही भीड़ को उनका बेसुरा गायन भी ठीक लगता था। कुल मिलाकर केजरीवाल एक नए, निडर भारत की आशा के प्रतीक थे। केजरीवाल सादगी का प्रतीक बन गए थे। उन्होंने मुफ्त पानी और बिजली के अपने चुनावी वादे को निभाया। उनकी योजनाएं ने शहर के निचले आय वर्ग के लोगों का प्रिय बना दिया। 2012 में गठित आप जब 2015 में दूसरी बार भारी बहुमत से मोदी-शाह की रथयात्रा को रोकने के लिए सत्ता में लौटी, तो केजरीवाल बीजेपी के विरोध में सबके हीरो बन गए। उन दिनों पूर्व आईआरएस अधिकारी और रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्तकर्ता ने अपने वादों पर अमल किया। फिर धीरे-धीरे साधारण जीवन शैली वाले सीएम का पवित्र व्यक्तित्व फीका पड़ता चला गया। नतीजतन, विधानसभा चुनाव के ताजे नतीजे में इसका असर साफ-साफ दिखा। 2013 में पहली बार 49 दिन का शासन और फिर दो पूर्ण कार्यकाल के बाद आप को करारी और अपमानजनक हार मिली। कभी दुर्जेय सीएम शीला दीक्षित को 25 हजार से अधिक मतों से हराने वाले केजरीवाल इस बार अपनी सीट 4,000 से अधिक मतों से हार गए। हालाकि आप ने अभी भी 43% से अधिक वोट हासिल किए, लेकिन यह पिछले विधानसभा चुनावों की तुलना में 9 प्रतिशत कम है। दो चीजों ने केजरीवाल की छवि को बहुत नुकसान पहुंचाया, 2022 का शराब केस और सीएम बंगले का विवाद। करोड़ों रुपये के कथित शराब घोटाले में केजरीवाल को तिहाड़ जेल में पांच महीने बिताने पड़े। मामला अब भी अदालत में है। इन घटनाक्रमों ने केजरीवाल की अपनी नैतिक आभा खो दी। दिल्ली के विकास में उनके हाथ बंधे हुए थे और पैंतरेबाज़ी की गुंजाइश नाटकीय रूप से कम हो गई थी। वो व्यक्तिगत रूप से सांप्रदायिक नहीं माने जाते हैं, लेकिन दक्षिणपंथ को बेअसर करने के लिए उन्होंने इसका एक संस्करण अपनाना शुरू कर दिया ताकि पार्टी उस मोर्चे पर कमजोर न दिखे। मुफ्त बिजली (200 यूनिट), मुफ्त पानी (20 किलोलीटर), बेहतर सरकारी स्कूल, सरकारी अस्पतालों का बेहतर कामकाज (मुफ्त दवा सहित) केजरीवाल ने मुफ्त उपहारों के लिए एक सकारात्मक प्लेबुक बनाई जिसने निम्न आय वर्ग के लोगों को उत्साहित किया। आप ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्राओं की सुविधा भी दी, लेकिन दिल्ली की सड़कों की बिगड़ती हालत और अनियंत्रित प्रदूषण ने इस बात को रेखांकित किया कि पार्टी अपने मुख्य कामों और शहर के मध्य वर्ग पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही थी। अपने शुरुआती वर्षों में जो काम हुए, केजरीवाल उसी पर जी रहे थे। उसके बाद वो सत्ता बनाए रखने के तिकड़म तक सिमट गए। आप एक आंदोलन से उभरी पार्टी थी लेकिन पार्टी का आंदोलन वाला आयाम गुम हो गया। इसलिए आप ने इस चुनाव से पहले ही अपनी वैचारिक विशिष्टता खो दी थी।

# क्या मणिपुर में मुख्यमंत्री के त्यागपत्र के बाद हिंसा थम जाएगी ?



अशोक भाटिया

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। मणिपुर मुख्यमंत्री का इस्तीफा विधानसभा सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हुआ है। इसने कई अटकलों को भी जन्म दिया है। दरअसल, चर्चा थी कि विपक्ष मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में था।ऐसे में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर इस्तीफे को लेकर काफी दबाव था और विपक्ष लंबे समय से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहा था। अब जब मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया है, ऐसे में लोगों के मन में सवाल है कि इस्तीफा देने के बाद क्या राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है? जब तक नया मुख्यमंत्री नहीं बन जाता, वहां की सरकार कौन चलाता है? इसको लेकर नियम क्या है? आगे बढ़ने के सबसे पहले इसे जानना जरुरी है । भारतीय संविधान में किसी भी राज्य में सरकार चलाने को लेकर कुछ नियम बनाए गए हैं। अगर किसी राज्य का मुख्यमंत्री इस्तीफा दे देता है तो राज्य का पूरा दायित्व राज्यपाल के पास आ जाता है। ऐसे में राज्यपाल नए मुख्यमंत्री के चुनाव तक मौजूदा मुख्यमंत्री को एक्टिंग मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का आदेश दे सकते हैं। हालांकि, एक्टिंग मुख्यमंत्री की शक्तियां सीमित होती हैं। विधानसभा में राजनीतिक संकट या फिर विशेष परिस्थितियों में राज्यपाल राष्ट्रपति शासन की सिफारिश भी कर सकते हैं। इसके बाद राष्ट्रपति इस पर विचार करते हैं और फैसला लेते हैं। फिलहाल मणिपुर में सत्तारूढ़ भाजपा के पास विधानसभा में पर्याप्त बहुमत है, ऐसे में राजनीतिक संकट की स्थिति नहीं है। ज्ञात हो कि मैतेई-कुकी समुदायों के बीच करीब दो साल के लंबे संघर्ष के दौरान विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था। हालांकि बीरेन सिंह राज्य में शांति बहाल करने की बात करते रहे, लेकिन दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद उन्होंने राज्यपाल को इस्तीफे सौंप दिया। सिंह 2017 से लगातार मणिपुर के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उनका इस्तीफा राज्य की अखंडता की रक्षा के लिए उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सूत्रों के हवाला से बताया कि मई 2023 में हिंसा भड़कने के बाद भाजपा के ही 12 विधायक मुख्यमंत्री के इस्तीफे पर जोर दे रहे थे। इसके अलावा कॉनराड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी ने भी भाजपा से समर्थन वापस ले लिया था। ऐसी संभावना थी कि फ्लोर टेस्ट में पार्टी व्हिप का उल्लंघन होगा। इस संभावना को टालने के लिए मुख्यमंत्री सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व से बात कर पद छोड़ दिया। एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साध रहे है । राहुल गांधी ने कहा कि सार्वजनिक दबाव, सुप्रीम कोर्ट की जांच और कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को इस्तीफे के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि करीब दो साल तक भाजपा के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मणिपुर में विभाजन भड़काया और पीएम मोदी ने उन्हें मणिपुर में हिंसा, जानमाल के नुकसान और भारत के विचार के विनाश के बावजूद बने इस पद पर बना रहने दिया। इसके आलावा कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस 10 फरवरी को मणिपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए पूरी तरह तैयार थी। मुख्यमंत्री को ये लग गया था कि माहौल बन रहा है और बहुमत उनके पास नहीं हैं। उन्हें लग गया था कि अविश्वास प्रस्ताव पारित होगा और उन्हें इस्तीफा देना पड़ेगा, इसलिए उन्होंने आज ही इस्तीफा दे दिया। जयराम ने कहा कि एन बीरेन सिंह तो एक कठपुतली थे। गृह मंत्री अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं समझते, इस्तीफा तो उन्हें देना चाहिए। प्रधानमंत्री 20 महीने से मणिपुर क्यों नहीं गए हैं? गौरतलब है कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच मई, 2023 से ही संघर्ष चल रहा है।झगड़ा आख़िर क्या है, यहाँ यह भी समझना ज़रूरी है। दरअसल, मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं। मैतेई, नगा और कुकी। नगा और कुकी जनजाति के तहत आते हैं और ईसाई धर्म को मानते हैं। मैतेई वैष्णव हिंदू हैं। आबादी के हिसाब से मैतेई की जनसंख्या पचास प्रतिशत है, लेकिन वे राज्य के केवल दस प्रतिशत हिस्से में रहते हैं। नगा और कुकी की आबादी का प्रतिशत 34 है लेकिन वे राज्य की नब्बे प्रतिशत भूमि पर रहते हैं।मैतेई का कहना है कि हमारे राजा ने कभी इन कुकी को म्यांमार से लड़ने के लिए भाड़े पर बुलाया था, लेकिन ये यहाँ क़ब्ज़ा जमाकर बैठ गए। कुकी का कहना है, यहाँ की ज़मीन, यहाँ के पहाड़ हमारे देवता हैं। हम इन्हें छोड़ नहीं सकते। कुकी का मानना है कि मैतेई पैसे वाले हैं। संपन्न हैं। अगर इन्हें आदिवासी घोषित कर दिया तो ये हमारी ज़मीन ख़रीद - ख़रीदकर हमें ही बेघर कर देंगे।इसके उलट कुकी का कहना है कि हम 1949 में मणिपुर के भारत में शामिल होने के वक्त आदिवासी ही थे। कहा जाता है कि यहाँ के मैतेई राजा वैष्णव हो गए थे और बाद में उन्हीं ने अपनी प्रजा को भी वैष्णव बनाया था। ज्ञात हो कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच भड़की जातीय हिंसा में कम से कम 250 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों की संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। हिंसा के दौरान आगजनी, बर्बरता, दंगा, हत्या और सामूहिक बलात्कार की घटनाएं भी देखी गईं। बताया जाता है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, एक नया विवाद तब खड़ा हो गया था जब सुप्रीम कोर्ट ने जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका का आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रामाणिकता को लेकर एक सीलबंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगी थी। इस्तीफा देने से पहले बीरेन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। एन। बीरेन सिंह को राज्य में जातीय संघर्ष से निपटने के तरीके को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। लगातार हो रही आलोचनाओं के बीच बीरेन सिंह का इस्तीफा आया है। कांग्रेस विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने पर चर्चा कर रही है। जानकारी के मुताबिक बीरेन सिंह कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव से बचना चाहते थे, क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी के विधायकों के समर्थन का भरोसा नहीं था। इसलिए उन्होंने इस्तीफा देना बेहतर समझा। हालांकि, पिछले दिसंबर में ए के भल्ला की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के बाद से ही उनका इस्तीफा तय लग रहा था। उनका इस्तीफा मणिपुर में सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र से पहले नए सिरे से राजनीतिक उथल-पुथल के बीच आया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक मणिपुर के कई भाजपा विधायक, जो बीरेन सिंह के नेतृत्व और मणिपुर संकट के पार्टी नेतृत्व से नाराज थे, इसलिए उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। मणिपुर भाजपा के एक दूसरे नेता ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, अगर मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया होता, तो सोमवार को पार्टी के लिए यह शर्मनाक होता। मणिपुर के कांग्रेस नेताओं ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वे अविश्वास प्रस्ताव की मांग करेंगे। करीब पांच से 10 भाजपा विधायकों ने विपक्ष में बैठने और उनका समर्थन न करने की बात कही है। इन विधायकों में मंत्री भी शामिल हैं। असल में मुख्यमंत्री को यह बात पता थी और केंद्रीय नेतृत्व को इस बारे में नियमित रूप से बताया जा रहा था, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दे दिया। बीरेन सिंह का इस्तीफा भले ही स्वीकार कर लिया गया हो।

लेकिन वो वैकल्पिक व्यवस्था होने तक वह पद पर बने रहें रहेंगे। बीरेन सिंह के इस्तीफ के बाद अब इस बात की चर्चा तेज होने लगी है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि भाजपा नया मुख्यमंत्री नियुक्त करेगी या नहीं। BJP के शीर्ष नेता संबित पात्रा मणिपुर में डेरा डाले हुए हैं। जिसकी वजह से कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल मुख्यमंत्री पद के लिए बीरेन सिंह के मुखर आलोचक पूर्व स्पीकर वाई खेमचंद का नाम भी चर्चा में है, इसके अलावा युमनाम खेमचंद सिंह और टी विश्वजीत सिंह के नाम का भी जिक्र चल रहा है, लेकिन इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

अब जब मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, ऐसे में लोगों के मन में सवाल है कि इस्तीफा देने के बाद क्या राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है? जब तक नया मुख्यमंत्री नहीं बन जाता, वहां की सरकार कौन चलाता है? इसको लेकर नियम क्या है? भारतीय संविधान में किसी राज्य में सरकार चलाने को लेकर कुछ नियम बनाए गए हैं।

# भारत-अमेरिका संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि



प्रो एसपी शाही

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत 2005 में हुई थी, जो समय के साथ व्यापक और बहुआयामी होती गई। राष्ट्रपति ट्रम्प की फरवरी 2020 में भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत और अमेरिका का सहयोग विशेष रूप से क्वाड के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ट्रम्प प्रशासन के दौरान, क्वाड को वरिष्ठ-आधिकारिक स्तर की वार्ता से मंत्री-स्तरीय वार्ता तक बढ़ाया गया था, जबकि बाइडेन प्रशासन ने इसे लीडर्स शिखर सम्मेलन तक ले गया।भारत और अमेरिका ने पहले भी कई उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जून 2017 में अमेरिका की यात्रा की थी, जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने फरवरी 2020 में भारत की राजकीय यात्रा की थी।नवंबर 2024 के बाद से दोनों नेताओं ने दो बार फोन पर बातचीत की है, और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जनवरी 2025 में ट्रम्प प्रशासन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था।व्यापार और निवेश में बढ़ता सहयोग भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और निवेश लगातार बढ़ रहा है। 2023 में द्विपक्षीय व्यापार 190 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया था। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अमेरिका भारत का तीसरा सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) स्रोत रहा, जिसमें 4.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश आया। 160 से अधिक भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। 2000 से अधिक अमेरिकी कंपनियों ने भारत में 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है।ऊर्जा, विज्ञान और अंतरिक्ष में बढ़ता सहयोग ऊर्जा सहयोग अमेरिका भारत का छठा सबसे बड़ा ऊर्जा व्यापार साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का हाइड्रोकार्बन व्यापार 13.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग सितंबर 2019 में, भारत-अमेरिका विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते का 10 वर्षों के लिए नवीनीकरण किया गया था। वर्ष 2000 में स्थापित भारत-अमेरिका विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंच दोनों देशों के शोधकर्ताओं के बीच अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देता है। अंतरिक्ष में सहयोग इसरो और नासा संयुक्त रूप से नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार निसार विकसित कर रहे हैं। जनवरी 2024 में, नासा और इसरो ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर संयुक्त मिशन के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। मार्च 2024 में, दोनों देशों ने मानव अंतरिक्ष उड़ान में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसरो ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन पर दो भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को नामित किया है, जो अमेरिका में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर सहयोगजनवरी 2023 में, वॉशिंगटन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों द्वारा महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल (iCET)का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य AI, क्वांटम, दूरसंचार, अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में सहयोग और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। स्वास्थ्य और रक्षा क्षेत्र में सहयोग स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग स्वास्थ्य के क्षेत्र में, 200 से अधिक अनुसंधान सहयोग भारत और अमेरिका की प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एजेंसियों के बीच चल रहे हैं। यह सहयोग नई चिकित्सा विज्ञान, निदान और किफायती स्वास्थ्य समाधान विकसित करने में सहायक है।

रक्षा सहयोग भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की नई रूपरेखा (2015) पर आधारित है, जिसे 10 वर्षों के लिए नवीनीकृत किया गया था। 2016 में भारत को प्रमुख रक्षा साझेदार का दर्जा दिया गया था।दोनों देशों के बीच 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता एक शीर्ष स्तरीय संवाद तंत्र है, जो राजनीतिक, सैन्य और रणनीतिक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करता है।भारत, अमेरिका के सबसे बड़े रक्षा अभ्यास साझेदारों में से एक है। प्रमुख सैन्य अभ्यासों में शामिल हैंः युद्ध अभ्यास (सेना) वज्र प्रहार (विशेष बल) मालाबार (नौसेना) कोप इंडिया (वायु सेना) टाइगर ट्रायम्फ (त्रि-सेवाएं) भारत ने 2008 से अब तक 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी रक्षा उपकरणों के लिए समझौते किए हैं। मई 2023 में, दोनों देशों ने भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक सहयोग रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए, जिससे रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और सह-उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (INDUS-X) के तहत, उन्नत सैन्य क्षमताओं के सह-उत्पादन और लचीली रक्षा आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों, कॉरपोरेट्स और निजी निवेशकों को जोड़ा गया है।

शिक्षा और सांस्कृतिक संबंध अमेरिका उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों का सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। जुलाई 2024 में, भारत और अमेरिका ने सांस्कृतिक संपदा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे प्राचीन वस्तुओं की अवैध तस्करी पर रोक लगेगी। अमेरिका ने 2016 से भारत को 578 प्राचीन वस्तुएं लौटाई हैं। लोगों के बीच आपसी संबंध भारतीय-अमेरिकी समुदाय, अमेरिका में सबसे सफल और अच्छी तरह से घुल-मिलकर रहने वाले समुदायों में से एक गिना जाता है। भारत-अमेरिका संबंधों का भविष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। इस यात्रा के दौरान व्यापार, रक्षा, विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में नए समझौते और पहलों की संभावना है। भारत और अमेरिका के रिश्ते न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस यात्रा से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और समृद्धि को लेकर दोनों देशों की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी, जिससे यह संबंध भविष्य में और गहरा और विस्तृत होता रहेगा।

# भीख मांगना सुनियोजित धंधा



प्रियंका सौरभ

भारत में सार्वजनिक रूप से भीख मांगने की प्रथा मनरेगा और स्माइल जैसे व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद भी आम है। आंकड़ों के अनुसार, 413 लाख से अधिक लोग अभी भी इस प्रथा में लिप्त हैं, जो दीर्घकालिक गरीबी, कम साक्षरता और सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद काम के अवसरों की कमी जैसी अंतर्निहित सामाजिक आर्थिक कमजोरियों को रेखांकित करता है। बड़े बच्चों को भीख मांगना सिखाया जाता है, जबकि शिशुओं को बीमार दिखने के लिए नशीला पदार्थ दिया जाता है। कुछ ने कभी कक्षा में क़दम नहीं रखा है और कई ने जल्दी पैसे कमाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगाकर स्कूल छोड़ दिया है। हाल के आँकड़े बताते हैं कि भारत में स्कूल छोड़ने वाले बच्चे कितने आम हैं, खासकर किशोरों में। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 18 वर्ष की आयु के 25 प्रतिशत बच्चे बुनियादी पढ़ने के कौशल से जूझते हैं और 32.6 प्रतिशत स्कूल छोड़ देते हैं। विकलांग लोगों का फायदा उठाया जाता है क्योंकि वे भिखारी के तौर पर अधिक पसंद किए जाते हैं। जब मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का इलाज़ नहीं किया जाता है, तो लोग शोषण और निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं।

भारत में 400, 000 से ज़्यादा नियमित भिखारी रहते हैं; उनकी दुर्दशा कई तरह के कारकों से उपजी है, जिसमें संगठित भीख मांगने वाले गिरोह, गरीबी, विकलांगता और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापन शामिल हैं समाज के सबसे कमज़ोर सदस्यों को शिकार बनाकर और लगभग दंड से मुक्त होकर काम करके, इन सिंडिकेट ने ग़रीबी को एक लाभदायक उद्यम में बदल दिया है। 81, 000 से ज़्यादा भीख मांगने वाले लोगों के साथ, पश्चिम बंगाल भारत में सबसे ज़्यादा भीख मांगने वाला राज्य है, उसके बाद आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं। गरीबी, ग्रामीण-शहरी प्रवास और आसानी से सुलभ सहायता नेटवर्क की कमी इन क्षेत्रों में भिखारियों की बढ़ती संख्या में योगदान देने वाले कुछ सामाजिक-आर्थिक कारक हैं। भारत में, कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद भीख मांगने की प्रथा जड़ जमाए बैठी सामाजिक-आर्थिक कमज़ोरियों के कारण बनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कल्याणकारी कार्यक्रम अक्सर खराब क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार और प्राप्तकर्ताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाते हैं। स्माइल जैसी योजनाएँ, जो आश्रय और आजीविका सहायता प्रदान करती हैं, कई भिखारियों को अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हैं।

विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी झुग्गियों में, जो लोग घोर ग़रीबी में जी रहे हैं, उनके पास जीवित रहने के लिए भीख माँगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मनरेगा जैसे ग़रीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के साथ भी, 413, 000 से अधिक लोग भीख माँग रहे थे। भीख माँगने वाले व्यक्तियों में अक्सर औपचारिक शिक्षा और रोजगार योग्य कौशल की कमी होती है, जो औपचारिक रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुँच को सीमित करता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पेश किए गए व्यावसायिक प्रशिक्षण से भिखारियों और अन्य हाशिए के समूहों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुँचा जा सका है। ट्रांसजेंडर लोग और विकलांग लोग कमज़ोर समूहों के दो उदाहरण हैं जिन्हें समाज द्वारा उपेक्षित किया जाता है और मुख्यधारा के आर्थिक अवसरों से बाहर रखा जाता है। कई लोग ट्रैफ़िक सिग्नल पर भीख माँगने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि उन्हें ट्रांसजेंडर कल्याण कार्यक्रमों के बावजूद भी स्वीकार नहीं किया जाता है। कमज़ोर लोगों को आपराधिक नेटवर्क द्वारा अपहरण कर लिया जाता है, जो फिर उन्हें भीख माँगने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे इस चक्र को तोड़ना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में पुलिस ने 2023 में पचास बच्चों को बचाया, जिन्हें तस्करी के गिरोह द्वारा भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया था।

भारत में भीख मांगने की प्रवृत्ति के बने रहने का एक मुख्य कारण यह है कि यहाँ कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं है जो भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करने के लिए केंद्रित हस्तक्षेप की अनुमति दे सके। राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए नगरपालिका रिकॉर्ड का उपयोग करने का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सुझाव भिखारियों के बारे में भरोसेमंद जानकारी की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी ग़रीबी और भीख मांगने पर निर्भरता तब बनी रहती है जब भीख मांगने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। आउटरीच पहलों की कमी के कारण, कई बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकित नहीं हैं। मादक द्रव्यों के सेवन और अनुपचारित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लोग भीख मांगते हैं और ग़रीबी में रहते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाह स्माइल कार्यक्रम के तहत आश्रय गृहों में नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की कमी को उजागर करती है। बेरोजगारी के कारण ग्रामीण-से-शहरी प्रवास के कारण शहरी भीड़भाड़ के कारण, प्रवासियों को भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ही भारत को बनाएगा विश्वगुरु



सुरेश गांधी

फिरहाल, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का आधार क्षीण होने की वजह से ही देश में अलगाववाद, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, अस्थिरता, विक्षोभ, भटकाव, बेरोजगारी, भ्रष्ट प्रशासन एवं सांस्कृतिक प्रदूषण जैसी समस्याएं खड़ी हुई हैं। हाल ये है कि इसके अभाव में ये सारी समस्याएं सुलझने की बजाए और भी ज्यादा विकराल होती जा रहीं है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती का मानना है कि इन समस्याओं से अगर निपटना है तो हमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करना होगा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ऐसा महामंत्र है, जो न सिर्फ हमारी स्वतंत्रता, अखंडता, सुरक्षा और राष्ट्रीय स्वाभिमान को बढ़ोगा, बल्कि भारत को विश्वगुरु बनाने का मार्ग प्रसस्त करेगा। महाकुंभ इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बिना किसी भेदभाव व जातियां पूछे संगम में करोड़ों की संख्या में एक ही घाट पर लोग डुबकी लगा रहे है। इस अमृत स्नान की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तमाम परेशानियों को सहते हुए देश दुनिया के श्रद्धालु हजारों और लाखों ही नहीं करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं. तीन प्रमुख अमृत संपंन हो जाने के बावजूद देश के हर हिस्से से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है. अब तक 42 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके है। बता दें, स्वामी जीतेंद्रानंद (जन्म 25 फरवरी 1972), जिन्हें आचार्य जितेंद्र के नाम से भी जाना जाता है, एक धार्मिक नेता, साधु, पर्यावरणविद् कार्यकर्ता हैं। वे अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव हैं। वे हिंद-बलोच फोरम के संस्थापक हैं। भारत में बलूच मानवाधिकारों के लिए जानी-मानी आवाज़ है। समय समय पर सनातन की मजबूती व हिन्दु राष्ट्र के लिए आवाज उठाते रहते है। एक सवाल के जवाब में स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती जी ने कहा, भारत का राष्ट्र जीवन अर्थात इस धरती पर पुष्पित पल्लवित संस्कृति का आधार हिन्दुत्व है जिसे मजहब, पंथ एवं जातिवाद के संकुचित दायरे में धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ता की राजनीति ने इस प्रयास को प्रोत्साहित करते हुए वोट बैंक की समाजघातक व्यवस्था को जन्म दिया है। इस संदर्भ में हिन्दुत्व का वास्तविक अर्थ समझना भी जरूरी है। हिन्दुत्व इस देश के किसी पंथ (रिलीजन) का नाम न होकर एक राष्ट्रवाचक अवधारणा है। हिन्दुत्व भारत के भूगोल और संस्कृति का परिचायक है। हिन्दुत्व को धर्म के सर्वस्पर्शी, शाश्वत और विशाल धरातल पर रखा जा सकता है। इसीलिए हिन्दुत्व का संबंध धर्म के साथ है, जबकि मजहब का संबंध पूजा के साधारण तौर तरीकों से होता है। अतः हिन्दू धर्म जीवन पद्धति है और यही भारत की राष्ट्रीयता का आधार है, यही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है। जितेन्द्रानंदजी का कहना है कि भारत की आत्मा को समझना है तो उसे राजनीति अथवा अर्थनीति के चश्मे से न देखकर सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही देखना होगा। भारतीयता की अभिव्यक्ति राजनीति के द्वारा न होकर उसकी संस्कृति के द्वारा ही होगी। संस्कृति का विचार अथवा आधार लुप्त हो जाने पर राष्ट्रवाद की पवित्रता और अवधारणा एक स्वार्थी, पदलोलुप लोगों की राजनीति मात्र रह जाएगी। स्वराज तभी साकार और सार्थक होगा, जब वह अपनी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधक बन सकेगा। इसी रास्ते से हमारा विकास होगा और पृथकतावादी शक्तियां समाप्त होंगी।

# हमारे हवाले वोट तुम्हारे



डॉ टी महादेव राव

"उपहार, कमीशन, परसेंटेज, रिश्वत.... यह सब सुनकर आपको कौन-कौन याद आते हैं?""और कौन? सरकारी अधिकारी, ठेकेदार और राजनेता।""जनसामान्य और व्यवस्था को मिलजुल कर काट खाने वाले इन तीन वर्गों के लोगों का एक दूसरे पर आरोप लगाना तो खास समाचार बनता है। है न?""ऐसी परिस्थिति की संभावना ही नहीं बनती। व्यावसायिक न्याय और व्यावसायिक नैतिकता में चोर चोर मौसेरे भाई होते हैं। वे एक दूसरे की सीमा में प्रवेश नहीं करते, यह सार्वभौमिक सूत्र है।"

" मैं पूछता हूँ वास्तव में अधिकारी और नेताओं को ठेकेदार क्यों पैसे दे?""यह तो अति हो गई। आकाश के उस तरफ क्या है जैसा विश्व रहस्य संबंधी संदेह सा हो गया है। ठेकेदारों द्वारा जनता के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों में सहयोग देने वाले अधिकारी, उस सहयोग की निगरानी करने वाले राजनेताओं को दिए जाने वाला शुल्क है यह। इसे रिश्वत या उपहार या कमीशन नहीं माना जाना चाहिए।""क्यों नहीं माना जाना चाहिए? उन्हें समर्पित राशि के वितरण के लिए ही गुणवत्ता को गायब किया जाता है। आज बनाई गई सड़क कल सुबह तक गायब हो जाती हैं, पुलों में डाले गए कंक्रीट छूट कर बाहर आता है और सारे कंकर पत्थर दिखाई पड़ते हैं। गंदे पानी के नाले और पीने के पानी वाले नालों का कनेक्षण मिलकर साथ बहने की वजह से ही तो दुर्गंध का प्रवाह होता जाता है।""इसके लिए ठेकेदार क्या करेंगे? वे अपना काम करते हैं, अगर प्रकृति का प्रकोप हो जाए तो ऐसी बातें तो होंगी ही।""अब अधिकारियों को सरकार वैसे तो देते हैं वेतन के रूप में। फिर यह अतिरिक्त अलग से रिश्वत किसलिए?""वह एक तरह का प्रोत्साहन है। मतलब है और अधिक उत्साह से काम करने के लिए दिया जाने वाली प्रेरक राशि। वह भी जनता के लिए ही। सेवा शुल्क को स्वीकार करके तुरंत हस्ताक्षर कर देने से ही काम जल्दी-जल्दी पूरे होते हैं और जनता को भी सुविधा मिलती है। अब प्रश्न यह उठता है कि गया क्या सिर्फ गुणवत्ता ही न?""नेता सारे हमेशा जनसेवा का ही मंत्र जपते हैं। उन्हें परसेंटेज, कमीशन से क्या लेना देना? यह सब एक राजनीति उद्योग के रूप में चला जा रहा है यही न तुम कहना चाहते हो?""और क्या? उद्योग लगाना है तो पूंजी डालनी होगी। ब्याज देना होगा। व्यापार बढ़ाना होगा। लाभ बांटने होंगे। यह सब काफी मेहनत और मशक्कत का काम है। वही राजनीति है। वोट के लिए नोट दें और जीत जाएं तो बस। परसेंटेज और कमीशन को दोनों हाथों से बटोरना होता है। इस धंधे में फायदा ही फायदा है। नुकसान बिल्कुल नहीं है।"

"शायद इसीलिए बैंकों को डुबा कर भागने वाले व्यापारी, ऋण लेकर बोरिया बिस्तर उठा भागने वाले लोग, व्यापार में नुकसान झेलती आम जनता, काम धंधे में नुकसान से परेशान जनता और खेती बाड़ी की मेहनत से मरे जा रहे किसान ही हमें दिखाई पड़ते हैं। कभी भी कहीं भी किसी कारण से भागे हुए नेता को देखा है आपने? जनता को कितना भी डुबा दें या किसी भी मामले में गले तक डूबे रहे, फिर भी पैसा बटोरने का धंधा हमेशा राजनीति में जारी रहता है।"

"सही है! जनता का विश्वास ही जगत की रक्षा है।"

# आज से बुध का राशि परिवर्तन

## 27 तारीख तक कुंभ राशि में रहेगा बुध, जानिए आपकी राशि के लिए कैसा रहेगा आने वाला समय



मंगलवार, 11 फरवरी को बुध ग्रह राशि बदल रहा है, ये ग्रह मकर से निकलकर कुंभ में प्रवेश करेगा। कुंभ राशि में पहले से ही शनि स्थित है।

इस वजह से शनि के साथ बुध की युति बनेगी। बुध के बाद सूर्य भी 12 तारीख को इस राशि में आ जाएगा, इसके कुंभ राशि में इन तीनों ग्रहों की युति बनेगी। बुध ग्रह 27 फरवरी तक इसी राशि में रहेगा, इसके बाद मीन राशि में प्रवेश करेगा। बुध मिथुन और कन्या राशि का स्वामी है।

बुध ग्रह बुद्धि का कारक ग्रह है। इस ग्रह की अशुभ स्थिति की वजह से व्यक्ति को बुद्धि से जुड़े कामों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस ग्रह के दोष दूर करने के लिए हर बुधवार गणेश जी की पूजा करें।

बुध ग्रह के मंत्र ऊँ बुधाय नमः का जप करें। जानिए सभी 12 राशियों पर बुध ग्रह का कैसा असर होने वाला है...

**मेष राशि**

इस राशि के लिए बुध शुभ स्थिति में रहेगा। शिक्षा से जुड़े कामों में लाभ के अवसर मिलेंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। खान-पान को लेकर लापरवाही से बचना होगा।

**वृष राशि**

इन लोगों को बुध लाभ देगा। पुराने अटके कामों में सफलता मिल सकती है। कार्य की गति बढ़ेगी और लाभ के योग बनेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सोच-समझकर किए गए काम अपेक्षा से ज्यादा फायदा देंगे।

**मिथुन राशि**

मिथुन राशि के लिए राशि स्वामी बुध अच्छी स्थिति में रहेगा। उलझे हुए कामों में सफलता मिलेगी। घर-परिवार और समाज में मान-सम्मान भी मिलेगा। कार्यों बढ़ेगा, लेकिन लाभ भी मिलेगा।

**कर्क राशि**

कर्क राशि के लोगों को सतर्क रहकर काम करना पड़ेगा। दैनिक कार्यों में चिंताएं बढ़ेंगी। अनजाना भय बना रहेगा। स्वास्थ्य के लेकर अतिरिक्त सावधानी रखेंगे तो बेहतर रहेगा। रोगों के कारण धन खर्च होने की संभावना है।

**सिंह राशि**

इन लोगों के लिए समय लाभ का रहने की संभावना है। जो लोग अविवाहित हैं, उनका विवाह तय हो सकता है। घर-परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। किसी काम में उम्मीद से ज्यादा लाभ मिल सकता है।

**कन्या राशि**

बुध इन लोगों के लाभ के अवसर लेकर आएगा। धन कमाने के मौके मिलेंगे। पुरानी बीमारियों में राहत मिल सकती है, मन प्रसन्न रहेगा। शत्रुओं के मामले में सतर्कता रखनी होगी, वर्ना परेशानी हो सकती है।

**तुला राशि**

तुला राशि के लोगों के जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। योजना के अनुसार काम आगे बढ़ेंगे, नौकरी और व्यवसाय में फायदा हो सकता है। साथियों और परिवार के लोगों की मदद से कोई समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिक राशि**

बुध आपके लिए शुभ फल देने की स्थिति में रहेगा। सफलता मिलने की संभावनाएं हैं, लेकिन काम का बोझ भी बढ़ेगा। समय का सही प्रबंधन कर लेंगे तो स्थितियां पक्ष में रहेंगी, वर्ना दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

**धनु राशि**

घर-परिवार और मित्रों की मदद से पुराने अटके काम आगे बढ़ सकते हैं, काम की गति में तेजी आएगी। मदद की वजह से लाभ भी होंगे। चिंताएं दूर होंगी और प्रसन्नता मिलेगी।

**मकर राशि**

बुध आपके रुके हुए कामों में गति प्रदान करेगा। धन लाभ मिलने के योग बनेंगे, सोच-विचार करके आगे बढ़ेंगे तो बेहतर रहेगा। घर-परिवार का साथ मिलेगा।

**कुंभ राशि**

बुध की वजह से इन लोगों की कमाई बढ़ने की संभावनाएं हैं। जीवन साथी और परिवार की मदद से कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। सोच-विचार किए बिना कोई काम करेंगे तो हानि हो सकती है, इसलिए धैर्य से काम करें।

# फाल्गुन मास में क्या करें और क्या न करें?



हिंदू धर्म में फाल्गुन मास का विशेष महत्व है, क्योंकि इस मास में महाशिवरात्रि, होली जैसे बड़े व्रत त्योहार पड़ते हैं।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार साल का आखिरी महीना फाल्गुन का होता है।

माघ पूर्णिमा के अगले दिन 13 फरवरी से फाल्गुन माह की शुरुआत हो रही है। यह महीना भगवान श्री कृष्ण को समर्पित होता है। इस माह में किए कुछ उपाय व्यक्ति के जीवन से परेशानियों का नाश कर सकते हैं।

**कब से शुरू हो रहा है फाल्गुन माह**

वैदिक पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह 13 फरवरी 2025, दिन गुरुवार से शुरू होगा। पंचांग के अनुसार, यह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होता है और 14 मार्च 2025 को शुक्रवार को शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर समाप्त होगा।

**फाल्गुन मास में दान का महत्व**

माघ मास की तरह फाल्गुन मास में भी दान का विशेष महत्व है। फाल्गुन माह हिंदू कैलेंडर का बारहवां महीना होता है।

इस माह में महाशिवरात्रि और होली जैसे प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं। महाशिवरात्रि भगवान शिव की पूजा का दिन होता है, जबकि होली रंगों का त्योहार है, जो खुशी और प्रेम का प्रतीक है। इस महीने में विजया एकादशी भी होती है, जिसे भगवान विष्णु के आशीर्वाद के लिए मनाया जाता है।फाल्गुन माह के दौरान दान-पुण्य करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

**फाल्गुन मास मे भूल से भी न करे यह कार्य**

फाल्गुन का महीना हिंदू धर्म में पवित्र माना गया है, ऐसे में इस माह के दौरान कोशिश करें कि तामसिक चीजों (शराब, मांस, लहसुन और प्याज आदि) का सेवन न करें।

साथ ही इस माह के दौरान किसी भी व्यक्ति विशेष को नुकसान पहुंचाने के बारे में सोचना तक गलत बात है।

# चंद्र दोष से मिलेगी मुक्ति! बस माघ पूर्णिमा के दिन कर लें ये अचूक उपाय



प्रत्येक वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार माघ माह में पढ़ने वाली पूर्णिमा को माघ पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा आराधना का विधान है। साथ ही इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से जीवन के सभी पापों से मुक्ति भी मिलती है। साथ ही जीवन में आ रही तमाम बाधा दूर भी होती है तो वहीं ज्योतिष गणना के अनुसार कुंडली में अगर चंद्रमा कमजोर है तो जीवन में आर्थिक और मानसिक तनाव की समस्या का सामना भी करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में इससे छुटकारा पाने के लिए माघ पूर्णिमा के दिन कुछ खास उपाय करना।

**शुभ मुहूर्त**

अयोध्या के ज्योतिष पंडित कल्कि राम बताते हैं कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष माघ पूर्णिमा 11 फरवरी की शाम 6:55 से प्रारंभ होकर 12 फरवरी की शाम 7:22 तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार 12 फरवरी को पूर्णिमा तिथि मनाई जाएगी। इसके अलावा इस दिन कुछ खास उपाय करने से चंद्र दोष मानसिक तनाव से मुक्ति भी मिलती है।

**करें दान**

अगर आप चंद्र दोष से परेशान है तो फिर माघ पूर्णिमा के दिन दूध का दान करें साथ ही श्रद्धा अनुसार गरीब को दान करना चाहिए। ऐसा करने से घर में उत्पन्न नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है।

**चावल का दान**

अगर आप किसी काम में रुकावट का सामना कर रहे हैं तो माघ पूर्णिमा के दिन पूजा आराधना करने के बाद किसी गरीब को चावल का दान दें। कहा जाता है चावल का दान करने से रुका हुआ कार्य पूरा होता है व्यक्ति के जीवन में सफलता रहती है।

**चांदी का दान**

इसके अलावा पूर्णिमा तिथि के दिन चांदी का दान करना भी बेहद शुभ माना जाता है ऐसा करने से जीवन में धान की वृद्धि होती है माता लक्ष्मी जी प्रसन्न होती है

**16 श्रृंगार...**

माघ पूर्णिमा के दिन सुहागिन महिलाओं को 16 श्रृंगार का सामान दान करना चाहिए साथ ही वैवाहिक जीवन को खुशहाल रखने के लिएप्रभु से कामना करनी चाहिए। ऐसा करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और दांपत्य जीवन में खुशी आती है।

# माघ पूर्णिमा के दिन अपने घर में लगाएं ये पौधे, मां लक्ष्मी करेंगी वास

हिंदू धर्म में सृष्टि की बनाई गई सभी चीजों को बराबर का स्थान दिया गया है, चाहे वो कोई जीव हो या पक्षी या फिर पेड़-पौधे। हिंदू धर्म ने हमेशा ही इन सभी को पूजा है। साथ ही अपनी करुणा भी इन पर बरसाई है। बदले में हिंदू धर्म से जुड़े व्यक्ति को भी सुख-शांति और समृद्धि हासिल हुई है। इस साल माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को मनाई जाएगी। चूंकि अभी महाकुंभ का आयोजन भी चल रहा है, इसलिए सभी ग्रह नक्षत्र भी मनुष्यों के अनुकूल मालूम होते हैं। ऐसे खास मौकों पर व्यक्ति को धन-वैभव की प्राप्ति के लिए कुछ उपाय जरूर अपनाने चाहिए, आइए जानते हैं क्या?

हिंदू धर्म के मुताबिक, कुछ ऐसे पेड़-पौधे हैं, जिनपर मां लक्ष्मी स्वंय वास करती है। कहा जाता है कि इन पेड़-पौधों को घर में या घर के आस-पास लगाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है और जातक के घर की आर्थिक तंगी को दूर करती हैं।




**तुलसी का पौधा**

हिंदू धर्म में तुलसी को बेहद पवित्र माना गया है, करीबन हर हिंदू के घर में इनकी पूजा की जाती है। कहा जाता है कि तुलसी माता भगवान विष्णु को अतिप्रिय हैं। कहा जाता है कि एक तुलसी माता ने भगवान विष्णु को पत्थर की मूर्ति में तब्दील कर दिया था, इस कारण स्वयं मां लक्ष्मी तुलसी माता के पास आईं थी और नारायण को आजाद करने की विनती की थी। तब से तुलसी पर मां लक्ष्मी का वास माना जाता है। इस बार महाकुंभ के बड़े स्नान के दिन यानी माघी पूर्णिमा पर तुलसी का पौधा घर में जरूर लगाना चाहिए और उनकी पूजा की जानी चाहिए।

**कदंब का पेड़**

माना जाता है कि कदम के पेड़ पर मां लक्ष्मी का वास होता है। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण बचपन में जब कदंब के पेड़ पर चढ़कर बांसुरी बजाते थे, तो मां लक्ष्मी का रूप यानी राधा सुध-बुध खोकर कदंब के पास आ जाती थी। यही कारण है कि इस पेड़ को भी मां लक्ष्मी बहुत प्रेम करती हैं, व स्वयं इस पर वास करती है। अतः माघ पूर्णिमा के दिन इसको जरूर लगाएं।

**क्रसुला का पौधा**

हिंदू धर्म में क्रसुला के पौधे को भी पवित्र माना गया है, कहा जाता है कि यह पौधा जहां होता है, वहां लक्ष्मी मां का आना तय होता है। इस कारण माघ पूर्णिमा के दिन इसे जरूर लगाएं।

**कनेर का पौधा**

मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु को कनेर के पुष्प अति प्रिय हैं। हिंदू धर्म में अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए मां लक्ष्मी को कनेर का पुष्प जरूर अर्पित किया जाता है। ऐसे में माघ पूर्णिमा के दिन इसे भी लगाना शुभ माना गया है।

# रात के समय परफ्यूम या इत्र लगाकर बाहर जाने की गलती बिल्कुल भी न करें, वरना झेलनी पड़ सकती हैं परेशानियां

अक्सर हम सब अपने घर में बचपन से सुनते आए हैं कि रात में परफ्यूम और इत्र लगाकर बाहर नहीं जाना चाहिए। परफ्यूम के अलावा अन्य खुशबूदार चीजें भी रात में लगाने की मनाही होती है। आखिर इन बातों के पीछे की वजह क्या है आज हम आपको बताएंगे। दरअसल, रात में खुशबू वाली चीजें लगाने से या इसे लगाकर बाहर जाने से व्यक्ति को कई तरह की परेशानियां घेर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि रात में परफ्यूम का इस्तेमाल क्यों नहीं करना चाहिए।

**रात को परफ्यूम क्यों नहीं लगाना चाहिए?**

कहा जाता है कि रात के समय में नकारात्मक शक्तियां सबसे ज्यादा सक्रिय होती हैं। ऐसे में रात के समय परफ्यूम या अन्य खुशबूदार चीजें लगाने से नकारात्मक शक्तियां आकर्षित होती हैं। व्यक्ति नकारात्मक ऊर्जा के चंगुल में फंस सकता है, इसलिए रात के समय में परफ्यूम लगाने की मनाही होती है। खासतौर से रात के वक्त सुगंध वाली



चीजें लगाकर सुनसान जगहों, पेड़-पौधों के समीप, श्मशान, चौराहे, तिराहे आदि जगहों पर गलती से भी नहीं जाना चाहिए। ये वो जगह हैं जहां नकारात्मक शक्तियों का वास सबसे अधिक रहता है।

**खूशबूदार तेल न लगाकर भी न जाएं बाहर**

रात के समय खूशबूदार तेल न लगाकर भूलकर भी बाहर न जाएं वरना आपका जीवन परेशानियों से घिर सकता है। कहते हैं कि अगर कोई व्यक्ति खूशबूदार तेल लगाकर बाहर जाता है तो उसके हर कार्य में बाधाएं आने लगती हैं। खूशबूदार तेल लगाकर बाहर जाने से निगेटिव एनर्जी आप पर हावी हो सकती है।

**रात में बाल खोलकर भी न जाएं बाहर**

रात में महिलाओं को बाल बांधकर रखने की सलाह दी जाती है। कहते हैं कि रात के समय में अगर कोई महिला अपने बाल खोलकर बाहर जाती हैं तो उनकी ओर नकारात्मक शक्तियां आकर्षित होती है। इसके बाद उनके जीवन में कई तरह कि दिक्कतें आने लगती हैं।

# ये हैं वो 5 संकेत जो बताते हैं शनि आप पर हमेशा रहेंगे मेहरबान

हिंदू धर्म में शनि ग्रह को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है, कहा जाता है कि शनि की दृष्टि हर व्यक्ति की किस्मत में बहुत असर डालती है। अगर आपके कुंडली में शनि शुभ है तो दशा और अंतर्दशा में ये आपको अच्छे रिजल्ट देगा। वहीं, अगर आपके कुंडली में शनि प्रतिकूल हैं तो फिर आपको जीवन में बहुत परेशानियां आती रहेगी।

**होती हैं 3 दृष्टियां**

शनि की तीन दृष्टियां होती हैं तृतीय, सप्तम और दशम। इन तीनों में शनि की तृतीय दृष्टि को सबसे प्रतिकूल माना जाता है। हालांकि शनि अगर कुंडली में कारक हैं या उच्च के हैं तो बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। वहीं सप्तम और दशम दृष्टि कुंडली में शनि के शुभ होने पर पारिवारिक जीवन और करियर में भी सफलता दिलाती है। आइए अब जान लेते हैं कि, शनि अगर आपकी कुंडली में शुभ स्थिति में हैं तो कैसे संकेत आपको मिल सकते हैं।

**क्या होते हैं ये संकेत**

शनि अगर कुंडली में मजबूत है तो उसकी दशा-प्रत्यंतरदशा-अंतर्दशा में आपको शुभ परिणाम मिलेंगे। अगर आपके आसपास ऐसे व्यवहार वाले व्यक्ति मिले जाएं तो आप समझ जाएं कि इनकी कुंडली में शनि मजबूत हैं।

यह व्यक्ति व्यक्ति जमीन से जुड़ा रहेगा और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करेगा।

अपने अधीनस्थों से दोस्ती रखेगा और करियर में भी कोई बड़ी परेशानी नहीं आएगी।

इसके साथ ही शुभ शनि व्यक्ति को मेहनती और ईमानदार भी बनाता है।

ऐसे लोग अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं और किसी भी तरह के भेदभाव को पसंद नहीं करते। मजबूत शनि के होने से व्यक्ति धीमी गति से ही सही लेकिन सफलता के शिखर पर पहुंचता जरूर है।

ऐसे लोगों में घमंड, दिखावा देखने को नहीं मिलता।

# रकुल प्रीत सिंह कैसे हुईं जिम इंजरी से रिकवर? पानी में 100 बार की डांस स्टेप्स की प्रैक्टिस



रकुल प्रीत सिंह को 2024 में 80 किलो वजन उठाने के बाद रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई थी और उन्हें दो महीने का ब्रेक लेने की सलाह दी गई थी। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने अपनी स्पाइन इंजरी से लेकर रिकवर तक की जर्नी को शेयर किया है और बताया कि उन्हें कितनी मशक्कत करनी पड़ी है।

रकुल प्रीत सिंह को 2024 में अपने वर्कआउट सेशन के दौरान बिना बेल्ट पहने 80 किलो डेडलिफ्ट करने के बाद रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई थीं और उन्हें दो महीने के लिए बेड रेस्ट करने की सलाह दी गई। इसी बीच अब साउथ से बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग से पहचान बना चुकी एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपनी चोट के बारे में बात करते हुए कुछ नया शेयर किया है। उन्होंने बताया कि वह इंजरी के 2 महीने के बाद, दिसंबर में एक फिल्म के शूट पर जा पाईं और बताया कि कैसे चोट के कारण वह बहुत परेशान थी। रकुल ने बताया कि उनकी रिकवरी आने वाली फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के गाने 'गोरी है कलाइयां पर' को शूट करने के लिए बहुत जरूरी थी क्योंकि फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है।

**इंजरी में 100 बार डांस प्रैक्टिस करती थीं रकुल**

रकुल प्रीत सिंह ने बताया, 'पहले हफ्ते में ही मैंने हार मान ली और मैंने कहा, ठीक है। यह एक सबक है और यह मेरे लिए एक सीख है। 2025 में मैंने सोच लिया कि अब मुझे स्टील की रीढ़ बनाना है।' रकुल ने आगे बताया कि उनका पूरा दिसंबर एक्वा थेरेपी में बीता है। अपने कोरियोग्राफरों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने उन्हें पहले से ही डांस स्टेप्स बता दिए थे, जिससे उन्हें वार्मअप करने में आसानी हुई। साथ ही एक्ट्रेस ने बताया, 'मैं पानी में सभी स्टेप्स कर रही थी और मेरे फिजियो ने जांच की कि कहीं कोई ट्रिगर तो नहीं है जहां मुझे दर्द हो रहा हो और 100 बार डांस स्टेप्स की प्रैक्टिस करने के बाद में पानी में कॉम्प्टेबल हूं की नहीं... कोई ट्रिगर नहीं था मेरा 100 बार प्रैक्टिस करना सफल रहा।'

**8 हफ्ते में इंजरी से रिकवर हुईं रकुल प्रीत**

34 साल की रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि वह मुश्किल से एक मिनट खड़ी हो पाती थीं और इस दौरान वह इतने दर्द में रही कि बिस्तर से उठने में भी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा, 'मैं एक मिनट भी नहीं बैठ पाती थी। हम नवंबर के मिड में थे और जनवरी के बीच में मुझे गाना शूट करना था। इसलिए मेरे पास सब कुछ ठीक करने के लिए आठ हफ्ते थे।'

# 'मेरे बेटे तुम पर गर्व है...', 'तंडेल' में नागा चैतन्य का अभिनय देख भावुक हुए नागार्जुन





नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत बहुप्रतीक्षित तेलुगु फिल्म 'तंडेल' आखिरकार 7 फरवरी को बड़े पर्दे पर आ गई, दर्शकों का प्यार भी मिला। चंदू मोंडेती द्वारा लिखित और निर्देशित और देवी श्री प्रसाद द्वारा एक भावपूर्ण साउंडट्रैक के साथ फिल्म ने पहले ही अपनी भावनात्मक रूप से भरी कहानी और मनोरंजक प्रदर्शनों से दर्शकों का दिल जीत लिया है।

**नागार्जुन को बेटे चैतन्य पर हुआ गर्व**

फिल्म को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अब नागा चैतन्य के पिता और सुपरस्टार नागार्जुन ने अपने बेटे पर बहुत गर्व महसूस किया और अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया पर व्यक्त किया। एक्स पर एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए नागार्जुन ने 'तंडेल' के आधिकारिक पोस्टर के साथ नागा चैतन्य को गले लगाते हुए अपनी एक मार्मिक तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनके पोस्ट ने फैंस को भी भावुक कर दिया।

**नागार्जुन का पोस्ट**

पोस्ट साझा करते हुए नागार्जुन ने लिखा, 'प्रिय नागा चैतन्य, मुझे तुम पर गर्व है बेटा। मैंने तुम्हें सीमाओं को लांघते, चुनौतियों का सामना करते और इस कला को अपना दिल देते देखा है। तंडेल सिर्फ एक और फिल्म नहीं है - यह तुम्हारे अथक जुनून, बड़े सपने देखने की हिम्मत और तुम्हारी कड़ी मेहनत का सबूत है।'

**फैंस का भी जताया आभार**

नागार्जुन ने चैतन्य के फैंस का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे लिखा, 'आप हमारे साथ परिवार की तरह खड़े रहे हैं और तंडेल की सफलता उतनी ही आपकी है जितनी हमारी। आपके अंतहीन प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। आभार।

**फिल्म की टीम की भी की तारीफ**

नागार्जुन ने पूरी तंडेल टीम की भी सराहना की और कहा, 'अल्लू अरविंद गारू और बनी वासु को बहुत-बहुत धन्यवाद। अद्भुत प्रतिभाशाली साई पल्लवी को बधाई- आप हमेशा चौंका देती हैं। प्रतिभाशाली देवी श्री प्रसाद, आप कमाल हैं। उभरते हुए सितारे निर्देशक चंदू मोंडेती और शानदार तंडेल की टीम को इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए धन्यवाद।'

# विजय देवरकोंडा की 'वीडी 12' से जुड़ा रणबीर कपूर का नाम





बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर का नाम साउथ स्टार विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म 'वीडी 12' से जुड़ गया है। दरअसल, अभिनेता ने इस फिल्म के लिए वॉयस ओवर दिया है। खास बात यह है कि रणबीर कपूर ने इस फिल्म के टीजर की रिकॉर्डिंग मुंबई में की जो अब चर्चा का विषय बन गया है।

**मुंबई में हुई रिकॉर्डिंग**

एक इंडस्ट्री सूत्र ने इस बार में कहा, ₹विजय देवरकोंडा अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वीडी 12' रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म के टीजर के लिए रणबीर कपूर ने वॉयस ओवर दिया है, जिसकी रिकॉर्डिंग कल मुंबई में हुई।

**इस फिल्म में आखिरी बार पर्दे पर दिखे थे विजय**

फिल्म का टीजर 12 फरवरी को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा की भूमिका को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह है। विजय देवरकोंडा को आखिरी बार निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में विशिष्ट रोल में देखा गया था। फिल्म में उनकी भूमिका की खूब चर्चा हुई थी।

**एनिमल में नजर आए थे रणबीर**

वहीं, रणबीर कपूर की बात करें तो वह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद रणबीर के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं।

**इन बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं रणबीर**

वह नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी भी होंगी, जो माता सीता का किरदार निभाती दिखेंगी। इसके अलावा रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में भी दिखाई देंगे, जहां वह अपनी पत्नी आलिया भट्ट और संजू के सह-कलाकार विकी कौशल के साथ काम करेंगे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश हुए सोनू सूद, फ्रॉड केस में दी गवाही

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनके फिल्मी करियर से नहीं, बल्कि एक कानूनी मामले से जुड़ा है। दरअसल, हाल ही में सोनू सूद ने लुधियाना की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही दी। वह एक मल्टीलेवल मार्केटिंग (एमएलएम) कंपनी के खिलाफ चल रहे फ्रॉड केस में गवाह के रूप में पेश हुए।

**कोर्ट ने जारी किया था गिरफ्तारी वारंट**

लुधियाना में एक मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। इस कंपनी ने सोनू सूद को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया था। मामला दर्ज होने के बाद सोनू को गवाही देने के लिए पेश होने को कहा गया था, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रहे। इसके बाद मामले में लुधियाना की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमआईसी) रमनप्रीत कौर ने 29 जनवरी को सोनू सूद के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। अदालत ने मुंबई के ओशिवारा थाने के एसएचओ को सोनू सूद को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया था।

**सोनू सूद ने दी थी सफाई**

गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर एक बयान भी जारी किया था। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि उन्हें इस केस में गवाह के रूप में बुलाया गया था और उनका इस मामले से कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं है। सोनू ने लिखा, यह एक तीसरे पक्ष के मामले से जुड़ा है, जिससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। हमारे वकीलों ने समन का जवाब दिया है और मैं 10 फरवरी को अपना बयान दर्ज करवाऊंगा।

**मामला क्या है?**

कंपनी ने लोगों से झूठे वादे किए थे कि अगर वे निवेश करेंगे तो उन्हें तगड़ा रिटर्न



मिलेगा। इसको लेकर राजेश खन्ना नाम के वकील ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसमें बताया गया था कि कैसे मोहित शुक्ला नाम के शख्स ने उन्हें इस कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। वकील के अनुसार मोहित ने उन्हें कहा था कि अगर वह आठ हजार रुपये निवेश करेंगे तो उन्हें 10 महीने में 24 हजार रुपये मिलेंगे। मोहित शुक्ला से कुल 12,500 डॉलर निवेश कराए जो भारतीय करेंसी में लगभग 10 लाख रुपये होते हैं। लेकिन जब निवेश की अवधि पूरी हुई तो उन्हें अपना रिटर्न नहीं मिला।

# 'गेम चेंजर' थिएटर में हुई फ्लॉप, करोड़ों में बनीं फिल्म ने की मुट्ठीभर कमाई, क्या ओटीटी पर मचा पाएगी तहलका?

2025 में रिलीज हुई वो फ्लॉप फिल्म जो बॉक्स ऑफिस पर अपने बजट का आधा भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म के डायरेक्टर भारी-भरकम नुकसान झेलने के बाद इसे ओटीटी पर रिलीज कर चुके हैं। इसे पहले 'इंडियन 2' उनकी 2024 की सबसे बड़ी डिजास्टर साबित हुई।

राम चरण, कियारा आडवाणी, एसजे सूर्या, नासर, ब्रह्मानंदम, वेनेला किशोर और मुरली शर्मा जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी ये फिल्म 10 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन ये मूवी लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर अपने बजट का आधा भी नहीं कमा सकी और इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप साबित हुई। इस मल्टीस्टारर मूवी के फिल्ममेकर को भारी-भरकम नुकसान भी झेलना पड़ा है। अब साउथ के मशहूर डायरेक्टर ने इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर दिया है जो लोग इस फिल्म को अभी तक नहीं देख पाए हैं। वह अब घर बैठे इसका मजा उठा सकते हैं।

**2025 की फ्लॉप फिल्म ने ओटीटी पर दी दस्तक**

राम चरण की फिल्मों को देखने का क्रेज RRR की रिलीज के बाद से सिर्फ साउथ में ही नहीं बल्कि हिंदी सिनेमा के दर्शकों में भी खूब देखने को मिल रहा है। वह एक ऐसे बेहतरीन एक्टर हैं जो अपने स्टाइल और शानदार एक्टिंग के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं। राम अपने हर किरदार में ऐसा मसाला लगाते हैं कि उन्हें देख कोई भी उनका फैन बन जाएगा। राम चरण ने अपने फिल्मी करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी है, लेकिन 2025 में रिलीज हुई 'गेम चेंजर' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई।

**ओटीटी धमाका करने को तैयार**




एक्शन-ड्रामा 'गेम चेंजर' की रिलीज से पहले फिल्म को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त बज देखने को मिला है। इस फिल्म को मिले-जुले रिव्यू मिले थे, लेकिन इसकी कहानी को उतना प्यार नहीं मिला। अब जबरदस्त फाइनेंशियल लॉस झेलने के बाद मेकर्स ने इसे ओटीटी पर रिलीज की है। फिल्म के डायरेक्टर शंकर ने अपनी फिल्म के डिजिटल राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो को दिए है।

**200 करोड़ भी नहीं कमा पाई 450 में बनी फिल्म**

'गेम चेंजर' तेलुगु-भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। इस मूवी ने भारत में सभी भाषा में मात्र 130 करोड़ की कमाई की थी। वहीं दुनिया भर में सिर्फ 185 करोड़ कमाए थे।

# बच्चों में अपनी आदतों के न होने पर बोले शाहरुख खान, 'मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं'



शाहरुख खान बॉलीवुड के अलावा अपने फैंस के लिए एक मार्गदर्शक की तरह भी हैं। हर कोई उनकी आदतों को अपनाना चाहता है, उनकी तरह बनना चाहता है। वहीं, शाहरुख खान इस बात से खुश हैं कि उनके बच्चों में उनकी आदतें नहीं गईं। इसके लिए वे भगवान का शुक्रिया भी अदा करते हैं।

**भगवान को शुक्रिया कहते हैं शाहरुख**

साल 2024 में एक इवेंट के दौरान शाहरुख खान ने कहा कि उनके किसी भी बच्चे में उनकी आदतें नहीं हैं, इस वजह से वे बहुत खुश हैं। पठान अभिनेता ने आगे कहा, मैं इसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं। वे अच्छे बच्चे हैं। वे मुझसे कहीं बेहतर इंसान हैं।

**करियर को लेकर कोई दबाव नहीं**

शाहरुख खान ने कहा कि उनके अबराम और सुहाना के गालों पर डिंपल पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके बच्चे वही करें जिससे उन्हें खुशी मिले। वे जो चाहें बन सकते हैं। वह अपने बच्चों को अभिनेता या इंजीनियर बनने के लिए कभी नहीं कहते हैं।

**किंग में नजर आएंगी सुहाना**

आर्यन खान और सुहाना खान ने बॉलीवुड में ही आगे बढ़ने का फैसला लिया है। बात करें शाहरुख खान की तो वह सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंग' में अभिनय करते हुए दिखाई देंगे। इसी फिल्म में सुहाना खान ने भी अपने पापा के साथ काम करने का फैसला लिया है। इससे पहले सुहाना खान को 'द आर्चीज' में देखा जा चुका है।

**ओटीटी पर डेब्यू करेंगे आर्यन**

वहीं, आर्यन खान ओटीटी पर बतौर निर्देशक डेब्यू करने का मन बना चुके हैं। वे 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के साथ फिल्म उद्योग में कदम रखने जा रहे हैं। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के तहत किया है।

# हिंदी भाषी राज्यों में 'छावा' का मामला डांवाडोल मुंबई से अधिक साउथ में एडवांस बुकिंग

सिनेमाघरों में इन दिनों जनता की बेहद मांग पर घटी दरों पर रिलीज हो रही फिल्मों का जादू खूब चल रहा है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने री रिलीज के पहले वीकएंड में करीब नौ करोड़ रुपये कमाए हैं। उधर, करीब 11 साल बाद फिर से रिलीज हुई क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टेलर' ने भी करीब इतनी ही रकम री रिलीज के पहले सप्ताहांत में जुटा ली है। नई रिलीज में इस हफ्ते लोगों की निगाहें हिंदी फिल्म 'छावा'पर टिकी हैं। फिल्म को यूए सर्टिफिकेट मिल चुका है। बजट इसका करीब 130 करोड़ रुपये का है। फिल्म को इस हिसाब से हिट होने के लिए कम से कम 26 करोड़ रुपये की ओपनिंग पहले दिन लेनी होगी। लेकिन, चुनौती यही है कि विक्की कौशल की किसी फिल्म की ओपनिंग अब तक दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंची है।

'सैम बहादुर' और 'सरदार ऊधम' जैसी फिल्मों में असल जिंदगी के किरदारों पर कलाकारी दिखा चुके अभिनेता विक्की कौशल के करियर का सबसे बड़ा इम्तिहान इसी हफ्ते के शुक्रवार को होने जा रहा है। और उनका ये इम्तिहान होगा मैडक फिल्म्स की फिल्म 'छावा' में जिसके निर्देशक लक्ष्मण उतेकर उनके साथ इसके पहले 'जरा हटके जरा बचके' बना चुके हैं। इस फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर खूब विवाद हुए



थे और फिल्म की सक्सेस पार्टी को लेकर इसके निर्माता निर्देशक खूब ट्रोल भी हुए। नतीजा ये हुआ कि फिल्म के ओटीटी राइट्स बेचने में फिल्म निर्माता दिनेश विजन को खूब पापड़ बेलने पड़े।

दिनेश विजन की पिछली दो फिल्मों 'मुंज्या' और 'स्त्री 2' की भारी सफलता के बाद अब इस कंपनी की फिल्म 'छावा' की बारी है। फिल्म 'स्काईफोर्स' के निर्माताओं में भी दिनेश विजन शामिल हैं, जिसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर हिंदी फिल्म जगत में इन दिनों खूब चर्चाएं होती रही हैं। इससे पहले फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' का कलेक्शन भी विवादित रहा लिहाजा फिल्म 'छावा' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर अभी से लोगों की निगाहें हैं। फिल्म ने सोमवार की दोपहर तक करीब ढाई करोड़ रुपये एडवांस बुकिंग में कमाए हैं। लेकिन, इस एडवांस बुकिंग का जो दूसरा पहलू है वह काफी चौंकाने वाला है। छावा मराठी में शेर के बच्चे को कहते हैं। फिल्म ये शिवाजी के बेटे संभाजी की बायोपिक है। इसमें रश्मिका मंदाना के लुक को लेकर सबसे पहले विवाद हुआ, दूसरा विवाद फिल्म में संभाजी बने विक्की कौशल को लेजिम डांस पर नचाने पर हुआ। फिल्म का ट्रेलर भी बहुत प्रभावी नहीं बन पड़ा है। विक्की पूरे ट्रेलर में बस चीखते चिल्लाते ही नजर आते हैं।

फिल्म 'छावा' एडवांस बुकिंग पर अगर राज्यवार नजर डालें तो इसमें सबसे बड़ा योगदान तेलंगाना राज्य का रहा है जिसका हिस्सा ढाई करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग में करीब 14 फीसदी है, दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है जिसके दर्शकों का योगदान इस एडवांस बुकिंग में 13 फीसदी है, इसके बाद सबसे ज्यादा एडवांस टिकट तमिलनाडु में फिल्म 'छावा' के कुल एडवांस बुकिंग के करीब 11 फीसदी बिके हैं। ब्लॉक टिकट और कॉरपोरेट बुकिंग का ट्रेंड भी बीते साल फिल्म 'पठान' से इन्ही तीन राज्यों में शुरू होना बताया जाता है। ऐसे में 'छावा' की टिकट बुक करा रहे दूसरे राज्यों का हिस्सा और चौंकाने वाला है।



# गुणकारी अंगूर के लाभ



यह निर्बल-सबल, स्वस्थ-अस्वस्थ आदि सभी के लिए समान उपयोगी है। बहुत से ऐसे रोग हैं जिसमें रोगी को कोई पदार्थ नहीं दिया जाता है। उसमें भी अंगूर दिया जा सकता है। अंगूर में जल, शर्करा, सोडियम, पोटेशियम, साइट्रिक एसिड, फ्लोराइड, पोटेशियम सल्फेट, मैगनेशियम और लौह तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। अंगूर ह्रदय की दुर्बलता को दूर करने के लिए बहुत गुणकारी है । ह्रदय रोगी को नियमित अंगूर खाने चाहिए। अंगूर के सेवन से फेफ डों मे जमा कफ निकल जाता है, इससे खांसी में भी आराम आता है। अंगूर जी मिचलाना, घबराहट, चक्कर आने वाली बीमारियों में भी लाभदायक है।

पका हुआ अंगूर तासीर में ठंडा, मीठा और दस्तावर होता है। यह आंखों के लिए हितकर होता है। अंगूर वीर्यवर्धक, रक्त साफ करने वाला, रक्त बढाने वाला तथा तरावट देने वाला फल है।

श्वास रोग व वायु रोगों में भी अंगूर का प्रयोग हितकर है। नकसीर एवं पेशाब में होने वाली रूकावट में भी हितकर है। अंगूर का शरबत लो अमृत तुल्य है। शरीर के किसी भी भाग से रक्त स्त्राव होने पर अंगूर के एक गिलास ज्यूस में दो चम्मच शहद घोलकर पिलाने पर रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है जिसकी कि रक्तस्त्राव के समय क्षति हुई है। अंगूर का गूदा ग्लूकोज व शर्करा युक्त होता है। विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में होने से अंगूर का सेवन भूख बढाता है, पाचन शक्ति ठीक रखता है, आंखों, बालों एवं त्वचा को चमकदार बनाता है।

हार्ट-अटैक से बचने के लिए बैंगनी काले अंगूर का रस एस्प्रिन की गोली के समान कारगर है। एस्प्रिन खून के थक्के नहीं बनने देती है। बैंगनी काले अंगूर के रस में फ्लोवोनाइड्स नामक तत्व होता है और यह भी यही कार्य करता है। पोटेशियम की कमी से बाल बहुत टूटते हैं। दांत हिलने लगते हैं, त्वचा ढीली व निस्तेज हो जाती है, जोडों में दर्द व जकडन होने लगती है। इन सभी रोगों को अंगूर दूर रखता है। अंगूर फोडे-फुन्सियों एवं मुहासों को सुखाने में सहायता करता है।

अंगूर के रस के गरारे करने से मुंह के घावों एवं छालों में राहत मिलती है। एनीमिया में अंगूर से बढकर कोई दवा नहीं है। उल्टी आने व जी मिचलाने पर अंगूर पर थोडा नमक व काली मिर्च डालकर सेवन करें। पेट की गर्मी शांत करने के लिए 20-25 अंगूर रात को पानी में भिगों दे तथा सुबह मसल कर निचोडें तथा इस रस में थोडी शक्कर मिलाकर पीना चाहिए। गठिया रोग में अंगूर का सेवन करना चाहिए।

# ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल ही नहीं इन वजहों से भी हो सकते हैं हार्ट अटैक का शिकार



ह्रदय रोगों के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को इस रोग का शिकार देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते है, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है जिसे ह्रदय रोगों का प्रमुख कारण माना जाता रहा है। इसके अलावा जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को हार्ट की समस्या रही हो उन लोगों में भी ह्रदय संबंधित बीमारियां हो सकती हैं जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

### ह्रदय संबंधी रोगों का बढ़ता खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के मुताबिक ह्रदय संबंधी रोगों के कारण वैश्विक स्वास्थ्य पर दबाव बढ़ता जा रहा है। ह्रदय रोगों के कारण होने वाली मौतों में से 60-70 फीसदी के लिए हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट जिम्मेदार है। एक अन्य रिपोर्ट से पता चलता है कि डब्ल्यूएचओ के यूरोपीय क्षेत्र में ह्रदय रोगों के लिए हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) मुख्य कारक है। यहां किए गए अध्ययनों में पाया गया है कि 30-79 वर्ष की आयु के लगभग तीन में से एक व्यक्ति को हाइपरटेंशन की दिक्कत है, जिसके कारण हार्ट अटैक होने का खतरा बढ़ जाता है।

### वायु प्रदूषण है खतरनाक

जिन पर्यावरणीय कारकों के कारण हार्ट अटैक हो सकता है उनमें वायु प्रदूषण को प्रमुख माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि वायु प्रदूषण के अधिक संपर्क में रहने वाले लोगों में दिल का दौरा पड़ने की आशंका अधिक होती है। अगर आप नियमित रूप से दूषित हवा में सांस लेते हैं, अक्सर कार-वाहनों से निकलने वाले धुएं के संपर्क में रहते हैं तो इससे धमनियों के बंद होने और ह्रदय रोग होने की आशंका बढ़ जाती होती है। प्रदूषित हवा में उपस्थित छोटे कण, जिन्हें पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) कहा जाता है वे सांस के माध्यम से फेफड़ों और हार्ट में पहुंचकर कोशिकाओं को गंभीर क्षति पहुंचाने लगते हैं जिसके कारण हार्ट अटैक होने का जोखिम बढ़ जाता है।

### ज्यादा गुस्सा आता है तो हो जाइए सावधान

क्रोध, दुःख और तनाव जैसी भावनाएं भी दीर्घकालिक रूप में ह्रदय संबंधी समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती हैं, जिसको लेकर भी सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। कई बार सरप्राइज पार्टी, बहुत अधिक खुशी-गम के कारण भी ह्रदय की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। क्रोध की स्थिति स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल में वृद्धि का कारण बनती है जिससे हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है। क्रोध की भावना परिसंचरण तंत्र के सामान्य कामकाज को बाधित कर सकती है, जिससे ह्रदय पर दबाव पड़ता है।

### आपको सांस की दिक्कत तो नहीं?

अगर आपको फेफड़ों की बीमारी जैसे अस्थमा-ब्रोंकाइटिस है तो इसके कारण आपको दिल का दौरा पड़ने की आशंका लगभग 70% बढ़ जाती है। भले ही आप इसे नियंत्रित रखने के लिए इनहेलर का इस्तेमाल करते हों, फिर भी आपका जोखिम सामान्य से ज्यादा हो सकता है। अस्थमा वायुमार्ग में दीर्घकालिक सूजन उत्पन्न करके हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ा देती है। इससे धमनियों में प्लाक बनने लगता है (एथेरोस्क्लेरोसिस) जो रक्त वाहिकाओं को क्षति पहुंचाती है। सांस की समस्या के शिकार लोगों को अधिक सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

# टाँगों में दिखती हैं नीली नसें तो ये हैं वैरिकोज वेन्स, इन व्यायामों से पा सकते हैं आराम



**टांगों की नसों** शिराओं में वाल्व रहते हैं, जो रक्त को वापस ऊपर ह्रदय की ओर ले जाने में मदद करते है। लेकिन जब ये वॉल्व कमज़ोर हो जाएँ या खराब हो जाएँ तो नसों में विकृति आ जाती है जिसे वैरिकोज़ वेन्स कहा जाता है।

वैरिकोज़ वेंस तब होती हैं जब नसें ठीक से काम नहीं करती हैं। नसों में एक तरफा वाल्व होता है जो रक्त को पीछे की ओर बहने से रोकता है। जब ये वाल्व विफल हो जाते हैं, तो रक्त आपके ह्रदय की ओर बढ़ने के बजाय नसों में इकट्ठा होने लगता है। जिससे नसें बढ़ जाती हैं। वैरिकोज़ वेंस अक्सर पैरों को प्रभावित करती हैं।

वैरिकोज़ वेन्स रोग में रक्त ऊपर की ओर सही तरीके से नहीं चढ़ पाता और पैरों टांगों की नसों में ही रुकने लग जाता है। वेरिकोज़ वेंस, जिसे वेरिकोसाइटिस के नाम से भी जाना जाता है। यह समस्या तब होती है, जब नसें बढ़ जाती हैं, पतली हो जाती हैं और रक्त से भर जाती हैं, यानी नसें ब्लॉक हो जाती हैं। वेरिकोज वेंस, आमतौर पर त्वचा पर सूजी हुई या उभरी हुई दिखाई देती हैं। यह टेढ़ी-मेढ़ी होने के साथ ही लाल, नीली व बैंगनी रंग की होती हैं। जो काफी दर्दनाक हो सकती हैं।

### कौन हो सकता है शिकार?

सबसे ज़यादा इसके शिकार दुकानदार व महिलाएं होती हैं। कंप्यूटर के सामने और ऑफिस में घंटों बैठने, लंबे समय तक लगातार खड़े होकर काम करने वाले लोग, ट्रैफिक पुलिसकर्मी व तकनीकी प्रयोगशालाओं में कार्यरत वैज्ञानिक, न्याय पालिका के सदस्य व वकील भी इसमें शामिल हैं। यह समस्या शिक्षकों में तेज़ी से बढ़ रही है। कहने का मतलब है कि जिन लोगों ने नियमित चलने की आदत छोड़ दी है और ज़्यादा देर तक लगातार बैठने की आदत को गले लगाया है या खड़े रहते हैं, उनके पैरों में वैरिकोज़ वेन्स होना निश्चित है।

अध्ययनों के अनुमान के मुताबिक पांच वयस्कों में से एक वयस्क को वैरिकोज़ वेन्स की शिकायत होती है और वैरिकोज़ वेन्स से पीड़ित 16 प्रतिशत वयस्क 60 वर्ष या उससे ज़्यादा आयु के होते हैं। इस आयु वर्ग के 65 फीसदी लोगों में जिनमें वैरिकोज़ वेन्स का निदान किया गया है उनमें कम से कम एक पैर में वैरिकोज़ वेन्स संबंधी लक्षण पाए गए हैं।

### उपचार से पहले लें सलाह

पैरों में वैरिकोज़ वेन्स की शुरुआत हो चुकी है तो वैस्कुलर सर्जन से परामर्श लें। अक्सर देखा गया है कि वैरिकोज़ वेन्स के मरीज़ कभी चर्म रोग विशेषज्ञ या कभी हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास परामर्श लेने पहुंच जाते हैं। कुछ मालिश पर निर्भर रहते हैं। होश उन्हें तब आता है जब अल्सर जैसी समस्या से ग्रसित होने लगते हैं। वैरिकोज वेन्स का सही इलाज, एक अनुभवी वैस्कुलर सर्जन ही बता सकता है।

### कौन सा उपचार सही है?

वैरिकोज़ वेन्स की शुरुआत होने पर, सर्जरी या लेसर की ज़रूरत नहीं पड़ती है। रोज़ सुबह व शाम एक-एक घंटे टहलें। उछल-कूद बिल्कुल न करें। पैरों को कुर्सी से एक घंटे से ज़्यादा लटकाकर नहीं बैठें और न ही लगातार खड़े रहें। वज़न नियंत्रित रखें। दिन में चलते वक़्त एक विशेष क़िस्म की क्रमित दबाव वाली जुराबों को पहनना पड़ता है। साथ ही, हर दो महीने में वैस्क्युलर सर्जन से परामर्श भी करें।

आरएफए आधुनिक तकनीक है। इसमें कोई सर्जरी नहीं करनी होती है और न ही पैरों की खाल में कोई काटा-पीटी करनी पड़ती है। मात्र चौबीस घंटे में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। इससे उपचार के बाद, मरीज़ अगले दिन से काम पर जाना शुरू कर देता है या सामान्य जीवन जीने लगता है। यह तकनीक लेसर की तुलना में, थोड़ी बेहतर साबित हो रही है। वैरिकोज़ वेंस की समस्या से बचने और काफी हद तक इससे निपटने के लिए यहां कुछ एक्सरसाइज के बारे में बताया गया है, जिसे आप कर सकते हैं।

### वॉकिंग

वॉकिंग या चलना बेहद फायदेमंद है और आमतौर पर सभी उम्र और फिटनेस स्तर के लोगों के लिए सुरक्षित है। नियमित सैर आपको वजन कम करने, स्वस्थ रक्तचाप बनाए रखने और आपकी हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद कर सकती है। साथ ही यह नसों के ब्लड सर्कुलेशन को विनियमित करता है।

### साइकिल चलाना

साइकिल चलाना एक कम प्रभाव वाला व्यायाम है। यह आपके जोड़ों की रक्षा करते हुए भी परिसंचरण को बढ़ा सकता है। नियमित रूप से साइकिल चलाना आपके कॉफ (घुटनों के नीचे के पीछे का हिस्सा) मांसपेशियों को मजबूत कर सकता है और स्वस्थ रक्त प्रवाह को बढ़ावा देता है। आप चाहें तो पारंपरिक तौर पर साइकिल चला सकते हैं। इसके अलावा बिना साइकिल के साइकिल एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसे करने के लिए आप अपनी पीठ के बल लेटकर, अपने घुटनों को अपनी छाती की ओर खींचकर, और अपने पैरों से एक पेडलिंग गति बनाकर अपने पैरों की मांसपेशियों को फैला सकते हैं।

### लंजेज

आपके पैरों और कॉफ में कई अलग-अलग मांसपेशी समूहों का काम करते हैं। जब ये मांसपेशियां मजबूत और स्वस्थ होती हैं, तो वे रक्त को सही दिशा में बहने में मदद कर सकती हैं। अपने पैरों के साथ थोड़ा अलग खड़े होकर शुरू करें। आगे बढ़ें और अपने घुटने मोड़ें। अपने घुटने को सीधे अपने टखने से ऊपर रखना सुनिश्चित करें। कुछ सेकंड के लिए खुद को बैठने की मुद्रा में रखें, फिर खड़े हो जाएं।

# खाने के बाद है चाय पीने की आदत तो अभी कर लें सुधार इन बीमारियों का हो जाएंगे शिकार

पेट की समस्या उन समस्याओं में से एक है, जो आज-कल ज्यादातर लोगों में देखी जा रही है। इस बीमारी से आपका पेट पूरी तरह से जकड़ा हुआ रहता है। इसके चलते न आपका पेट साफ होता है और न ही आप अच्छे से वॉशरूम जाकर फ्रेश हो पाते हैं। यह न केवल आपकी शारीरिक स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि आपकी मानसिक स्थिति को भी काफी ज्यादा प्रभावित करती है। कई लोगों को खाने के तुरंत बाद चाय पीने की भी आदत होती है। यह पेट की सेहत पर काफी बुरा प्रभाव भी डालती है। खाने के तुरंत बाद चाय पीना बॉडी को काफी नुकसान पहुंचाता है। तो आज की इस खबर में हम आपको उन नुकसानदायक चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो खाने के तुरंत बाद चाय पीने को लेकर हो रही है।

### डाइजेस्टिव सिस्टम पर पड़ता है असर

खाना खाने के तुरंत बाद चाय पीने से पेट में गैस की समस्या उत्पन्न हो सकती है। चाय में कैफीन और टैनिन की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन को काफी धीमा कर देती है। यह बाद में पेट दर्द और गैस का कारण भी बन जाती है। इसके बाद खाना धीरे-धीरे हजम होता है और फिर खाने का मन भी नहीं होता है।

### आयरन की हो जाती है कमी

खाना खाने के बाद चाय पीने से शरीर में आयरन की भी कमी हो जाती है और बॉडी में थकान भी महसूस होने लगती है। चाय में मौजूद टैनिन आयरन को बॉडी में रोक सकता है। इसकी वजह से आपके शरीर में आयरन की कमी हो सकती है।

### दांतों को पहुंचता है नुकसान

जो लोग खाना खाने के तुरंत बाद चाय पीते हैं, उनके दांतों को काफी नुकसान पहुंचता है। कहते हैं कि चाय में एसिड होता है, जिसकी वजह से दांत खराब हो जाते हैं। इसकी वजह से दांतों में दर्द और बदबू जैसी समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं।

### नींद की हो जाती है कमी

खाना खाने के तुरंत बाद चाय पीने से नींद की कमी हो जाती है। रात को खाना खाने के बाद चाय पिया जाए तो इससे नींद नहीं आती है। कई लोगों को अक्सर शिकायत रहती है कि चाय पीने के बाद उन्हें रात में नींद नहीं आती है। ऐसे में आपको तुरंत चाय छोड़ देनी चाहिए।

# धूम्रपान न करने वालों के समान जीवन जीते हैं 40 की उम्र से पहले धूम्रपान छोड़ने वाले लोग!



एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि 40 साल की उम्र से पहले धूम्रपान छोड़ने वाले लोग, धूम्रपान न करने वालों के ही समान ही जीवन जीते हैं। एनईजेएम एविडेंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि जो लोग किसी भी उम्र में धूम्रपान छोड़ देते हैं वह धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति जितना ही जीवन जीने के करीब होते हैं। इसका लाभ उस व्यक्ति को केवल तीन वर्षों के भीतर मिल जाता है।

टोरंटो विश्वविद्यालय के दल्ला लाना स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर प्रभात झा ने कहा, धूम्रपान छोड़ना मौत के जोखिम को कम करने में प्रभावी है, और लोग इसका लाभ बहुत जल्दी पा सकते हैं।इस अध्ययन में चार देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और नॉर्वे) के 1.5 मिलियन वयस्कों को शामिल किया गया, जिन पर 15 वर्षों तक नजर रखी गई। 40 से 79 वर्ष की आयु के बीच धूम्रपान करने वालों में उन लोगों की तुलना में मरने का लगभग तीन गुना जोखिम था, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया, जिसका अर्थ है कि उन्होंने औसतन 12 से 13 साल का जीवन खो दिया।

शोधकर्ताओं ने पाया कि पूर्व में धूम्रपान छोड़ने वालों में धूम्रपान न करने वालों की तुलना में मृत्यु का जोखिम 1.3 गुना (या 30 प्रतिशत अधिक) कम हो गया।

अध्ययन में कहा गया है, ₹किसी भी उम्र में धूम्रपान छोड़ना लंबे समय तक जीवित रहने से जुड़ा था, और यहां तक कि जिन लोगों ने तीन साल से कम समय के लिए धूम्रपान छोड़ा, उनकी जीवन छह साल तक बढ़ गया।"

झा के अनुसार, खासकर अधेड़ उम्र में बहुत से लोग सोचते हैं कि धूम्रपान छोड़ने में बहुत देर हो चुक है ।

उन्होंने कहा, लेकिन ये परिणाम उस विचारधारा के विपरीत हैं। अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। आप बड़ी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं, जिसका अर्थ है आपने जीवन लंबा और बेहतर जिया। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान छोड़ने से विशेष रूप से वैस्कुलर डिजीज और कैंसर से मरने का खतरा कम हो जाता है। धूम्रपान छोड़ने वालों में श्वसन रोग से मृत्यु का जोखिम भी कम हो जाता है।

# मैग्नेट थेरेपी से शरीर में होता है ऊर्जा का संतुलन




अ नि य मि त दिनचर्या, बढ़ता तनाव, खानपान में गड़ब़ड़ी और लंबे समय तक एक ही जगह गलत पॉश्चर में बैठना कई रोगों का कारण बनता है। इसमें विशेषकर कमर, कंधे और हाथ-पैरों का दर्द खास है। ऐसे में व्यक्ति के इन्हें नजरअंदाज करने या फिर अनियमित रूप से एंटीबायोटिक, दर्दनिवारक लेने से स्थिति ज्यादा बिगड़ जाती है।

आयुर्वेद में सुजोक, चाइनीज एक्यूप्रेशर और रिफ्लैक्सोलॉजी तकनीकों के अलावा इन दिनों मैग्नेट थैरेपी को खासतौर पर प्रयोग किया जा रहा है। इसमें बिना दर्द व तकलीफ के चिकित्सा होती है। साथ ही इससे कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता।

### असर

10 प्रतिशत रोगियों में इस चिकित्सा से रोग की गंभीरता कम हो जाती है।

12 फीसदी मामलों में मैग्नेट थैरेपी से सर्जरी की आशंका तक घट जाती है।

### जीभ की जांच जरूरी

मैग्नेट थैरेपी में रोगी की जीभ देखकर इलाज का स्तर तय होता है। जीभ का आगे वाला हिस्सा ह्रदय, बायां हिस्सा लीवर, दायां भाग गॉलब्लैडर, बीच का भाग पेट, स्प्लीन व पेनक्रियाज और पिछला भाग ब्लैडर, यूट्रस और किडनी का होता है। इन हिस्सों की आकृति, रंग, इस पर चढ़ी परत, लंबाई, नमी, सूजन, इस पर दांत का निशान आदि देखकर पता लगाते हैं कि शरीर के किस भाग में तकलीफ है। इसी के आधार पर मरीज का इलाज करते हैं।

### ऐसे होता इलाज

शरीर में ऊर्जा के असंतुलन से ही विभिन्न रोग पैदा होते हैं। मेग्नेट थैरेपी में विभिन्न अंगों पर मौजूद ऊर्जा मार्गों पर स्थित बिंदुओं पर अलग-अलग आकार के मैग्नेट को कुछ समय के लिए टेप से चिपका देते हैं। इस चुंबकीय प्रभाव से ये बिंदु जागृत हो जाते हैं जिससे ऊर्जा का संचार सुचारू होता है और इम्यूनिटी बढ़ती है। बार-बार इन ऊर्जा बिंदुओं पर मैग्नेट रखने से परेशानी जड़ से खत्म हो सकती है।

### इनमें फायदेमंद

कंधे, कोहनी में दर्द व खिंचाव के अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर, घुटने, टखना, एड़ी में दर्द, सायटिका, स्लिप डिस्क, सिरदर्द, भूख न लगना, खट्टी डकारें, कब्ज, पाचन संबंधी रोग, थायरॉइड, हाई ब्लड प्रेशर व डायबिटीज जैसे रोगों में काफी फायदा होता है।

# रीढ की हड्डी में दर्द रहता है

**प्रश्न : मेरी उम्र 65 वर्ष है। रीढ़ की हड्डी में दर्द रहने लगा है। जिसके कारण चलने में थोड़ा झुक कर चलने लगा हूं। कृपा कर इससे बचने का उपाय और इलाज बताएं।**

**- महेश राव,जडचर्ला**

उत्तर : रीढ़ की हड्डी हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पूरे शरीर के वजन को ही नहीं उठाता बल्कि हमारे रोजाना के कामकाज में भी ज्यादा जोर इसी पर पड़ता है। आप बैठते उठते समय सही पोश्चर रखें। सही पोश्चर नहीं रहने पर कशेरुकाओं (वर्टीब्रे) पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। बढ़ती उम्र के साथ मेरुदंड में ओस्टियोपोरोसिस, डिस्क डिजनरेशन, स्पाइन ओस्टियोआर्थराइटिस एवं स्पाइनल स्टेनोसिस आदि के होने की संभावना रहती है ।

भोजन में सुधा तत्व वाले खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दही, केला, गाजर आदि शामिल करें। धूम्रपान यदि करते हैं तो तुरंत बंद करें। शरीर का वजन बढ़ने ना दें। भारी वस्तुएं ना उठाएं ।

आयुर्वेद में सुधा तत्व की भरपाई के लिए ऊंझा नवरत्न कल्पामृत रस, ऊंझा प्रवाल पंचामृत रस , अश्वगंधादि चूर्ण के साथ गाय के दूध से सुबह-शाम लेवें। मेरुदंड में दर्द की स्थिति में औरा रस रामेश्वर रस टिकिया और शल्लकी टिकिया या ऊंझा रास्नादी गुग्गुलु एवं त्रयोदशांग गुग्गुलु भोजन के बाद पानी से लेवें। फोम के बिस्तर पर नहीं सोएं। रुई की गद्दी पर सो सकते हैं । कोशिश करके सीधा बैठे या सीधा ही चले । झुकें नहीं। धीरे-धीरे इसमें अंतर अवश्य आएगा।

**प्रश्न : आंखें हमेशा स्वस्थ रहें- उसके लिए क्या करें?**

**- सांबशिव, विकाराबाद**

उत्तर : आंखों का शरीर में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। कहावत प्रसिद्ध है बिना दृष्टि, सब सून! आंखों से ही यह सारा जग जैसा खूबसूरत है, वैसा नजर आता है। आंखें हमेशा स्वस्थ रहें उसके लिए आपके भोजन में जीवनीय तत्व ए और डी का होना जरूरी है। दूध, पनीर, दही, छांछ, हरी सब्जियां, रेशेदार फल में यह विटामिन अधिक होता है ।

*आयुर्वेद का प्रसिद्ध योग त्रिफला घृत आंखों के लिए परम हितकारी है। इस गाय के गर्म दूध में 5 ग्राम की मात्रा में मिलाकर लेने से आंखों की रोशनी तेज होती है।



*भोजन के बाद ऊंझा सप्तामृत लोह टिकिया लेना दृष्टि की कमजोरी को दूर करता है।

*आंखों की सेहत के लिए अच्छी नींद भी जरूरी है। भरपूर नींद आंख की थकान को दूर करती है। *आंखों को धुएं और प्रदूषण से दूर रखें। धुंए का आंख पर बहुत बुरा असर होता है। धुआं आंखों की एलर्जी का कारण बनता है। सिगरेट के धुएं में आंखें बदरंग हो जाती है और समय के पहले ही आंखों के आसपास झुर्रियां आ जाती है।

* दिन में आंखों को चार-पांच बार ठंडे पानी से साफ करें।

*तेज धूप में निकलते समय सनग्लासेस का प्रयोग करें। *ज्यादा कंप्यूटर का काम हो तब आई पावर आई ड्रॉप्स या आईटोन आई ड्रॉप्स डालें। शुद्ध गुलाब जल भी डाला जा सकता है । नेत्र सुधा आई ड्रॉप्स भी उपयोगी है।

* आंखों के नीचे सूजन आ जाए तब चाय कॉफी का प्रयोग बंद कर दें। आंखों को आराम दे।

* रुई के फाहे को शुद्ध गुलाब जल या खीरे के रस में भिगोकर आई पैड्स की तरह प्रयोग करने से आंखों को आराम मिलता है। उसकी थकान दूर होती है। यह कुछ सावधानियां और प्रयोग आंखों की सेहत को बनाए रखते हैं।

**प्रश्न : मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे बहुत तकलीफ से पेशाब आता है। इसका आयुर्वेदिक उपचार बताइए।**

**- प्रकाश राव कुलकर्णी, बीदर**

उत्तर : कष्ट के साथ पेशाब आने को आयुर्वेद में 'मूत्रकृच्छ्रता' कहते हैं। इसमें रोगी को मूत्र बड़ी मुश्किल से आता है। यह बीमारी मिर्च मसालेदार भोजन अधिक खाने, खून में विषैला माद्दा भर जाने तथा मूत्राशय में रुकावट उत्पन्न होने के कारण होता है। मूत्र करते समय पीड़ा और जलन होती है पेशाब बूंद बूंद आता है पेड़ों में दर्द और एक प्रकार की अकड़न होती है काम कभी के साथ बुखार भी आ सकता है। इसका आयुर्वेद में उपचार है। घरेलू उपचार में :

* गोखरू का काढ़ा बनाकर उसमें जरा सी जवाखार मिलाकर सेवन करने से आराम मिलता है।

* जवाखार तथा मिश्री पीसकर ठंडे पानी से सेवन करने पर लाभ मिलता है।

* आधा चम्मच जीरा तथा 2 ग्राम गुड़ दोनों को मिलाकर उपयोग करने पर लाभ मिलता है।

आयुर्वेद के प्रसिद्ध योगो में ऊंझा चंद्रप्रभा वटी, गोक्षुरादि गुग्गुलु की दो-दो गोलियों का सेवन दिन में तीन बार करें और भोजन के बाद ऊंझा चंदनासव एवं उशीरासव आधे कप निवाई पानी में 15-15 मिलीलीटर दवा को मिलाकर प्रयोग करने से कष्ट से पेशाब आना बंद हो जाता है। पथ्य में बार्ली का पानी, नारियल का पानी और सुराही का पानी पीने से आराम मिलता है।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# बैंक-एनबीएफसी ने सोने की नीलामी के नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई, वित्त मंत्री सीतारमण की दो टूक



नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। यदि कोई कर्जदार गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहता है और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह भरोसा दिया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) एक जैसे नियमों से निर्देशित होते हैं। उन्होंने लोकसभा में बताया कि यदि कोई कर्जदार गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहता है तो एनबीएफसी और बैंकों की ओर से सोने की नीलामी के लिए बहुत अच्छी तरह से निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं हैं। एनबीएफसी और बैंक इन प्रक्रियाओं का पालन करते हैं। बैंक खाताधारकों को यह बताने के लिए पर्याप्त संख्या में नोटिस देने की एक प्रक्रिया है कि उनकी सेवा ठीक नहीं है। मंत्री ने कहा कि अगर कोई उधारकर्ता भुगतान करने के लिए वापस नहीं आता है, तो बैंक या एनबीएफसी नीलामी के लिए मजबूर हो जाएगा। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि नीलामी के लिए भी बहुत अच्छी तरह से निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। उन्होंने कहा, यदि इन प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है, तो वास्तव में हमें कार्रवाई करनी है, लेकिन प्रक्रियाओं का पालन बैंकों की ओर से किया जाता है... मुझे लगता है कि यदि ऐसे विशिष्ट मामले हैं, जहां निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन किया गया है, तो मैं इसका ब्यौरा लेने और उस पर कार्रवाई करने के लिए तैयार हूं। मंत्री डीएमके नेता कनिमोझी करुणानिधि के सवालों का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई संस्था स्वर्ण ऋण की अदायगी में चूक करती है तो सोने की नीलामी की जाती है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में सोने की मांग कम नहीं हुई है, बल्कि इसके विपरीत इसमें बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा, भारत में, विशेष रूप से परिवारों, छोटे व्यवसायों के लिए, सोने में निवेश करना एक आम बात है, क्योंकि वे सोचते हैं कि यह कहीं अधिक सुरक्षित और तरल है। एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में, हम देखते हैं कि परिवारों और छोटे व्यवसायों के साथ-साथ भारत की महिलाओं में भी इसमें निरंतर रुचि है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह भी स्पष्ट किया कि भारत के बढ़ते स्वर्ण भंडार, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास मौजूद भंडार भी शामिल हैं, का उद्देश्य किसी भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा को प्रतिस्थापित करने की कवायद नहीं है। उन्होंने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी की इस चिंता का जवाब दिया कि क्या सोने की ओर वैश्विक बदलाव अमेरिकी डॉलर से एक प्रमुख निपटान तंत्र के रूप में दूर जाने का संकेत है।

# बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ हुआ बंद; सेंसेक्स 500 अंक टूटा, निफ्टी 23400 से फिसला



नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सोमवार को सेंसेक्स 548.39 अंकों की गिरावट के साथ 77,311.80 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 178.35 अंक फिसलकर 23,381.60 पर पहुंच गया।

उधर, बीएसई की सहायक कंपनी एशिया इंडेक्स ने सोमवार को अपने व्यापक बाजार परिवार के हिस्से के रूप में पांच नए सूचकांक पेश किए, जिससे बाजार सहभागियों को देश की अगली पीढ़ी की उभरती कंपनियों की विकास क्षमता का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। एशिया इंडेक्स ने एक बयान में कहा कि सूचकांक - बीएसई 1000, बीएसई नेक्स्ट 500, बीएसई 250 माइक्रोकैप, बीएसई नेक्स्ट 250 माइक्रोकैप और बीएसई 1000 मल्टीकैप समान आकार भारित (25 प्रतिशत)- को बड़ी पूंजी से लेकर माइक्रोकैप तक विविध प्रकार की कंपनियों के प्रदर्शन को दर्शाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो भारत के गतिशील इक्विटी बाजार का व्यापक कवरेज प्रदान करता है।

एशिया इंडेक्स के एमडी और सीईओ आशुतोष सिंह ने इन सूचकांकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, बीएसई 1000 भारत के समग्र बाजार पूंजीकरण का 93 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है और इसलिए यह समग्र शेयर बाजार के लिए एक प्रासंगिक बेंचमार्क के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, यह सूचकांक भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के एक व्यापक बैरोमीटर के रूप में कार्य करने के लिए तैयार किया गया है, जो हमारे कॉर्पोरेट क्षेत्र की विविधता और गतिशीलता को दर्शाता है, तथा उन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जो उद्योग जगत की अग्रणी कंपनियां और उभरती हुई कंपनियां हैं।

# अभी तो पार्टी शुरू हुई है...! और सस्ता हो सकता है लोन लेना, रिजर्व बैंक फिर से रेपो रेट कट की तैयारी में




नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) मिडिल क्लास को ब्याज दरों में और कटौती की राहत दे सकता है। बैंक ने हाल ही में 25 बेसिस पॉइंट की कमी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट की और कमी कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंक का प्लान साल 2025 में कुल 75 बेसिस पॉइंट की कमी करने का है। अगर 50 बेसिस पॉइंट की कमी होती है तो इससे न केवल लोन मिलना और सस्ता होगा बल्कि ईएमआई में भी कटौती होगी। यह रिपोर्ट बैंक ऑफ बड़ौदा ने जारी की है। रिपोर्ट बताती है कि आरबीआई ने दरों में कटौती का दौर शुरू कर दिया है। इसमें और कटौती की उम्मीद है, लेकिन समय अभी तय नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे ही आरबीआई दरों में कटौती का दौर शुरू करता है, यह उम्मीद की जा सकती है कि आगे भी कटौती होगी।

**इस साल कितनी होगी कटौती?**

रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक इस कैलेंडर वर्ष में 75 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकता है।

आरबीआई ने हाल ही में रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर इसे 6.25 फीसदी कर दिया है। 5 साल में पहली बार रेपो रेट में कटौती की गई है। मौद्रिक नीति समिति की मीटिंग में इस कटौती का फैसला लिया गया।

**अगली कटौती कब होगी?**

रिजर्व बैंक की एमपीसी की अगली मीटिंग अप्रैल में होगी। माना जा रहा है कि उस समय में रेपो रेट में कटौती को लेकर कुछ फैसला लिया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति 4.4 फीसदी और वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। हालांकि, वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही से मुद्रास्फीति का दबाव कम होने की संभावना है। इससे ब्याज दरों में और कटौती की गुंजाइश बनेगी।

**क्या होता है रेपो रेट?**

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को पैसा उधार देता है। अगर रिजर्व बैंक कम दर पर पैसा उधार देगा तो बैंक भी ग्राहकों को कम दर पर लोन मुहैया कराते हैं। इसमें होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन आदि शामिल हैं। रेपो रेट कम होने से मिडिल क्लास को बड़ा फायदा होता है, क्योंकि इससे ईएमआई का बोझ कम हो जाता है। वहीं दूसरी ओर बाजार में लिक्विडिटी भी बढ़ती है।

# फेल होने के बाद करने लगे थे मजदूरी

## आज 680 करोड़ की कंपनी के मालिक, अब आईपीओ लाने की तैयारी



नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। रेडी-टू-कुक इडली-डोसा बैटर बनाने वाली बेंगलुरु की मशहूर कंपनी आईडी फ्रेश फूड अब आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी अक्टूबर 2027 तक शेयर बाजार में लिस्टिंग की योजना बना रही है। कंपनी के चेयरमैन और ग्लोबल सीईओ पी सी मुस्तफा ने खुद यह जानकारी दी है। कंपनी लॉन्ग टर्म ग्रोथ के लिए आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी उससे पहले अपने प्रदर्शन में और सुधार लाना चाहती है और 1,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करना चाहती है। कंपनी का बिजनस भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी फैला है। कंपनी का एक तिहाई रेवेन्यू यूएई से आता है। कंपनी का लक्ष्य 2024-25 के दौरान 680 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करना चाहती है। यह पिछले साल की कमाई से 126 करोड़ रुपये ज्यादा है। ईबीआईटीडीए के मामले में, कंपनी का लक्ष्य 2024-25 में 9% का मार्जिन हासिल करना है, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुना है। भविष्य के लिए कंपनी ने और भी बड़े लक्ष्य रखे हैं। 2025-26 में 875 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और 15% ईबीआई टीडीए मार्जिन, और 2026-27 में 1,100 करोड़ रुपये की कमाई और 20% ईबीआई टीडीए मार्जिन का लक्ष्य है। यानी कंपनी हर साल ज्यादा रेवेन्यू और ज्यादा प्रॉफिट कमाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

**कंपनी का बिजनेस**

ट्रकएक्सएन के आंकड़ों के अनुसार, आईडी फ्रेश फूड ने प्रेमजी इन्वेस्ट और न्यूक्वेस्ट कैपिटल पार्टनर जैसे निवेशकों से 119 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। 2005 में शुरू हुई इस कंपनी की सबसे बड़ी फैक्ट्री बेंगलुरु में है। इसके अलावा मुंबई, हैदराबाद और यूएई में भी कंपनी की फैक्ट्रीज हैं। साथ ही कंपनी चेन्नई में भी एक फैक्ट्री खोलना चाहती है। विशाखापत्तनम, कोच्चि और कोलकाता जैसे शहरों में कंपनी ने थर्ड पार्टी के साथ हाथ मिलाया है। मुस्तफा ने बताया, 'हम हैदराबाद में 25 करोड़ रुपये की लागत से एक नया प्लांट लगा रहे हैं, जिसके लिए हम अपने मुनाफे से ही पैसा लगा रहे हैं। कंपनी साथ ही अपने उत्पादों की रेंज भी बढ़ा रही है। इस साल, कंपनी ने चटनी की एक नई रेंज लॉन्च की। इससे एक साल के अंदर ही हर महीने 1.5 करोड़ रुपये की कमाई होने लगी। चार महीने पहले शुरू की गई स्पेशल बैटर रेंज से हर महीने 1 करोड़ रुपये की कमाई हो रही है, जबकि बढ़ते हुए पराठा बिजनस से हर महीने 50 लाख रुपये की कमाई हो रही है।

**कैसे हुई शुरुआत**

इस कंपनी की स्थापना मुस्तफा ने की थी जिनका जन्म केरल के दूरदराज के एक गांव में हुआ था। उनके पिता एक दिहाड़ी मजदूर थे लेकिन शिक्षा के महत्व को अच्छी तरह जानते थे। मुस्तफा ने छठी क्लास में फेल होने के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया था और मजदूरी करने लगे थे। लेकिन एक स्कूल टीचर उनके लिए देवदूत बनकर आया। उसकी पहल पर मुस्तफा फिर से स्कूल जाने लगे। फिर उन्होंने पूरे मन से पढ़ाई की और जीवन में बड़ा मुकाम हासिल किया। आईडी फ्रेश फूड का आइडिया उस समय आया जब उनके चचेरे भाई ने एक सप्लायर को एक सादे पाउच में इडली-डोसा बैटर बेचते हुए देखा।

# मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों से इकॉनमी हो सकती है बेहाल

## ब्राजील जैसा हो सकता है भारत का हाल




नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। हाल में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को अपनी ओर रिझाने के लिए एक से बढ़कर एक वादे किए और अब इन पर अमल करने की बारी है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटना अब सिर्फ चुनावी वादा नहीं रह गया है, बल्कि चुनाव जीतने के लिए एक जरूरी दांव बन गया है। एक्विटास इन्वेस्टमेंट्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक राजनीतिक पार्टियां वोट पाने के लिए कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर मुफ्त की चीजें बांट रही हैं। इससे सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे-जैसे राजनीतिक दलों के बीच होड़ बढ़ रही है, कल्याणकारी योजनाएं और मुफ्त की रेवड़ियां चुनावी वादों से आगे बढ़कर राजनीतिक शक्ति का नया पैमाना बन गई हैं। मतलब साफ है कि राजनीतिक दलों के बीच मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट हासिल करने की होड़ मची हुई है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2024 के आम चुनावों ने देश की वित्तीय नीतियों में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। विधानसभा चुनावों से यह और साफ हो गया है कि राजनीतिक दल एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए किस हद तक रेवड़ियां बांटने में लगे हैं। ऐसी योजनाएं भले ही लोगों को थोड़े समय के लिए फायदा पहुंचाएं लेकिन लंबे समय में राज्यों के लिए आर्थिक संकट पैदा कर सकती हैं। रिपोर्ट कहती है कि हमें ध्यान रखना होगा कि आज का फायदा कल मुसीबत न बन जाए।कर्नाटक इसका एक बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस की जीत के बाद वहां कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू हुईं। गृह लक्ष्मी योजना में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये मिलते हैं। इसी तरह गृह ज्योति योजना में 200 यूनिट बिजली मुफ्त है। इन दोनों योजनाओं पर करीब 52,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह रकम राज्य के 2023-24 के वित्तीय घाटे का 78% है। इससे कर्नाटक की आर्थिक स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। बीजेपी ने राज्य में सिर्फ 2,100 करोड़ रुपये यानी घाटे का सिर्फ 3% कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने की योजना बनाई थी।कर्नाटक अकेला नहीं है। दूसरे राज्य भी इसी रास्ते पर चल पड़े हैं। महाराष्ट्र में लाडली बहना योजना शुरू की गई है। राज्य के हाइवेज पर टोल खत्म करने, किसानों का कर्ज माफ करने और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा जैसी योजनाओं पर सालाना 44,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उत्तर प्रदेश ने महिला पेंशन और वृद्ध कल्याण कार्यक्रमों के लिए 36,000 करोड़ रुपये रखे हैं। बिहार में नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 75% आरक्षण लागू किया गया है। दिल्ली में बिजली सब्सिडी बढ़ा दी गई है, जिससे 22 लाख घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है।

# रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर:डॉलर के मुकाबले 44 पैसे गिरकर 87.94 पर आया, विदेशी वस्तुएं महंगी होंगी

नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। रुपया आज यानी 10 फरवरी को अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 44 पैसे की गिरावट है और यह 87.94 रुपए प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले डॉलर के मुकाबले रुपया 87.50 पर बंद हुआ था।एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह हाल ही में भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेशकों के जरिए की जा रही बिकवाली है। इसके अलावा जिओ पॉलिटिकल टेंशन्स कारण भी रुपए पर नेगेटिव असर पड़ा है।

**इंपोर्ट करना होगा महंगा**

रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इंपोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाते थे। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 86.31 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।




**करेंसी की कीमत कैसे तय होती है?**

डॉलर की तुलना में किसी भी अन्य करेंसी की वैल्यू घटे तो उसे मुद्रा का गिरना, टूटना, कमजोर होना कहते हैं। अंग्रेजी में करेंसी डेप्रिशिएशन। हर देश के पास फॉरेन करेंसी रिजर्व होता है, जिससे वह इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन करता है। फॉरेन रिजर्व के घटने और बढ़ने का असर करेंसी की कीमत पर दिखता है। अगर भारत के फॉरेन रिजर्व में डॉलर, अमेरिका के रुपयों के भंडार के बराबर होगा तो रुपए की कीमत स्थिर रहेगी। हमारे पास डॉलर घटे तो रुपया कमजोर होगा, बढ़े तो रुपया मजबूत होगा। इसे फ्लोटिंग रेट सिस्टम कहते हैं।

# सोना पहली बार 85 हजार के पार : 41 दिनों में 9206 कीमत बढ़ी

## इस साल दाम 90 हजार तक जा सकते हैं



नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। सोना आज यानी 10 फरवरी को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 669 रुपए बढ़कर 85,368 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 84,699 रुपए प्रति दस ग्राम के ऑलटाइम हाई पर था। वहीं, चांदी में आज गिरावट है। 1 किलो चांदी की कीमत 451 रुपए कम होकर 94,940 रुपए किलो पर आ गई है। कल चांदी का भाव 95,391 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**1 जनवरी से अब तक सोना 9,206 महंगा हुआ**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,206 रुपए बढ़कर 85,368 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 8,923 रुपए बढ़कर 94,940 रुपए पर पहुंच गया है।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,210 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,060 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,800 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,060 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,060 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,850 c और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,110 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 87060 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 79800/10 ग्राम।

# रेपो रेट घटने के बाद भी

## एचडीएफसी बैंक ने बढ़ा दी आपकी ईएमआई, महंगा कर दिया लोन

नई दिल्ली,10 फरवरी (एजेंसियां)। अगर आप भी रिजर्व बैंक के रेपो रेट की कटौती के फैसले से खुश हो रहे हैं और सोच रहे हैं कि इस फैसले से आपकी लोन ईएमआई, कम हो जाएगी तो ये खबर आपको झटका दे सकती है। दरअसल, रिजर्व बैंक के रेपो रेट में कटौती के बावजूद भी देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक ने लोन महंगा कर दिया है, जिसका सीधा असर आपकी लोन ईएमआई, पर पड़ेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही थी कि इस ऐलान के बाद बैंक के लोन सस्ते हो जाएंगे। लेकिन देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने तो इस ऐलान के बाद चुपचाप लोन ही महंगा कर दिया।

**बैंक ने बढ़ा दिया एमसीएलआर**

एचडीएफसी बैंक ने कुछ पीरियड पर मार्जिन कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट्स यानी एमसीएलआर में 5 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी की है। गौर देने वाली बात है कि ये एमसीएलआर रेट सिर्फ ओवरनाइट पीरियड पर बढ़ाया गया है। पहले 9.15 फीसदी एमसीएलआर को बढ़ाकर 9.20 फीसदी कर दिया है। नई ब्याज दरें 7 फरवरी 2025 से लागू हो गई हैं।

बैंक एमसीएलआर को तय करते समय कई फैक्टर्स को ध्यान में रखते हैं। जैसे कि डिपॉजिट रेट, रेपो रेट, ऑपरेशनल कॉस्ट और कैश रिजर्व रेशो इन सब को बनाए रखने की कॉस्ट एमसीएलआर में शामिल होती है। जब भी रेपो रेट में बदलाव होता है तो बैंकों के एमसीएलआर रेट पर भी असर पड़ता है।

एमसीएलआर में बढ़ोतरी का असर होम लोन, ऑटो लोन, पर्सनल लोन समेतसभी तरह के लोन की ईएमआई पर दिखता है। ऐसे में अगर एमसीएलआर बढ़ता है तो पुराने ग्राहकों को लोन ईएमआई पर ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं, इसके अलावा नया लोन भी ग्राहकों को महंगे रेट पर मिलता है।

# दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-48
सूर्यास्त. - 18-12
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी . 18-54 तक उपरान्त पूर्णिमा
मास - माघ शुक्ल , मंगलवार 11 February
नक्षत्र - पुष्य 18-33 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - आयुष्मान 09-04 तक उप
करण- गर 06-52 तक उप वणिज
विशेष:- कुंभ मे बुध
व्रत -त्योहार - स्वामी करपात्रीजी पुण्य

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर मे | मकर... | 05-04 बजे |
| चंद्र- | कर्क मे | कुंभ... | 06-54 बजे |
| मंगल | मिथुन (व) मे | मीन... | 08-32 बजे |
| बुध- | मकर मे | मेष... | 10-08 बजे |
| गुरु- | वृष मे | वृष... | 11-52 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | मिथुन | 13-53 बजे |
| शनि- | कुंभ मे | कर्क.. | 16-05 बजे |
| राहु- | मीन मे | सिंह... | 18-18 बजे |
| केतु- | कन्या मे | कन्या... | 20-24 बजे |
| | | तुला.... | 22-30 बजे |
| | | वृश्चिक... | 00-40 बजे |
| | | धनु...... | 02-53 बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:23 से 16:49 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग।. | 06:48 - 08:12 | अशुभ |
| उत्पात | 08:12 - 09:38 | अशुभ |
| चंचल | 09:38 - 11:04 | शुभ |
| लाभ | 11:04 - 12:30 | शुभ |
| अमृत | 12:30 - 13:57 | शुभ |
| काल | 13:57 - 15:23 | अशुभ |
| शुभ | 15:23 - 16:49 | शुभ |
| रोग | 16:49 - 18:12 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 18:12 - 19:49 | अशुभ |
| लाभ | 19:49 - 21:23 | शुभ |
| उत्पात | 21:23 - 22:56 | अशुभ |
| शुभ | 22:56 - 00:30 | शुभ |
| अमृत | 00:30 - 02:04 | शुभ |
| चंचल | 02:04 - 03:38 | शुभ |
| रोग | 03:38 - 05:12 | अशुभ |
| काल | 05:12 - 06:08 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) — आप चुस्त , विश्वसनीय , दृढ़ और सक्रिय हैं। ये गुण आपको किसी भी साक्षात्कार में आगे रखने में आपकी मदद करेंगे । आप आज अगर किसी भी साक्षात्कार के लिए जा रहे हैं तो अपनी शारीरिक भाषा पर ध्यान दे । आज का दिन सफेद रंग शुभ है और अपने कपड़ों के कुछ हिस्से में यह रंग पहने । वित्तीय मामलों आज औसत रहेंगे । आज आप संपत्ति खरीदने की योजना भी बना सकते है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आप अच्छे स्वभाव के व्यक्ति हैं और सामाजिक कार्यो में भी भाग लेते रहे है । आज आपके इन गुणों की बहुत सराहना की जाएगी और उनके लिए पुरस्कार भी दिया जाएगा । आपको अपने आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए अदभुत सलाह भी मिल सकती है और आप वो सब पा सकते है जो अपने बलबूते पर पाना इतना आसान नहीं था ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — आज आप सबसे बड़े ग्राहकों में से एक के साथ अपने सौदे को अंतिम रूप दे सकते है। उनके साथ एक लंबी अवधि के अनुबंध पर आप हस्ताक्षर करने के लिए आगे बढे । ग्राहक वित्तीय संसाधनों से परिपूर्ण है , जिससे की आपके कार्यालय पर वित्तीय बोझ कम होगा । आपको अगर ग्राहकों से और सौदे लेने है तो आपको अपने सामान्य ज्ञान का अच्छा परिचय देना होगा और साथ ही साथ उन्हें एक अच्छी व्यापारिक सेवा देनी होगी ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आपको काफी समय से अपने सहकर्मियों की मदद मिल रही थी परन्तु अब समय ये मदद लौटने का है । अब आप अपने किसी सहकर्मी की मदद कर सकते है जिससे आपकी स्थिति आपके कार्यालय में और ददृढ़ता से मजबूत होगी और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी । हो सकता है आज आपको देर तक कार्य करना पड़े पर ये आपके लिए सहायक ही सिद्ध होगा ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — आज आपको एक अच्छी नौकरी की पेशकश मिल सकती हैं , लेकिन आपको इस नौकरी का लाभ लेने के लिए एक अलग शहर या यहां तक कि किसी दूसरे देश में बदलाव करना पड़ सकता है । ये नौकरी की पेशकश बहुत ही आकर्षक लग सकती है पर यह आपके परिवार के सदस्यों पर प्रभाव डालेगी , इसलिए इसे स्वीकार करने से पहले आपको विभिन्न कोणों पर विचार करने की जरूरत है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — कुछ दिनों से आपके कार्य क्षेत्र में चीज़े आपके अनुसार नहीं चल रही थी परन्तु अब कुछ सुधार आने की उम्मीद है । आपको ये याद रखना होगा की कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ मैत्रीपूर्ण व्ययहार रखने से आप शांति से काम में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं । अगर आप थोड़ी सी नरमी दिखाए तो कार्य क्षेत्र के मित्रो के साथ आप शांत माहौल का मजा ले सकते है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — आपकी वित्तीय नियोजन और कड़ी मेहनत ने रंग दिखाया है । जो लोग पहले आप पर शक करते थे और आपके निर्णय से सहमत नहीं होते थे , वे आपके तर्क और दूरदर्शिता की आपकी शक्तियों से प्रभावित होंगे । वित्तीय सफलता की इस अवधि का आप आनंद लें । आज आप विलासिता से संभंधित वस्तुओ पर व्यय कर सकते है , जो आप लम्बे समय से करना चाह रहे थे ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — आपका कार्य के समय हर छोटे बिंदु का मूल्यांकन और हर कार्य को पूरा करने के लिए सावधानी बरतना आपके वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपकी और आकर्षित करेगा । आपको और अधिक जिम्मेदारी दी जाएगी ।आपको अपने सामान्य कुशल तरीके से इन से निपटना होगा ताकि ये आपके कैरियर के अवसरों में आने वाले समय में वृद्धि कर सके ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आपने पिछले कुछ दिनों में कुछ अधिक खर्च किया है जिसके आप आदी नहीं हैं । आज सतर्कता की अवस्था आप के अंदर रहेगी । आपके दृष्टिकोण में एक उल्लेखनीय बदलाव आएगा और आप अपने बजट को सख्त बनाने और धन संचय पर अधिक जोर देंगे , हालाँकि आपको अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाना होगा की आपका धन बर्बाद और खत्म हो जाएगा ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आप अपने समकक्षों के साथ भागीदारी प्राप्त करने के लिए कठिन प्रयास कर रहे है और आज आपकी यात्रा एक संतोषजनक स्थिति पर समाप्त होगी ! आप उस पुरस्कार राशि के लाभार्थी हो सकते है जो इस साझेदारी का नतीजा है । आपका एक करीबी सहयोगी आपको अपना समर्थन देने के लिए विशेष शब्दों के साथ आपका धन्यवाद कर आपको सम्मानित कर सकता है ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — आज आप एक ऐसे सफल पेशेवर से मिल सकते है जो आपका कार्य करने के लिए उपलब्ध सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है , लेकिन उसके साथ साझेदारी के गठन से पहले थोड़ा सावधान रहे , संभावना है कि वह कार्य के मध्य में अपनी दरों में वृद्धि कर सकता है । सर्वश्रेष्ठ विकल्प ये होगा की आप ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करे जिसमे दरें गतियमान की बजाय स्थायी हो ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — जो लोग विलासिता के सामान के व्यवसायों में शामिल हैं , वे लोग आज बहुत लाभ में रहेंगे और साथ ही साथ जो लोग स्वरोजगार में हैं , वे भी अपनी दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं और साथ ही साथ मन वांछित राशि की प्राप्ति कर सकते हैं। उन लोगों पर ध्यान न दें जो लोग आपकी सराहना करने में विफल रहते हैं, बस अपनी विशेषज्ञ कौशल से लाभ प्राप्त करने की इच्छा रखने वालो के महत्व को आप स्वीकार करें ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# परीक्षा पे चर्चा, रायपुर की युक्तामुखी का पीएम से सवाल

## छोटी–छोटी जीत से कैसे रहें खुश, प्रधानमंत्री बोले– टारगेट ऐसा बनाएं, जो पकड़ में ना हो

रायपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायपुर के मायाराम सुरजन स्कूल की छात्रा युक्तामुखी साहू ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान पीएम मोदी से सवाल किया। छात्रा ने पीएम से पूछा कि- 'हम छोटी-छोटी जीत से खुश कैसे रहें? मैं हर चीज में ज्यादा नेगेटिव हो जाती हूं।'

पीएम मोदी ने युक्तामुखी से पूछा, 'आप खुद सोचती हैं कि चीजें नेगेटिव हैं, या कोई और आपको ऐसा महसूस कराता है?' इसके जवाब में युक्तामुखी ने बताया कि वह 10वीं में 95% की उम्मीद कर रही थीं, लेकिन 93% आने पर बहुत डिप्रेस्ड हो गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और टीचर्स से बातचीत की। इस इवेंट का मकसद स्टूडेंट्स को एग्जाम स्ट्रेस से बचाना और उन्हें मोटिवेट करना है।

युक्तामुखी साहू के सवाल का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं तो इसे सक्सेस मानता हूं, टारगेट ऐसा बनाएं, जो पहुंच में हो लेकिन पकड़ में ना हो, पहले तो मैं आपको बधाई देता हूं कि आपने अपनी ताकत से से 2 पॉइंट ज्यादा का टारगेट रखा, ये बुरा नहीं है और देखिए अगली बार अगर आप 97 का टारगेट रखेंगी




तो 95 जरूर ले आएंगी। आप पर गर्व इस बात का है कि आपने 95 टारगेट रखा, आपने 97 का नहीं रखा, आपने 99 का नहीं रखा, आपने 100 का नहीं रखा। 95 की रखा क्या आपको अपने पीछे भरोसा था, एक ही चीज को आप अगल तरीके से देख सकते हैं। ये सवाल परीक्षा पर चर्चा के दौरान चैप्टर 13 रियलाइज योर पोटेंशियल, अचीविंग टारगेट में युक्तामुखी ने पूछे। हर बार से इस बार परीक्षा पर चर्चा अलग रही। मंच पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने के बजाय छात्रों से खुले माहौल में चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले तनाव और डर को कम करने के लिए आठवीं बार परीक्षा पे चर्चा की।

क्रिकेटर की तरह सिर्फ बॉल (लक्ष्य) पर ध्यान दें, बाहरी दबाव को नजरअंदाज करें।

पढ़ाई पर फोकस करें, दूसरों की राय या सामाजिक दबाव को नजरअंदाज करें।

**खुद को चुनौती दें – खुद से मुकाबला करें**

हर बार अपने आप को बेहतर बनाने का संकल्प लें।

अपने सपनों को पहचानें और उनके लिए मेहनत करें।

**सच्चे लीडर बनें – 'जहां कम, वहां हम'**

लीडर बनने के लिए दूसरों की मदद करना और खुद को उदाहरण बनाना जरूरी है।

टीमवर्क और जिम्मेदारी निभाना सीखें।

**सिर्फ किताबों में मत उलझो, खुला आसमान चाहिए**

पढ़ाई जरूरी है, लेकिन साथ ही एक्स्ट्रा एक्टिविटीज़ भी करनी चाहिए।

बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार सीखने दें।

**समय प्रबंधन सबसे जरूरी**

24 घंटे सबके पास होते हैं, फर्क सिर्फ उसके सही इस्तेमाल से पड़ता है।

बेकार की गपशप और समय बर्बाद करने से बचें।

**मन की बात शेयर करें – तनाव को दूर करें**

अपनी दुविधाएं और समस्याएं परिवार और दोस्तों से साझा करें।

बातचीत करने से डिप्रेशन और स्ट्रेस कम होगा।

**मेडिटेशन और प्राणायाम अपनाएं**

ध्यान और योग से मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ती है।

लॉफ्टर थेरेपी अपनाएं, खुश रहना भी जरूरी है।

**पेरेंट्स और टीचर्स बच्चों का प्रेशर न बढ़ाएं**

माता-पिता बच्चों की रुचियों को समझें और उन्हें जबरदस्ती करियर न थोपें। तुलना करने की बजाय बच्चों की खूबियों को पहचानें और प्रोत्साहित करें।

# 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में पूर्व एसडीओ, रखा पक्ष

बोले- हर सिक्के के दो पहलू होते हैं पहले पहलू पर हुआ बहुत ज्यादा दुष्प्रचार

हजारीबाग, 10 फरवरी (एजेंसियां)। हजारीबाग सदर के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को रविवार की देर शाम रांची के गिरफ्तार किए जाने के बाद आज हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में शारीरिक जांच के लिए ले जाया गया। कोर्ट में पेश किए जाने के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में लेते हुए लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। जेल जाने से पहले उन्होंने पहली बार अपना पक्ष मीडिया के सामने रखा। उन्होंने कि इस मामले में सिक्के के दूसरे पहलू को नहीं देखा गया है। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं।

पहले पहलू पर बहुत ज्यादा दुष्प्रचार हुआ है। वहीं उनके अधिवक्ता राजकुमार राजू ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर जमानत के लिए अर्जी दी जाएगी।

# भाजपा पार्षद प्रत्याशी को लोगों ने पैसे बांटते पकड़ा

## नोटों से भरे 10–15 लिफाफे नाले में फेंके, कांग्रेस बोली–यही भाजपा का चरित्र

बिलासपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। बिलासपुर नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड क्रमांक 7 के भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्याम कार्तिक को स्थानीय लोगों ने पैसे बांटते हुए पकड़ा है। प्रत्याशी ने घबराकर पैसों से भरा लिफाफा नाली में फेंक दिया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। मामला यदुनंदन नगर के बीड़ी मजदूर कॉलोनी का है।

वीडियो में दिख रहा है कि लिफाफे नाले में बह रहे हैं। स्थानीय लोग कह रहे हैं, लिफाफे को नाले से निकालो, निकालो। इसके बाद एक युवक नाले में उतरता है। वहां से 10-15 लिफाफों को नाले से निकालता है। लिफाफे से 200-200 के नोट निकले हैं। इस पर कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी पैसों के दम पर चुनाव जीतना चाह रही है।

वीडियो में दिख रहा है कि 15-20 लोग बीजेपी पार्षद प्रत्याशी को घेर लिए हैं। वह पैसे बांटने से



रोकते हैं। लिफाफे को चेक कराने बोलते हैं। इस दौरान पार्षद डर जाता है कि कहीं उसकी ये हरकत लोगों को पता न चल जाए। वह बिना देर किए कॉलोनी में ही सड़क किनारे लिफाफे को नाले में डाल देता है। भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्याम कार्तिक वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। पहली बार वह खुद पार्षद थे। दूसरी बार उनकी पत्नी अनीता वर्मा पार्षद रहीं। अब पत्नी के बाद उन्हें बीजेपी ने पार्षद प्रत्याशी बनाया है। श्याम कार्तिक का मुकाबला कांग्रेस के रहस्य सूर्यवंशी से है।

इस पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बीजेपी को घेरा। उन्होंने कहा बीजेपी नगर निगम के चुनाव में घबरा गई है। बीजेपी पैसों के दम पर दबावपूर्वक और छल कर चुनाव को जीतना चाहती है। यह बीजेपी का चरित्र है। उनका चेहरा मतदाताओं के सामने आ रहा है।

केशरवानी ने कहा कि बीजेपी प्रत्याशी श्याम कार्तिक पैसे बांटते रंगेहाथों पकड़ाया है। बीजेपी हर वार्ड में दबाव देकर कांग्रेस प्रत्याशियों और समर्थकों को डरा रही है। मतदाताओं को प्रलोभन दे रही है। हर वार्ड में पैसे और शराब देकर चुनाव को प्रभावित कर रही है।

केशरवानी ने कहा कि हमने निर्वाचन अधिकारी से इसकी शिकायत की गई है। चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि निष्पक्ष होकर लोकतंत्र के हिसाब से चुनाव हो, संविधान के हिसाब से चुनाव हो। अब हम शिकायत के बाद कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त

ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हुआ हादसा, 6 लोग घायल

धनबाद, 10 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर कोलकाता लौट रहे श्रद्धालुओं की कार धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तोपचांची थाना क्षेत्र के मानटांड़ के पास एनएच-19 पर हुई इस दुर्घटना में 6 लोग घायल हो गए, जिनमें एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जायलो कार में सवार यात्री रविवार शाम 4 बजे प्रयागराज से निकले थे। कार चालक सोमनाथ के अनुसार, तोपचांची के पास उनकी आंख लग जाने के कारण यह हादसा हुआ। घायलों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्काल कार्रवाई से सभी घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बीजेपी सांसद ने टीआई को कहा- बदतमीज, वसूली में लगे हो

## जाम में फंसने से भड़के कांकेर एमपी नाग, बोले– वीआईपी को 1 घंटा रोकोगे

कांकेर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक घंटे तक जाम में फंसने से नाराज बीजेपी सांसद भोजराज नाग थाना प्रभारी पर भड़क गए। मामले का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सांसद पहले सड़क पर फिर थाने में टीआई को लताड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वे कहते दिख रहे हैं कि इस प्रकार का नाटक करोगे। तमाशा बनाकर रखे हो। बदतमीज कही के, पैसा वसूली में लगे हुए हो। एक घंटा से वीआईपी आदमी को रोकोगे। ऐसी टीआई गिरी करोगे। एसपी से तुम्हारी शिकायत करूंगा। तुम्हारी बहुत शिकायत है वसूलीबाजी की, चलो थाने। मौके पर मौजूद किसी शख्स ने घटना का वीडियो बना लिया, जो वायरल हो रहा है। दरअसल, रविवार की रात 10 बजे माइंस से आ रही गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। जिस वजह से भानुप्रतापपुर में जाम लग गया था। जाम में कार्यक्रम से लौट रहे सांसद भोजराज नाग की गाड़ी भी फंस गई। उन्होंने भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख को मौके पर आने कहा। टीआई को भी मौके पर पहुंचने में समय लग गया। नाराज सांसद ने मौके पर टीआई की क्लास लगा लगा दी। सांसद के कहा कि वीआईपी गाड़ी को 1 घंटे से खड़े कर मजाक बना दिए हो। माइंस की गाड़ियों को रोककर वसूली करते हो। इसके बाद सांसद ने एसपी से शिकायत की बात कहते हुए उन्हीं के थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। थाने का भी एक वीडियो सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि सांसद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल के सामने भी थाना प्रभारी को सुनाते रहे। पूरी घटना पर पुलिस का कहना है कि माइंस से आने वाली गाड़ियां नो एंट्री में आ रही थी, जिन्हें रोककर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा था। कुछ लापरवाही की वजह से जाम लग गया। जिसमें सांसद फंस गए। सांसद को निकालने की कोशिश की जा रही थी। लंबा जाम होने की वजह से समय ज्यादा लग गया। सांसद भोजराज नाग ने इस मामले में कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भानुप्रतापपुर से कांकेर की ओर जा रहा था।

# छत्तीसगढ़ एटीएस की बड़ी कार्रवाई तीन संदिग्ध बांग्लादेशी गिरफ्तार

## फर्जी दस्तावेज बनवाकर रायपुर में रहे, बताया क्या थी प्लानिंग

रायपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों को एंटी टेररिज्म स्क्वाड ने गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम ने लोकल पुलिस के साथ मिलकर यह कार्रवाई की है। तीनों आरोपियों के पास से टीम को फर्जी दस्तावेज मिले हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों लोग फर्जी दस्तावेज बनाकर रायपुर में रह रहे थे। यह तीनों सगे भाई हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर और शेख साजन के रूप में हुई है। तीनों रायपुर के टिकरापारा के मिश्रा बाड़ा, ताजनगर में रहते थे। गिरफ्तारी के बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार, तीनों संदिग्ध सगे भाई है। तीनों के पास से फर्जी दस्तावेज मिले हैं। तीनों फर्जी दस्तावेज बनवाकर इराक के बगदाद भागने की फिराक में थे। इनके पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड के साथ ही



बगदाद का वीजा बरामद किया गया है। संदिग्धों से पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे तीनों जियारत के बहाने बगदाद जाकर छिपकर रुकने वाले थे, वापस भारत नहीं आने वाले थे। तीनों व्यक्तियों ने रायपुर में रहने के दौरान भारतीय दस्तावेज आधार, पैनकार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवाया गया है। यूसीसी लागू होने और भारत में पकड़े जाने के डर से जन्मतिथि के प्रमाण पत्र के लिए फर्जी मार्कशीट उन्होंने मोहम्मद आरिफ के जरिए बनवाई थी। उन्हें जानकारी मिली थी कि पहले भी मोहम्मद आरिफ ने कुछ लोगों के फर्जी दस्तावेज बनाए थे और इराक गए थे। टिकरापारा रायपुर में मिश्रा बाड़ा निवासी इन तीनों व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेज बनवाए थे। 26 जनवरी 2025 को वह रायपुर से बगदाद जाने के लिए रवाना हुए थे। इसके लिए हावड़ा मुंबई मेल ट्रेन से मुंबई पहुंचे थे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ एटीएस ने एटीएस मुंबई नागपाड़ा यूनिट को इसकी जानकारी दी।

# महिला हेडमास्टर बोलीं-टीचर ने कमर पर हाथ रखा

बाजार में छेड़खानी की, बदनाम करने की धमकी दी, एफआईआर के बाद आरोपी फरार

राजनांदगांव, 10 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के सरकारी स्कूल में पदस्थ महिला हेडमास्टर छेड़खानी का शिकार हुई है। आरोपी शिक्षक विष्णु शर्मा भी उसी गांव में मिडिल स्कूल में पढ़ाता है। महिला का कहना है कि, टीचर कई दिनों से परेशान कर रहा था। एक बार तो उसने कमर पर हाथ भी रखा था। महिला हेडमास्टर ने बदनाम करने की धमकी मिलने की भी बात कही है। परेशान होकर महिला ने तुमड़ीबोड़ थाने में 30 जनवरी को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपी शिक्षक फरार है। वहीं शिक्षा विभाग ने शिकायत के बाद आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

इस मामले में महिला हेडमास्टर से बात की। उन्होंने बताया कि 3 साल पहले उनकी हेडमास्टर के पद पर पोस्टिंग हुई थी।

# पवन सिंह के साथ सेल्फी के लिए उमड़ी भीड़

## दो घंटे में ही कार्यक्रम रोकना पड़ा, भोजपुरी सुपरस्टार की एक झलक पाने को दिखे बेताब

धनबाद, 10 फरवरी (एजेंसियां)। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह रविवार रात को धनबाद पहुंचे। चिटाही स्थित रामराज मंदिर के वार्षिकोत्सव में एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से समां बांध दिया। देर रात तक लोग नाचते-झूमते रहे। पवन सिंह के नजदीक पहुंचने, उनके साथ सेल्फी लेने के लिए युवा उतावले हो रहे थे। रह-रहकर हो-हल्ला हो रहा था। धीरे-धीरे हंगामा बढ़ता चला गया। आखिरकार आयोजकों को रात 10 बजे शुरू हुए कार्यक्रम को दो घंटे बाद 12 बजे ही समाप्त कर देना पड़ा। सुपरस्टार सिंगर पवन सिंह ने चिटाही के रामराज मंदिर में रविवार की रात एक से बढ़कर एक हिंदी और भोजपुरी भजनों की पेश कश से समां बांध दिया। भजन संध्या में उन्होंने जब दुलरी बड़ी दुलरीहो मईया बड़ी दुलरी, भजन मां के चरणों में




समर्पित किया, तो पूरे पंडाल में मां के जयकारे गूंजने लगे। उसके बाद चमचम चमके लाल चुनरी, लगा ता माई मोरी सुनरी, सूरज के किरनों लजा गइली, सरमा गइली..., छोटी रे मोटी मैया हो...,भगती भाव चाहिए, दिल से लगाव चाहिए, सबरी ने देखा सपनवा, राम आए हैं अंगनवा... गाया तो लोग झूमने-नाचने लगे। गायिका शिल्पी ने भी अपने अंदाज में श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। पवन सिंह को सुनने-देखने के लिए ऐसी दीवानगी थी कि उनके पूरे कार्यक्रमके दौरान काफी हो-हल्ला होता रहा। इससे सुधि श्रोता ठीक से उनके भजन नहीं सुन सके। युवा खासकर पवन सिंह की एक झलक पाने को बेताब दिखे। पंडाल और उसके बाहर तिल धरने तक की जगह नहीं थी। हो-हल्ले की वजह से ही रात 12 बजे पवन सिंह को अपना कार्यक्रम समाप्त करना पड़ा। पवन सिंह ने कहा कि धनबाद में इतना सुंदर आयोजन और देर रात तक इतनी बड़ी संख्या में श्रोताओं को देखकर मन गदगद हो गया।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा से पहले कोचिंग सेंटरों पर छापेमारी

67 हजार परीक्षार्थी देंगे एग्जाम सेंटर के 100 मीटर तक धारा 144 लागू

पलामू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। पलामू में मंगलवार से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। प्रश्नपत्र लीक नहीं हो इसे देखते हुए पुलिस ने परीक्षा से 24 घंटे पहले कोचिंग संस्थानों पर छापेमारी की। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मेदिनीनगर में छह कोचिंग संस्थानों के कंप्यूटर और दस्तावेजों की जांच की। हालांकि कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इस वर्ष मैट्रिक में 34,665 और इंटरमीडिएट में 32,597 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 11 फरवरी से 3 मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं के लिए सदर अनुमंडल में 50 और हुसैनाबाद में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# ऑटो ड्राइवर की बेटी ने किया कमाल

## 5895 फीट की ऊंचाई पर फहराया तिरंगा आर्थिक स्थिति सुन सीएम भी हुए थे भावुक

रायपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की बेटी और पर्वतारोही निशा यादव को अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर तिरंगा लहराने पर बधाई दी है। निशा यादव ने 5895 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा लहराया है। सीएम ने ऐतिहासिक उपलब्धि पर निशा को बधाई दी है। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि निशा की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प, संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल है। निशा की सफलता ने यह साबित कर दिया कि संकल्प और समर्पण से कोई भी शिखर असंभव नहीं है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी निशा की सफलता संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक गौरवशाली उपलब्धि है। निशा ने अपने परिश्रम और साहस से प्रदेश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि कुछ महीने पहले बिलासपुर में निशा से मुलाकात हुई थी, जहां उन्होंने




उसके संकल्प को देखकर उसे 3.45 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की थी। जिससे वह अपने लक्ष्य को पूरा कर सके। सीएम ने कहा- अब निशा ने किलिमंजारो पर विजय प्राप्त कर तिरंगा फहराया है, तो यह साबित हो गया कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है।

निशा यादव का सफर आसान नहीं था। बिलासपुर जिले के एक ऑटो चालक की बेटी होने के बावजूद उन्होंने अपने सपने को साकार करने का साहस दिखाया। सीमित संसाधनों के बावजूद, उन्होंने कभी अपने हौसले को कमजोर नहीं होने दिया और पर्वतारोहण के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। सीएम ने निशा यादव की आर्थिक स्थिति पर उनसे फोन में बात की थी। इस दौरान उन्होंने अपनी असमर्थता जताई थी। जिसके बाद सीएम ने मदद का भरोसा दिया था।

सीएम ने निशा यादव से फोन पर बात करते हुए पूछा था कब जाना है आपको? निशा ने कहा कि मुझे जनवरी में जाना है लेकिन फीस दिसंबर महीने में भरनी पड़ेगी। वीजा प्रोसेस के लिए फीस दिसंबर के पहले हफ्ते में जमा करनी पड़ती है। निशा की बात पर सीएम ने कहा दिसंबर में आपको पैसे मिल जाएंगे। सीएम की बात सुनकर निशा भावुक हो गईं थीं।

सीएम साय ने कहा- निशा की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह संदेश देती है कि अगर आपमें जज़्बा और समर्पण है, तो कोई भी कठिनाई आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने से रोक नहीं सकती।

# बिहार जा रही बस पलामू में पलटी, 24 यात्री घायल

पलामू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से बिहार के आरा जा रही यात्री बस अहले सुबह 4:30 बजे पलामू जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नेशनल हाईवे 139 पर हरिहरगंज के सुल्तानी गांव में शिवालिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप के सामने बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। हादसे में दो दर्जन यात्री घायल हुए। जिनमें से 6 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। यात्रियों का कहना है कि बस कई किलोमीटर से अनियंत्रित होकर कभी दाएं तो कभी बाएं चल रही थी। ड्राइवर नींद में गाड़ी चला रहा था। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों और कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों ने घायलों को 108 एंबुलेंस और कंपनी की एंबुलेंस से हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल कंचन देवी, सुमित्रा देवी, तैमून निशा, प्रेम कुमार, भरत कुमार और रमवती देवी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। अधिकतर घायल बिहार के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं, जिनमें आरा, रोहतास और भोजपुर जिले के यात्री शामिल हैं। हरिहरगंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# बदले की भावना में की थी नाबालिग छात्रा की हत्या

## महिला ने प्रेमी संग मिलकर किया मर्डर, गुजरात से पकड़े गए आरोपी

गिरिडीह, 10 फरवरी (एजेंसियां)। देवरी थाना क्षेत्र के चतरो के तुरियाटोला गांव की नाबालिग छात्रा की हत्या मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। नाबालिग की हत्या उसके घर के पास रहने वाली अनीता देवी ने अपने प्रेमी के संग मिलकर की थी। हत्या के पीछे की वजह आपसी रंजिश है।

अनीता ने पुलिस को बताया कि कुछ साल पहले उसकी बेटी प्रेमी के साथ भाग गई थी। इसमें नाबालिग छात्रा की संलिप्तता थी। इसी बदले की भावना से उसकी



हत्या की गई। गिरिडीह के एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि 27 जनवरी को देवरी थाना क्षेत्र के चतरो के तुरियाटोला गांव से नाबालिग छात्रा लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। 3 फरवरी को देवघर के चितोलोढिया के नैयाडीह जंगल से पीड़िता का शव बरामद हुआ।

जांच में पता चला कि आरोपी अनीता देवी ने अपने प्रेमी राज कुमार हाजरा के साथ मिलकर बदले की भावना से इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार हाजरा के विरूद्ध पूर्व से भी देवरी थाना में 6 कांड दर्ज है।

# पर्यटन विभाग निकालेगा बाबा भोले की बारात

## महाशिवरात्रि पर शिव बारात को लेकर बड़ा फैसला, दो समितियों के विवाद का हुआ समाधान

देवघर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर में इस वर्ष महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात का आयोजन पर्यटन विभाग करेगा। राज्य सरकार का यह निर्णय दो समितियों के बीच बारात निकालने को लेकर चल रहे विवाद को समाप्त करने के लिए लिया गया है। पिछले 31 वर्षों से शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष राज नारायण खवाड़े की अध्यक्षता में शिव बारात निकाली जाती थी। हालांकि, पिछले दो वर्षों से यह आयोजन गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के नेतृत्व में हो रहा था। कोरोना महामारी के कारण दो



साल तक बारात का आयोजन नहीं हो सका था। देवघर डीसी विशाल सागर ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को भव्य बनाने के लिए समाजसेवी संस्थाओं सहित अन्य संगठनों का सहयोग भी लिया जाएगा। प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम करेगा। शिव बारात देवघर का एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इस बार बारात को लेकर उत्पन्न भ्रांतियों को दूर करते हुए राज्य सरकार ने पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।

# अमेरिका ने गिराई थी शेख हसीना की सरकार

## बाइडेन प्रशासन ने की थी फंडिंग, विदेश विभाग की लीक रिपोर्ट से सनसनीखेज खुलासा

वॉशिंगटन/ढाका, 10 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले साल अगस्त में जब प्रधानमंत्री शेख हसीना को अचानक बांग्लादेश से भागना पड़ा तो पूरी दुनिया हैरान रह गई। शेख हसीना के खिलाफ करीब 2 महीनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहा था। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद आरोप लगे कि अमेरिका ने उनकी सत्ता का तख्तापलट किया है। अब इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट की एक खुफिया रिपोर्ट लीक हुई है, जिसे उसने 2020 में अमेरिकी विदेश विभाग को सौंपी थी। इस खुफिया रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने शेख हसीना की सरकार को गिराने के लिए चलाए गये अभियानों को फंड दिया था।

ये रिपोर्ट 1 मार्च 2019 से 31 दिसंबर 2020 के बीच बांग्लादेश में चलाए गये इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट (आईआरआई) के अभियानों को लेकर है। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2019 से मई 2019 के बीच आईआरआई ने बताया है, कि बांग्लादेश में उनकी टीम ने 170 से ज्यादा लोकतांत्रिक कार्यकर्ताओं की पहचान की, जो बांग्लादेश की राजनीति को




अस्थिर करने के लिए आईआरआई के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हो गये।

**अमेरिका ने कैसे रची थी साजिश?**

आईआरआई की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे आईआरआई टीम ने कलाकार तौफीक अहमद के साथ मिलकर शेख हसीना की सरकार को अस्थिर करने के लिए काम किया। उनके गीत 'ए दाई खार' को रिलीज करने के लिए उन्हें फंड दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, यह गीत बांग्लादेश में सामाजिक मुद्दों को उजागर करने और सरकार के प्रति निराशा और यहां तक कि असहमति पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया था। इस गीत के जरिए बांग्लादेश में सामाजिक और राजनीतिक सुधारों का आह्वान किया गया था। इस रिपोर्ट के अंत में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को गिराना वास्तविक लक्ष्य बताया गया है।

इस रिपोर्ट में लिखा गया है कि अगर जनता सरकारी उत्पीड़न, भेदभाव और राजनीतिक भागीदारी के लिए सिकुड़ते स्थान के मौजूदा मुद्दों के बारे में ज्यादा जागरूक है, तो बांग्लादेशी लोग सामाजिक और राजनीतिक सुधारों के माध्यम से सत्ता परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए ज्यादा सक्रिय होंगे। आपको बता दें, कि इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट यानि आईआरआई को बाइडेन प्रशासन फंड करती है। ये एजेंसी सामाजिक कार्यकर्ताओं, कलाकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल करते हुए देशों की सरकारों को गिराने का काम करती है।

इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट यानि आईआरआई की स्थापना 1983 में नेशनल एंडोमेंट फॉर डेमोक्रेसी के तहत की गई थी। मौजूदा समय में इसके बोर्ड में अमेरिका के एक सीनेटर हैं। इसके अलावा इस एजेंसी की टीम में अमेरिका के कई पूर्व अधिकारी और कर्मचारी हैं। सबसे दिलचस्प बात ये है कि इसके नाम में रिपब्लिकन है लेकिन संस्थान का दावा है कि इसका राजनीति से कोई लेना देना नहीं है।

इसकी वेबसाइट पर एफएक्यू सेक्शन में यह बताया गया है कि आईआरआई एक गैर-पक्षपाती संगठन है, जिसका किसी भी राजनीतिक दल से संबंध नहीं है। एक और दिलचस्प बात यह भी है कि इस संस्थान को कौन फंड करता है? आईआरआई को मुख्य रूप से अमेरिकी विदेश विभाग, जॉर्ज सोरोस की यूएसएआईडी और नेशनल एंडोमेंट फॉर डेमोक्रेसी या एनईडी से भारी भरकम फंड मिलता है।

# ट्रंप के कार्यकारी आदेशों की अब सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा

### फैसलों पर पूरे देश की निगाहें टिकीं

वॉशिंगटन, 10 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई कार्यकारी आदेश को कानूनी तौर पर चुनौती दी गई है और कई मामलों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। ऐसे में ट्रंप प्रशासन के कार्यकारी आदेश लागू होंगे या नहीं, इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट करेगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में कई जज ऐसे हैं, जिनकी नियुक्ति खुद ट्रंप ने की थी। ऐसे में ट्रंप के कई फैसलों पर सुप्रीम कोर्ट क्या आदेश देता है, इस पर पूरे देश की नजरें हैं। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के ब्रेनन सेंटर के अध्यक्ष और कानूनी विशेषज्ञ और लेखक माइकल वाल्डमैन का कहना है कि यह सुप्रीम कोर्ट की परीक्षा होगी कि वे संविधान के सिद्धांतों के साथ हैं या नहीं। कई चीजें गैरकानूनी हैं और मुझे उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट उनके लिए स्टैंड लेगा। डोनाल्ड ट्रंप के कई कार्यकारी आदेशों पर विवाद है और बहुत संभव हैं कि उन्हें चुनौती दी जाए। जन्मसिद्ध नागरिकता और संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने जैसे सरकार के कदमों को पहले ही निचली अदालतों में चुनौती दी गई और उन पर रोक भी लगी।

# एक कॉल से ट्रम्प के खास बने ऑल्टमैन

## एआई का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट स्टारगेट हासिल किया, डील में मस्क को मात दी

वॉशिंगटन, 10 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी अरबपति इलॉन मस्क ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प के लिए खुलकर प्रचार किया था। राष्ट्रपति ट्रम्प को निर्वाचित होने में मदद करने के बाद मस्क अमेरिका की एआई नीतियों पर हावी होने के लिए तैयार थे। लेकिन, मस्क के पुराने साथी और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने उन्हें चकमा दे दिया।

ऑल्टमैन ने ट्रम्प को अपने पक्ष में कर लिया और वाइट हाउस में पकड़ बना ली। ट्रम्प के शपथ समारोह में भी ऑल्टमैन को ओवरफ्लो रूम में बैठाया गया, जबकि मस्क, मार्क जकरबर्ग और जेफ बेजोस जैसे अन्य तकनीकी अरबपतियों ने कैपिटल रोटुंडा के मंच पर स्थान मिला था।

अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि शपथ समारोह से कुछ दिन पहले वॉशिंगटन के लिए उड़ान भरने के दौरान ऑल्टमैन और ट्रम्प की फोन पर बात हुई।

25 मिनट के कॉल में ऑल्टमैन ने ट्रम्प को एआई के सेक्टर में अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने का खाका पेश किया। कॉल से परिचित 3 लोगों के मुताबिक ऑल्टमैन ने ट्रम्प को भरोसा



दिलाया कि वे एआई सेक्टर में अमेरिका को चीन पर बढ़त दिलाएंगे। इस रिपोर्ट से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ऑल्टमैन ने ट्रम्प को बड़ी योजना और बड़ी डील के लिए मना लिया। ऑल्टमैन ने ट्रम्प से कहा कि अमेरिकी टेक इंडस्ट्री आर्टिफिशियल जनरल इंटेलीजेंस हासिल कर लेगी। यानी जब टेक्नोलॉजी इंसानों के जैसी बुद्धिमता हासिल कर लेगी। ऑल्टमैन ने ट्रम्प को भरोसा दिलाया कि वह स्थिति ट्रम्प के इस कार्यकाल के दौरान ही आ जाएगी। चीन को मात देने के लिए ओपन एआई, ओरेकल और सॉफ्टबैंक मिलकर 8.30 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगे।

इसी का नतीजा था कि समारोह के अगले दिन ऑल्टमैन वाइट हाउस के रूजवेल्ट रूम में ट्रम्प के पीछे खड़े थे, जब ट्रम्प ने स्टारगेट प्रोजेक्ट का ऐलान किया। ट्रम्प के चुनाव के बाद से सिलिकॉन वैली के अरबपतियों ने नए प्रशासन को प्रभावित करने के लिए होड़ लगाई है। सबसे अधिक सफल मस्क रहे, जिन्होंने 250 मिलियन डॉलर से ट्रम्प अभियान का समर्थन किया और अब संघीय सरकार में नौकरियों और बजट में कटौती करने की शक्ति है। 39 वर्षीय ऑल्टमैन लंबे समय से डेमोक्रेटिक डोनर थे और पहले कार्यकाल के दौरान ट्रम्प के मुखर आलोचक थे। वह मस्क की दुश्मनों की सूची में सबसे ऊपर थे। एक दर्जन से अधिक लोगों के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव से पहले ही ऑल्टमैन ने चुपचाप ट्रम्प के करीबी लोगों में अपनी जगह बना ली थी। लेकिन, उन्होंने कभी सार्वजनिक नहीं किया। ट्रम्प प्रशासन ने चिकित्सा अनुसंधान के लिए फंडिंग में अरबों डॉलर की कटौती की घोषणा की है।

# इमरान खान समर्थकों के हाथ-पैर काटकर सूली पर चढ़ा दो 'लाल टोपी' जैद हामिद की तालिबानी धमकी




इस्लामाबाद, 10 फरवरी (एजेंसियां)। लाल टोपी के नाम से मशहूर पाकिस्तानी सेना के पिट्ठु जैद हामिद ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई के खिलाफ जहर उगला है। जैद हामिद ने खुलेआम वीडियो जारी करके इमरान खान और उनके समर्थकों को तालिबान स्टाइल में धमकी दी है। पाकिस्तानी सेना के इशारे पर भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलने वाले जैद हामिद ने अपनी जुबानी तोप का मुंह इस बार पीटीआई के खिलाफ मोड़ा है और उसे पाकिस्तानी सेना और इस्लाम का दुश्मन बताते हुए अंजाम तक पहुंचाने की धमकी दी है। जैद हामिद ने एक वीडियो में पीटीआई पर पश्तून आंदोलनकारी मंजूर पश्तीन और बलोच आंदोलनकारी महरंग बलोच के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया है। हामिद ने कहा कि 'क्या पीटीआई जानती नहीं है कि एक पख्तूनिस्तान तो दूसरा आजाद बलूचिस्तान बनाना चाहता है।' लाल टोपी ने दोनों आंदोलनकारियों पर यहूदियों के इशारे पर पाकिस्तान को तोड़ने का आरोप लगाया।

'पाक फौज के खिलाफ पीटीआई'

### हिंदुओं पर भी उगला जहर

तिलमिलाए जैद हामिद ने पीटीआई के नेताओं को पागल तक कह दिया और कहा कि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तानी सेना पर हमले करके उसे बदनाम कर रही है। पीटीआई को पागल कुत्ता बताते हुए जैद हामिद ने हाथ पैर काटकर सूली पर चढ़ाने की बात कह डाली। उसने पीटीआई पर पाकिस्तान के अंदर फसाद फैलाने का आरोप लगाया।

हिंदुओं के खिलाफ उगला जहर

हामिद ने वीडियो में आगे हिंदुओं के खिलाफ भी जहर उगला और कहा कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के अंदर इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया है कि 'हिंदू कहते हैं कि हमें पाकिस्तान से जंग करने की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान में इमरान खान और उसके फसादी (काफी) हैं।' पाकिस्तान के नफरती जैद हामिद ने कहा कि पीटीआई और इमरान खान के समर्थकों को डूबकर मर जाना चाहिए।

# चीन में शादियों में सबसे बड़ी गिरावट

## लव एजुकेशन के बावजूद चीनी युवा सिंगल, जिनपिंग की बढ़ी चिंता

बीजिंग, 10 फरवरी (एजेंसियां)। चीन में युवाओं का शादी ना करने और बच्चे पैदा करने से बचने का रुझान जारी है। चीनी सरकार के आंकड़ों से ये सामने आया है। साल 2024 में चीन में शादी करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। 2024 में शादियों में 20 फीसदी की कमी आई है, जो अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। यह चीन की सरकार के सामने चिंताजनक स्थिति पैदा करता है। शी जिनपिंग सरकार युवाओं को शादी और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रही है लेकिन उसे बहुत कामयाबी नहीं मिल रही है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में केवल 61 लाख जोड़ों ने शादी का पंजीकरण कराया, जबकि 2023 में यह संख्या 76.8 लाख थी। ऐसे में यह एक बड़ी गिरावट है। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद शादियों में यह कमी चिंता का विषय है। चीन की सरकार युवाओं को शादी करने और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि देश की घटती जनसंख्या को बढ़ाया जा




सके। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, घटती जनसंख्या चीन के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इस गिरावट के कारण बच्चों की परवरिश और शिक्षा का बढ़ता खर्च, सुस्त होती अर्थव्यवस्था और नौकरी की अनिश्चितता को माना जा रहा है। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए कई उपाय कर रही है। इसमें 'प्रेम शिक्षा' को बढ़ावा देना और ज्यादा बच्चे पैदा करने पर आर्थिक मदद देना शामिल है। चीनी सरकार ने कॉलेजों में शादी, प्रेम और परिवार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाले कोर्स शुरू किए हैं। चीन में बीते साल जन्म दर में थोड़ी वृद्धि दर्ज हुई है लेकिन कुल जनसंख्या में लगातार तीसरे साल गिरावट दर्ज की गई है। एक तरफ शादी कम हो रही हैं तो दूसरी ओर तलाक के मामले बढ़ गए हैं।

चीन की सरकार के लिए शादी और बच्चे पैदा करने में रुचि बढ़ाना एक अहम मुद्दा है। चीन फिलहाल 1.4 अरब की आबादी के साथ भारत के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है लेकिन उसकी आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है।

# ढाका में आईएसआई, असीम मुनीर संग बांग्लादेशी नेवी चीफ की मुलाकात

ढाका, 10 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के नेवी चीफ एडमिरल मोहम्मद नजमुल हसन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद असीम मुनीर से मुलाकात की है। यह एक महीने से भी कम समय में दोनों देशों के बीच दूसरी रक्षा-स्तरीय बैठक है। इससे पहले बांग्लादेश सेना के बड़े अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन ने असीम मुनीर के साथ बैठक की थी। इतना ही नहीं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई का एक डेलीगेशन भी ढाका में बांग्लादेश सेना से मिल चुका है। इसे बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार के पाकिस्तान से क्षेत्रीय और रक्षा संबंधों को मजबूत करने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों में ऐतिहासिक रूप से बहुत अच्छे संबंध नहीं रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तन-बांग्लादेश का नजदीक आना दक्षिण एशिया में समीकरणों को बदल सकता है। खासतौर से भारत के लिए ये चिंता का सबब बन सकता है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नजमुल हसन ने शुक्रवार को रावलपिंडी में असीम मनीर से नौसेना सहयोग और पाकिस्तान नेवी के बहुराष्ट्रीय नौसेना अभ्यास में भागीदारी पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सेना का क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान के साथ सहयोग पर जोर दे रही है। पाकिस्तानी सेना की बांग्लादेशी सेना के लिए प्रशिक्षण सत्र शुरू करने की योजना है। वहीं बांग्लादेश ने पाकिस्तान से हथियार खरीद भी की है।

**क्षेत्रीय समीकरणों में आ सकता बदलाव**

पाकिस्तान और बांग्लादेश सेना के बीच बढ़ती नजदीकी क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काफी अहम है। बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों देश अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। नौसेना सहयोग और संयुक्त नौसेना अभ्यास इस दिशा में एक बड़ा कदम है। इसे दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग के संकेत के तौर पर देखा जा सकता है।

# आईएमएफ की तकनीकी टीम का पाकिस्तान दौरा

## छह महत्वपूर्ण संस्थानों के कामकाज की करेगी समीक्षा

इस्लामाबाद, 10 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान के न्यायिक और नियामक तंत्र की समीक्षा कर रहा है यह कदम पाकिस्तान के सात अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका मकसद भ्रष्टाचार और शासन से जुड़ी समस्याओं को हल करना है। संघीय शहबाज शरीफ सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि आईएमएफ की एक तकनीकी टीम एक सप्ताह के लिए पाकिस्तान आई है, ताकि वह शासन से जुड़े छह प्रमुख क्षेत्रों और संस्थाओं की जांच कर सके। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने अक्तूबर 2023 में आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था, जिसमें उसने भ्रष्टाचार से निपटने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों व निवेश के लिए एक समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने का वादा किया था। मंत्रालय ने बताया कि इसके लिए एक पैमाना बनाया गया है, जिसके तहत जुलाई 2025 तक 'शासन एवं भ्रष्टाचार निदान मूल्यांकन' (जीसीडीए) रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान की शासन व्यवस्था और भ्रष्टाचार से जुड़ी समस्याओं का विश्लेषण किया जाएगा।

# पूर्व पाक पीएम इमरान की आर्मी चीफ को चिट्ठी

## राजनीतिक दखलअंदाजी की आलोचना की, कहा- संविधान के दायरे में लौटे सेना

इस्लामाबाद, 10 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को एक खुली चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में इमरान ने सेना पर असंवैधानिक गतिविधियों और राजनीतिक दखलअंदाजी का आरोप लगाते हुए आलोचना की है। इमरान खान ने लिखा, पाकिस्तान की स्थिरता और सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि सेना और जनता के बीच की खाई को पाटा जाए। इसके लिए, सेना को संविधान के दायरे में लौटना चाहिए, राजनीति से अलग होना चाहिए और अपनी जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। इससे पहले 3 फरवरी को सेना के नाम इमरान ने एक चिट्ठी लिखी थी। इस चिट्ठी में इमरान ने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा



और शासन को लेकर अपनी नीति की समीक्षा करने के लिए कहा था। इससे पहले 3 फरवरी को सेना के नाम इमरान ने एक चिट्ठी लिखी थी। इस चिट्ठी में इमरान ने सेना से राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन को लेकर अपनी नीति की समीक्षा करने के लिए कहा था। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने चुनावों में धांधली की और पहले से निर्धारित नतीजों की घोषणा की गई। सरकार ने संविधान में 26वां संशोधन जबरदस्ती पास कराया, जिससे न्यायपालिका पर नियंत्रण कर मनचाहे जजों की नियुक्ति की जा सके। पीईसीए (प्रिवेंशन आफ इलेक्ट्रानिक क्राइम्स एक्ट) जैसे कठोर कानूनों में संशोधन कर असहमति की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। राजनीतिक अस्थिरता और सत्ता ही सर्वोपरि की नीति ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद किया। पाकिस्तान की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी (पीटीआई) को निशाना बनाया और राजनीतिक बदले के लिए सभी राज्य संस्थानों का इस्तेमाल किया गया।

# 'मेक्सिको की खाड़ी' अब 'अमेरिका की खाड़ी' के नाम से जानी जाएगी

## राष्ट्रपति ट्रंप ने आदेश पर किए हस्ताक्षर

वॉशिंगटन, 10 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। डोनाल्ड ट्रंप इस आदेश पर उस समय हस्ताक्षर किए, जब वे खुद अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन से अमेरिका की खाड़ी के ऊपर उड़ान भर रहे थे। ट्रंप दरअसल न्यू ऑर्लियंस में सुपर बाउल में शामिल होने जा रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने का एलान कर दिया था और अब आधिकारिक तौर पर उस आदेश पर हस्ताक्षर किए।

गौरतलब है कि मेक्सिको की खाड़ी को बीते 400 वर्षों से इसी नाम से जाना जाता था। हालांकि ट्रंप का कहना है कि अमेरिकी शहर न्यू मेक्सिको की वजह से इसे मेक्सिको की खाड़ी कहा जाता था। खाड़ी का नाम बदलने का एलान करते हुए ट्रंप ने कहा था कि खाड़ी का नाम अमेरिका के नाम पर होना चाहिए क्योंकि इस पर अधिकतर नियंत्रण अमेरिका का है। मेक्सिको और क्यूबा का भी इसमें हिस्सा है।

अमेरिका के लिए ये खाड़ी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र है, जिसमें मछली पालन, बिजली उत्पादन और व्यापार आदि गतिविधइयां प्रमुख हैं। ट्रंप ने कहा था कि मेक्सिको की खाड़ी को अमेरिका की खाड़ी के नाम से जाना जाना चाहिए क्योंकि ये हमारा क्षेत्र है।

ट्रंप ने भले ही मेक्सिकी की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी कर लिया हो, लेकिन दुनिया के दूसरे देश इस आदेश से नहीं बंधे हैं। ट्रंप का ये कदम मेक्सिको के खिलाफ कार्रवाई का हिस्सा माना जा रहा है। ट्रंप, मेक्सिको पर अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध अप्रवासन को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं। ट्रंप ने बीते दिनों मेक्सिको के साथ ही कनाडा पर भी टैरिफ लगाने का आदेश दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने इस पर कुछ दिन की रोक लगा दी है।

# भारत के पड़ोसी देश में बंदरों ने की बत्ती गुल

## अंधेरे में डूब गया पूरा राष्ट्र, सरकार ने जनता से की पानी बचाने की अपील

कोलंबो, 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका बंदरों की चलते बड़े बिजली संकट में फंस गया है। श्रीलंका के अधिकारी रविवार को हुई देशव्यापी बिजली कटौती के बाद बिजली बहाल करने की कोशिशों में जुटे हैं। सरकारी स्वामित्व वाले बिजली उत्पादक और आपूर्तिकर्ता, सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) ने यह घोषणा की। सीईबी के अनुसार, देश के पश्चिमी प्रांत में पनादुरा ग्रिड सब स्टेशन में आपात स्थिति के कारण बिजली कटौती हुई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रविवार 9 फरवरी को सुबह



11:30 बजे बिजली कटौती शुरू हुई और तीन घंटे से अधिक समय तक जारी रही। अधिकारी बिजली सप्लाई पूरी तरह से बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। सीईबी के अध्यक्ष तिलक सियाम्बलपतिया ने जनता को आश्वासन दिया कि बिजली बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। ऊर्जा मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर उदयंगा हेमपाल ने पुष्टि की कि राष्ट्रीय ग्रिड में असंतुलन के कारण बिजली गुल हुई। स्थानीय मीडिया ने ऊर्जा मंत्री कुमारा जयकोडी का हवाला देते हुए बताया कि बिजली गुल होने की वजह बंदरों का एक समूह था जो सब स्टेशन में घुस गया और नुकसान पहुंचाया। मंत्री ने कहा कि ये जानवर 'हमारे ग्रिड ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में आए जिससे सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया'।

इस बीच, राष्ट्रीय जल आपूर्ति और जल निकासी बोर्ड ने जनता से बिजली पूरी तरह से बहाल होने तक पानी बचाने की अपील की।

# गांजा तस्करी का भंडाफोड़

## 300 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, 85 पुड़िया बरामद

धनबाद, 10 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद के भूली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भूली ओपी पुलिस ने सी ब्लॉक निवासी रवि सिंह को गांजा की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 85 पुड़िया में पैक किया गया कुल 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। क्षेत्र में गांजे की बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी की दुकान पर छापेमारी की, जहां से मादक पदार्थ बरामद हुआ।

# इजरायल का दुश्मन जल्द दिखाएगा महाविनाशक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

## ईरानी आईआरजीसी नेवी चीफ के ऐलान से अमेरिका तक हड़कंप

तेहरान, 10 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान ने खुलासा किया है कि वो जल्द ही सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का अनावरण करेगा। ईरान के ऐलान के बाद उसके सबसे बड़े दुश्मन इजरायल और अमेरिका का परेशान होना तय है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) नौसेना के कमांडर ने सुपरसोनिक मिसाइल के अनावरण करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि इस्लामिक गणराज्य जल्द ही 2000 किलोमीटर की रेंज वाली सुपरसोनिक मिसाइल का अनावरण करेगा। नेवी चीफ ने दावा किया कि ईरान ने इस मिसाइल को स्वदेशी तौर पर घर में ही बनाया है। इस मिसाइल का



इस्तेमाल ईरान की नौसेना करेगी, जो एडवांस क्षमताओं से लैस है। ईरान का दावा है कि इस मिसाइल से उसकी नौसेना की क्षमता काफी बढ़ जाएगी। ईरान के नेवी चीफ रियर एडमिरल अलीरेजा तांगसिरी ने घोषणा की है कि अगले फारसी कैलेंडर वर्ष के दौरान इस मिसाइल का अनावरण किया जाएगा, जिसकी शुरूआत 20 मार्च से होने वाली है। रियर एडमिरल अलीरेजा तांगसिरी ने रविवार को देश की नौसैनिक शक्ति को लेकर लोगों को ये जानकारी दी है। रियर एडमिरल अलीरेजा तांगसिरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारे पास ऐसी मिसाइलें हैं जिन्हें ईरानी क्षेत्र की गहराई से लॉन्च किया जा सकता है, जिससे तटीय प्रक्षेपणों की जरूरत खत्म हो जाती है। ईरानी कमांडर ने देश की 1979 की इस्लामिक क्रांति की ऐतिहासिक जीत की 46वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर प्रसारित फज्र (डॉन) ऑफ होप; पावरफुल ईरान नाम के एक विशेष टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान मिसाइल को लेकर घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के साथ अब ईरान फारस की खाड़ी के उत्तरी भाग से सीधे ओमान सागर में अपने लक्ष्यों पर हमला कर सकता है।



# फिर अधूरी बजट घोषणा, 23 लाख परिवारों को नहीं मिली सिलेंडर पर सब्सिडी

## गहलोत बोले- सीएम जुमले सुनाने में व्यस्त

जयपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। प्रदेश की मौजूदा भजनलाल सरकार ने राज्य की पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना में बड़ा बदलाव किया था। रसोई गैस के सिलेंडर के दामों को और सस्ता करते हुए इसमें 50 रुपए की ओर कमी थी। सिलेंडर की कीमत 450 रुपये कर दी थी। लेकिन मीडिया रिपोर्टस के अनुसार उपभोक्ताओं को नवंबर और दिसंबर माह की सब्सिडी नहीं मिली है।

दरअसल, मुख्यमंत्री ने 2024-25 के बजट में रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभान्वितों को 450 रुपए में एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाने की घोषणा की थी।

**गैस सिलेंडर पर सब्सिडी का उठाया मुद्दा**



राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने एक्स पर लिखा कि राजस्थान में "मोदी की गारंटी" और गरीबों की हालत खराब...आज ही के दिन बजट भाषण में 2 साल पहले मैंने उज्ज्वला एवं बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 500 रु में रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी। इसकी क्रियान्वित में महिलाओं को समयबद्ध तरीके से सब्सिडी ट्रांसफर कर 500 रु में गैस सिलेंडर दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि सरकार में आने पर 450 रु में गैस सिलेंडर दिया जाएगा, परन्तु आज के अखबार की सुर्खियां बता रही हैं कि पिछले साल के अक्टूबर एवं नंवबर महीने में लिए गए गैस सिलेंडर की सब्सिडी नहीं मिली है।

आगे अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान की गरीब जनता सोच रही है कि भाजपा के झांसे में आने के कारण महंगा सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है एवं मुख्यमंत्री जी अपने भाषणों में इन सब जरूरी बातों का जिक्र करने की बजाय केवल हवा-हवाई जुमले सुनाने में व्यस्त हैं।

**68 लाख परिवारों को मिलता है फायदा**

राजस्थान में कुल 1 करोड़ 7 लाख 35 हजार से ज्यादा परिवार एनएफएसए सूची में शामिल हैं। इनमे से 37 लाख परिवार पहले से ही बीपीएल या उज्जवला योजना के लाभार्थी हैं, जिन्हें पहले से ही 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा था। ऐसे में अब 68 लाख परिवारों को भी फायदा मिलना था। इस नई व्यवस्था से राजस्थान सरकार पर 200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

## जंगल में गश्त पर निकली थी वन विभाग की टीम

# लाठी-फरसे के साथ ग्रामीणों का हमला, जान से मारने की धमकी

धौलपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के धौलपुर के सरमथुरा उपखंड क्षेत्र में वन्यजीव अभ्यारण्य अन्तर्गत मदनपुर वनखंड में ग्रामीणों ने गश्तीदल पर लाठी, फरसा से हमला कर दिया। हमले में वृक्षपालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वनपाल ने पुलिस थाना सोने गुर्जा में तहरीर देकर दो नामजद एवं 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



**गश्त पर निकली थी टीम**

वनपाल नाका इन्दौरा, रेन्ज वन्यजीव सरमथुरा उग्रसेन निषाद पुत्र रामस्वरूप निवासी महात्मानन्द की बगीची पुराना शहर धौलपुर ने बताया कि हाजरान वनरक्षक गजराज सिंह मीना एवं वृक्षपालक धुरवसिंह के साथ सरकारी वाहन से वनखण्ड मदनपुर में जंगल गश्त कर रहा था।

जंगल गश्त के दौरान धौलपुर के गांव खोटवाई के पास स्थित पुराना प्लाटेंशन खोटाबाई मे एक ट्रॉली के आसपास ट्रेक्टर को देखा। वन विभाग के गश्तीदल को देख 15-20 व्यक्ति एक साथ लाठी, फरसा और कुल्हाड़ी लेकर मारने को टूट पड़े।

**टीम को दी धमकी**

हमलावरों ने वृक्षपालक धुरवसिंह को जमीन में पटककर मारपीट की। वहीं मेरे व गजराज के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। हमलावरों ने धमकी दी कि अगर जंगल मे दोबारा नजर आए तो तुम्हारी सरकारी गाड़ी में आग लगा देंगे और तुम्हे जान से मार देंगे।

**हमलावरों की तलाश शुरू**

वनपाल ने बताया कि हमलावर भूरा पुत्र राजेन्द्र निवासी खोटाबाई व राजेन्द्र गुर्जर निवासी खोटाबाई पुलिस थाना सोने का गुर्जा एवं करीब 15-20 व्यक्ति अन्य थे, जिनके नाम नहीं जानते है। उन्होंने पुलिस को हमलावरों की बाइक का भी नंबर दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# गहलोत के बयान पर राठौड़ का तीखा पलटवार

## कहा-दिल्ली चुनाव में हार के बाद याद आने लगा हिंदुत्व

जयपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर राजस्थान में बयानबाजी शुरू हो गई है। दरअसल, पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने हिंदुओं पर अत्याचार व मंदिर तोड़े जाने को लेकर केंद्र की चुप्पी पर सवाल उठाया।

जिस पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली चुनावों में हार के बाद कांग्रेस नेताओं को फिर हिंदू याद आने लगे। जबकि चुनावों में तुष्टिकरण के चलते धर्म विशेष को खुश करने के लिए इतने दिन किसी भी कांग्रेस नेता के मुंह से



बांग्लादेश हिंसा पर एक शब्द नहीं निकला।

**'बना रहे दबाव'**

भाजपा अध्यक्ष राठौड़ ने मीडिया से कहा कि बांग्लादेश हिंसा को लेकर केन्द्र कूटनीतिक रूप से वहां की सरकार पर दबाव बना रही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कई देशों से बात कर बांग्लादेश पर दबाव बनाने का प्रयास किया है। केन्द्र के इन प्रयासों के कारण ही बांग्लादेश में निर्मम अमानवीय हिंसक घटनाओं पर अंकुश लगा है।

**'कड़े कदम उठाएं'**

गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा बांग्लादेश में ततापलट के बाद से हुई हिंसा में 23 हिन्दुओं की हत्या हो चुकी है। 152 मंदिरों में तोड़फोड़ की जा चुकी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत सरकार को बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर लगाम लगाने के लिए कूटनीतिक कदम उठाने चाहिए।

# तिरूपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसाद मामले में राजस्थान का भी कनेक्शन

## सीबीआई-एसआईटी आ सकती है जांच के लिए

जयपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के तिरूपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावटी घी मामला फिर चर्चा मे है। सीबीआई एसआईटी की ओर से इस केस में चार जनों को गिरफ्तार किया गया है।

अब इस मामले में सीबीआई – एसआईटी की टीम राजस्थान भी आ सकती है। क्योंकि पिछले मंदिर के लड्डू प्रसाद के घी में पशु की चर्बी और फिश ऑयल मिलने की बात सामने आई थी। जिसके बाद से लेकर अब तक मामले में जांच जारी है।

सीबीआई – एसआईटी की ओर से अभी लड्डू में कथित मिलावट के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी के राजू राजशेखरन को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सीबीआई एसआईटी की जांच अभी जारी है। ऐसे में अब जांच को लेकर सीबीआई एसआईटी राजस्थान भी आ सकती है।

क्योंकि राजस्थान से भी तिरूपति बालाजी मंदिर में घी भेजा गया था। यह दावा किया था तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बारेड्डी ने। उन्होंने प्रेस कांफ्रेस में कहा था कि मंदिर में हर दिन गाय के दूध का 60 किलो घी राजस्थान के फतेहपुर से खरीदा जाता रहा है। मंदिर में जो घी इस्तेमाल हुआ है। वह कथित तौर पर 320 रुपए किलो लिया। लेकिन सुब्बारेड्डी के अनुसार जब वह अध्यक्ष थे तो घी 1667 रुपए प्रति किलो के हिसाब से लिया जाता था। ऐसे में केस इन्वेस्टीगेशन के लिए अब टीम राजस्थान भी आ सकती है।

सीबीआई एसआईटी की ओर से गिरफ्तार चारों आरोपियों को तिरुपति कोर्ट में पेश किया जाएगा।

एसआईटी के सदस्य और सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर वीरेश प्रभु के कोर्ट में मौजूद रहने की उम्मीद है। चारों को प्रसाद के लड्डू बनाने के लिए घी की सप्लाई में अनियमितताएं मिलने पर गिरफ्तार किया गया है।

आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 18 सितंबर 2024 को आरोप लगाया था कि राज्य में वाईएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू प्रसादम में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया था।

# छिपा बैठा था स्कूली छात्रा से अश्लील हरकत करने वाला टीचर

## 24 दिन बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

झुंझुनू, 10 फरवरी (एजेंसियां)। झटावा खुर्द गांव में छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी अध्यापक मनोज कुमार बेनीवाल को मलसीसर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जयपुर में छिपा हुआ था। इधर, अध्यापक की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीण शुक्रवार से स्कूल के सामने धरना देकर बैठे हैं। ग्रामीणों का धरना फिलहाल जारी है। करीब 24 दिन पहले शहीद भंवरलाल मीणा राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में अध्यापक मनोज ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने अध्यापक मनोज को निलंबित कर दिया। लेकिन ग्रामीण अध्यापक को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे।

जयपुर में पकड़ा गया आरोपी

मलसीसर थानाधिकारी सुखदेव सिंह चारण ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार बेनीवाल निवासी कोदेसर को जयपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जारी रहा धरना

आरोपी अध्यापक को गिरफ्तार करने व स्कूल स्टाफ को हटाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण शुक्रवार से धरने पर बैठे हैं। ग्रामीण जितेंद्र सिंह ने बताया कि अभी आरोपी गिरफ्तार हुआ है। हमारी दूसरी मांग विद्यालय स्टाफ को हटाए जाने की है। इसलिए धरना जारी है।

## बाइक की टक्कर से गर्भवती पत्नी की हुई थी मौत

# कोर्ट ने लगाया था 10 लाख का जुर्माना, 'हत्यारे' को खुद ढूंढ रहा है पति

सीकर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। इसे विडंबना कहें या व्यवस्था की विफलता। राजस्थान के सीकर में मुफलिसी से गुजर रहा एक मजदूर गर्भवती पत्नी की मौत के मुजरिम को खुद ही तलाश रहा है। फतेहपुर निवासी दीनदयाल दायमा की पत्नी संतोष देवी की 2014 में बाइक दुर्घटना में मौत के बाद एडीजे कोर्ट ने बाइक सवार आरोपी को 10.70 लाख का मुआवजा देने का फैसला सुनाया था, लेकिन तब से आरोपी फरार चल रहा है।

आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण की वजह से सीकर पुलिस भी आरोपी की गिरफ्तारी में दिलचस्पी नहीं ले रही। ऐसे में दीनदयाल अपने स्तर पर ही उसकी तलाश कर रहा है।

**पत्नी सहित गर्भ में हुई दो बच्चों की मौत**

दीनदयाल ने बताया कि 15 मार्च 2014 को फतेहपुर में नवलगढ़ पुलिया के पास माताजी के मंदिर से दर्शन कर लौटते समय जलालसर निवासी शकील काजी ने पत्नी संतोष को बाइक से टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर पत्नी ने 18 मार्च को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। गर्भ में पल रहे जुड़वा बच्चों की भी इस दौरान मौत हो गई।

मामले में 25 नवंबर 2023 को एडीजे कोर्ट ने आरोपी शकील को मुआवजे के 10 लाख 70 हजार 340 रुपए मृतका के परिवार को देने का फैसला सुनाया था, लेकिन इसके बाद से आरोपी फरार है। गिरफ्तारी वारंट तामिल करवाने के लिए वह सहायक नाजिर के साथ कई बार आरोपी के घर भी जा चुका है, पर राजनीतिक संरक्षण के चलते उसे अब तक पकड़ा नहीं जा सका है।

**कबाड़ का काम करता है दीनदयाल**

दीनदयाल कबाड़ का काम करता है। इसके लिए वह गली मोहल्लों में फेरी लगाता है। अपने काम व दो बेटियों व एक बेटे के पालन पोषण के साथ वह आरोपी की तलाश में भी जुटा रहता है।

# पुलिस ने 50 लाख की अफीम बरामद कर दो तस्करों को किया गिरफ्तार, ड्रग नेटवर्क की हो रही जांच

बीकानेर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डीएसटी टीम ने नापासर थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 लाख रुपये मूल्य की 9 किलो अफीम बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो कार में अफीम लेकर आ रहे थे।

पुलिस ने यह कार्रवाई नापासर थाना क्षेत्र के भारतमाला रोड पर की, जहां तस्कर एक कार में अफीम की खेप लेकर जा रहे थे। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो तस्कर भारी मात्रा में अफीम की तस्करी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को रोका और जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें 9 किलो अफीम का दूध बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से शिवपुरी लोहावट निवासी रमेश विश्नोई और राजाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि ये दोनों तस्कर अफीम को बीकानेर और चुरू जिले के तारानगर क्षेत्र में अन्य तस्करों को सप्लाई करने की फिराक में थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी रमेश विश्नोई पहले से ही बीकानेर जिले में एक आपराधिक मामले में वांछित था। पुलिस अब उसके पुराने रिकॉर्ड को खंगाल रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह किसके लिए काम कर रहा था और इस नेटवर्क के अन्य साथी कौन हैं। इसके लिए गिरफ्तार तस्करों से कड़ी पूछताछ की जा रही है और उनके मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है।

बीकानेर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अगर उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि या नशे के कारोबार से जुड़ी कोई भी सूचना मिले, तो वे तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें, ताकि इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# टॉप 10 अपराधियों की सूची में शामिल वांछित आरोपी हिरासत में

## डोडा पोस्त तस्करी के मामले में था फरार

सिरोही, 10 फरवरी (एजेंसियां)। जिले में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सरूपगंज थाना पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजूराम विश्नोई, जो कि थाना स्तर के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था, को चितलवाना, जालौर से पकड़ा गया है। आरोपी 202 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त तस्करी मामले में वांछित था और बीते सवा साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि जिले को नशे के कारोबार से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सरूपगंज थानाधिकारी कमल सिंह के नेतृत्व में टीम ने पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार आरोपी राजूराम को गिरफ्तार किया। इससे पहले पुलिस ने तकनीकी सहायता से एक अन्य आरोपी दिनेश कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

घटना 13 सितंबर 2023 की है जब पुलिस ने उदयपुर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर धागा पुलिया, नेशनल हाईवे-27 पर नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रही एक कार को पुलिस ने रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और कार को कच्चे रास्ते की ओर मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम ने कार का पीछा किया लेकिन आगे रास्ता बंद होने पर आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए।

जब पुलिस ने कार की जांच की तो उसमें 2 क्विंटल 600 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने आरोपी दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया लेकिन उसका साथी राजूराम लंबे समय से फरार चल रहा था। अब जाकर सरूपगंज पुलिस की टीम ने राजूराम को चितलवाना, जालौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी के अन्य साथियों और उसके तस्करी नेटवर्क की जांच में जुटी है।

# ट्रेलर की चपेट में आया जागरण में जा परिवार

## मां और 2 बच्चों की मौत; पति गंभीर घायल



पाली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के पाली में भीषण सड़क हादसा हो गया है। पाली शहर के नया गांव मार्ग स्थित 72 फीट बालाजी के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बाइक सवार परिवार को चपेट में ले लिया। हादसे में एक महिला और उसके दो बच्चों की मौके पर मौत हो गई। जबकि पति गंभीर घायल हो गया। उसे बांगड़ अस्पताल लाया गया। नया गांव स्थित जगदंबा कॉलोनी निवासी हेमाराम (30) पुत्र शिवाराम बावरी अपनी पत्नी संतोष (25), पुत्र कमलेश (8) और पुत्री ललिता (5) के साथ बाइक से जाडन गांव जा रहा था।

रात करीब 8 बजे 72 फीट बालाजी मंदिर के निकट ओवरब्रिज पर चढ़ते समय ट्रेलर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में पत्नी संतोष, पुत्र कमलेश और पुत्री ललिता की मौत हो गई। जबकि पति हेमाराम घायल हो गया। घायल को बांगड़ अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। इधर, सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को मौके से लाकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए। सोमवार सुबह शवों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस ने बताया कि घायल हेमाराम मजदूरी करता है। जिसका ससुराल जाडन गांव में है। जाडन के पास प्रेमपुरी आश्रम में आयोजित जागरण में भाग लेने बाइक से जा रहा था।

# दिनदहाड़े महिला का अपहरण करने के मामले में एक गिरफ्तार

## अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

धौलपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। जिले में शनिवार शाम हुए एक सनसनीखेज महिला अपहरण कांड का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिससे जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर साबित हुई है।

जानकारी के अनुसार 8 फरवरी की शाम जब महिला तसीमों से सैंपऊ जाने के लिए टेम्पो में सफर कर रही थी। तभी रास्ते में सालेपुर गांव के सरकारी स्कूल के पास अचानक एक नीले रंग की कार ने टेम्पो को रोक लिया।

कार में बैठे बदमाशों ने टेम्पो से महिला को जबरन नीचे उतारा, उसके साथ मारपीट की और मोबाइल छीनकर उसे गाड़ी में खींच लिया। इससे पहले टेम्पो चालक और आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

इधर महिला के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। मामला गंभीर होने के कारण विशेष टीम का गठन किया गया और तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया गया।

इसी दौरान पुलिस को खबर मिली कि कुछ संदिग्ध लोग एक महिला को जबरन गाड़ी में डालकर ले जा रहे हैं। इस इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाई और आरोपियों का पीछा किया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने संदिग्ध गाड़ी को रोक लिया और मौके पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राजकुमार पुत्र श्रीनिवास को गिरफ्तार कर लिया लेकिन उसके साथी फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने महिला को सकुशल उसके घर पहुंचा दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी राजकुमार सैंपऊ के गढ़ी चटोला का निवासी है। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल की गई नीली कार को भी जब्त कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले के अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्री देवनारायण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## सनातन संस्कृति के प्रचार का प्रमुख केंद्र बनेगा श्री देवनारायण मंदिर

## सचिन पायलट ने कहा, राजस्थानियों ने जहां भी कदम रखा, अपनी अलग पहचान बनाई





हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की सांस्कृतिक धरोहर में एक नया अध्याय उस समय जुड़ गया जब मंत्रोच्चार और वैदिक विधियों के बीच श्री देवनारायण भगवान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भव्य समारोह के साथ संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य अतिथि, उद्योगपति और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंदिर की स्थापना का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करना है, बल्कि सनातन संस्कृति और भारतीय मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान सचिन पायलट ने समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और अपनी प्रभावशाली वाणी से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, राजस्थानियों ने जहां भी कदम रखा है, वहां उन्होंने अपनी पहचान बनाई है। तेलंगाना की भूमि पर प्रवासी राजस्थानी कारोबारियों की कार्यकुशलता और मेहनत ने अमिट छाप छोड़ी है। यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह आने वाले समय में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। दक्षिण भारत में भगवान देवनारायण की प्रतिमा की स्थापना एक सकारात्मक सामाजिक संदेश देगी। उनकी बातों को सुनने के लिए हैदराबाद और आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। वहां उपस्थित प्रवासी राजस्थानियों ने बड़े ही मुक्त भाव से पायलट की बातों को सुना और सराहा।

कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मल्लारेड्डी रंगारेड्डी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, राजस्थानी समाज के लोग अपने सामाजिक सामंजस्य और धार्मिक प्रवृत्ति के कारण न केवल व्यवसाय में बल्कि समाज की उन्नति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने कहा, भगवान देवनारायण न्याय के प्रतीक हैं और उनका यह मंदिर हैदराबाद में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक मूल्यों को स्थापित करने में सहायक होगा।

इस मौके पर आईएएस अधिकारी महेंद्र तंवर और सीआईएसएफ कमांडेंट सुगनाराम गुर्जर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें संस्कार और अपनी संस्कृति से भी जोड़ना जरूरी है। अगर हमें आने वाली पीढ़ी को सही दिशा में आगे बढ़ाना है तो उन्हें हमारे धार्मिक मूल्यों और परंपराओं का ज्ञान देना अनिवार्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मंदिर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा। इस मौके पर उद्योगपति राजेश अग्रवाल ने कहा, यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि उस भावना का प्रतीक है, जिससे इसे बनाया गया है। जिस समर्पण और भावना के साथ इसे स्थापित किया गया है, वह इसे आने वाले समय में कई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

इस अवसर पर उद्योगपति राजेश जांगिड़, उद्यमी महावीर कुमावत, जैन सेवा संघ के अध्यक्ष योगेश जैन कांग्रेस नेता वी हनुमंतराव, एस ए संपत कुमार और सरधना से विधायक अतुल प्रधान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इन सभी ने मंदिर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह मंदिर आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सैनी ने की। कार्यक्रम में गुर्जर समाज के साथ ही समस्त राजस्थानी समाज से हजारों की तादाद में लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं रहेगा, बल्कि यह सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। यहां पर युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान और सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्री देवनारायण को न्यायप्रिय देवता माना जाता है और उनकी गाथाएं समाज में धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस मंदिर के माध्यम से युवाओं को यह सिखाया जाएगा कि वे आधुनिकता और पारंपरिक मूल्यों के बीच संतुलन कैसे स्थापित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक हस्तियों का स्वागत किया गया। देवीदत्त कोली और उनकी टीम ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों को राजस्थानी साफा, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया। इस भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने प्रवासी राजस्थानी समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता को एक नई दिशा दी है। तेलंगाना की धरती पर स्थापित यह मंदिर धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति का प्रतीक बनेगा। यहां आने वाली पीढ़ियां न केवल धर्म का ज्ञान प्राप्त करेंगी, बल्कि उन्हें अपने कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी अहसास होगा।

# उत्तरी तेलंगाना के विकास को आगे बढ़ा रही है कांग्रेस : उत्तम

करीमनगर, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास में ऐतिहासिक प्रगति कर रही है, तथा बेरोजगारी के गहरे संकट का समाधान कर रही है, जिसे पिछली बीआरएस सरकार ने एक दशक से अधिक समय तक नजरअंदाज किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्ता में आने के महज एक साल के भीतर ही कांग्रेस सरकार ने 11,000 शिक्षकों के पदों सहित 55,000 सरकारी पदों को भरा, साथ ही शिक्षकों के लिए लंबे समय से लंबित पदोन्नति भी सुनिश्चित की। मंत्री ने सोमवार को करीमनगर में एक जनसभा को संबोधित किया। उत्तम कुमार रेड्डी ने दस साल तक शासन करने के बावजूद रोजगार के अवसर प्रदान करने में विफल रहने के लिए बीआरएस सरकार की आलोचना की। उन्होंने पिछली केसीआर सरकार पर युवाओं की आकांक्षाओं की अनदेखी करने, हजारों रिक्तियों को खाली छोड़ने और शिक्षित नौकरी चाहने वालों को अवसरों से वंचित करने का आरोप लगाया। उत्तम कुमार रेड्डी ने घोषणा की, केवल एक वर्ष में, कांग्रेस सरकार ने दिखा दिया है कि सच्चा शासन कैसा होता है। पिछली सरकार के विपरीत, जिसने युवाओं को अनिश्चितता में धकेल दिया था, हमने एक संरचित रोजगार अभियान शुरू किया। हम 55,000 नौकरियों पर नहीं रुक रहे हैं- हमारी सरकार के पास विभिन्न विभागों में दो लाख से अधिक रिक्तियों को भरने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक योग्य उम्मीदवार को उचित अवसर मिले। संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए कांग्रेस सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि उत्तरी तेलंगाना, विशेष रूप से करीमनगर, आदिलाबाद, निजामाबाद और मेदक जैसे जिलों को बीआरएस शासन के तहत गंभीर उपेक्षा का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार ने उत्तरी तेलंगाना में सभी लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर एकड़ खेत को पर्याप्त पानी मिले।

# केटीआर ने चिलुकुर मंदिर के पुजारी रंगराजन से मुलाकात की



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के तारक रामराव ने आज कहा कि चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन पर हमला राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति का प्रमाण है। उन्होंने रंगराजन से मुलाकात की, जिन पर कुछ दिन पहले कट्टरपंथियों ने हमला किया था। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की सेवा में लगे रहने वाले रंगराजन पर हमला करना भगवान का अपमान है। केटीआर ने मांग की कि हमलावरों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। तेलंगाना राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है।

चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन पर हमले से इसका सबूत मिलता है। रंगराजन पर हमला सबसे क्रूर और सबसे घृणित कृत्य था। कानून व्यवस्था की समस्याओं से सख्ती से निपटना राज्य सरकार की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए और कहा कि रंगराजन के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सौंदरराजन के परिवार के दुनिया भर में लाखों प्रशंसक हैं। केटीआर ने कहा कि सौंदरराजन के परिवार का अपमान करना लाखों भक्तों का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि बीआरएस की ओर से वे सौंदरराजन के परिवार और रंगराजन का पूरा समर्थन करेंगे। केटीआर के साथ पूर्व मंत्री सबिता इंद्र रेड्डी और वी श्रीनिवास गौड़, एमएलसी नवीन कुमार रेड्डी, विधायक पाडी कौशिक रेड्डी, पूर्व विधायक मेट्टू आनंद और बाल्का सुमन, बीआरएस नेता आरएस प्रवीण कुमार, पटलोला कार्तिक रेड्डी और पार्टी नेता मौजूद थे।

# श्री विश्वकर्माजी भगवान का 12वाँ जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शमशाबाद मंडल स्थित विश्वकर्मा जयंती मारवाड़ी समिति हाईटेक सिटी, गच्चीबावली समाज बन्धुओं के तत्वावधान में आयोजित श्री विश्वकर्मा महाराज के बारहवें जागरण में भजन प्रस्तुत करती हुई विमला बाईसा (जोधपुर) एंड पार्टी। अवसर पर दर्शन, भजनों व कार्यक्रम का लाभ लेते हुए आयोजक रामविनास गोरछिया, गणेशाराम ढाका, ओमप्रकाश सिंवर, नेमीचन्द सियाग, राजूराम ढाका, दामोदर लोछब, लिखमाराम पुनिया, सुरजाराम कुकणा, हनुमान नाथ सिद्ध, भंवरसिंह, हुक्मीचन्द, हजारीराम गोदारा, जब्बरसिंह, उम्मेदसिंह, धर्माराम सिंवर, हरीराम सुथार, आणंद सिंह, कोजाराम नैण, ओमप्रकाश बढियासरा, गोपालराम जाखड़, नेनुराम डुडी, टिकुराम सारण, बाबुलाल सुथार, मोहनराम तरड़, सोहनराम भाम्बू, आईदान छाबा, सुरेश बड़ियासरा, मुखराम सुथार। अवसर पर समाज सेवी धर्माराम ढाका व प्रवासी समाज बन्धुओं ने आयोजकों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

# श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुतबुलापुर सुभाषनगर श्री विश्वकर्मा भवन स्थित श्री राजस्थानी विश्वकर्मा संघ ट्रस्ट हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान में दो दिवसीय अराध्य देव श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह आयोजित किया गया। 9 फरवरी को रात्रि जागरण व सोमवार 10 फरवरी को पूजा-अर्चना व महाप्रसादी का समाज बन्धुओं ने लाभ लिया।

अध्यक्ष नेमीचन्द जांगिड़ ने बताया कि हर वर्ष की भांति वास्तुकला कौशल में सर्वश्रेष्ठ, निर्माण व सृजन के देवता एवं सृष्टि के शिल्पकार रचयिता भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती आयोजित की गयी। विश्वकर्मा पंडाल को विशेष फूलों व लाईटिंग से सजाकर रात्रि 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वामीश्री मदनपुरी बस्तवा महाराज ने भजनों के पुष्प अर्पित किये। जिसका समाज बन्धुओं ने नाचते-गाते लाभ लिया। 10 फरवरी को प्रात: वेला समाज बन्धुओं ने श्री विश्वकर्माजी महाराज की पूजा-अर्चना, श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंटकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। स्वागत समारोह कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि तेलंगाना विधान सभा पूर्व अध्यक्ष मधुसुदन चारी, मदनपुरी महाराज, पत्रकार परबत सोलंकी व सम्मानित अतिथियों का सम्मान किया गया। अवसर पर समाज बन्धुओं ने विश्वकर्माजी के मंदिर निर्माण में बढचढ कर सहयोग राशि की घोषनाएं की। समाज बन्धुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। अध्यक्ष नेमीचन्द जांगिड़ ने समाज बन्धुओं को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए भरोसा दिलाया कि समाज बन्धुओं के सहयोग से तेलंगाना की पावन धरा पर प्रथम विश्वकर्माजी के मंदिर का कार्य आगामी विश्वकर्मा जयंती तक पूर्ण कराकर प्राण-प्रतिष्ठा कराना उनकी प्राथमिक्ता रहेगी। 11 अक्टूबर 2017 से नवनिर्माणाधीन विश्वकर्माजी मंदिर मे समाज के भामाशाहों, सुचित्रा गणेश मंडली व समाज बन्धुओं द्वारा दिये गये दान से ही मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होने सभी से निवेदन किया है कि 11000/- एक शिला की राशि देकर भी समाज बन्धु अपना सहयोग दे सकते है। 26 वर्षो तक समाज के अध्यक्ष पद पर रहते हुए समाज का जो सहयोग उन्हें मिला वे सभी के आभारी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष नेमीचन्द जांगिड़, तेजराज जांगिड़, शंकरलाल, सागरराम, नारायणराम, रामचन्द्र, कानाराम, बाबुलाल, रामगोपाल, जवेरीलाल, गेनाराम, शंकरलाल जांगिड़, मदनलाल, मांगीलाल,भूपेन्द्र, अमराराम, ओमप्रकाश, आईदानराम, मदनलाल सुथार, श्रवणकुमार, रामनारायण, गोविन्द पंचशील हार्डवेयर, जीवराज, हरिराम, भंवरलाल, बुदाराराम, दिलीप शर्मा, अमित शर्मा, जालाराम, शिवलाल, रामस्वरुप, विक्रम, मुकेश सुथार, मोहनलाल, शांतिलाल सुथार व तेलंगाना में बसे समाज बन्धुओं का विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष के मंच संचालन व धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज एई को घर निर्माण के लिए रिश्वत लेते हुए एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी पंचायत राज एई रमेश जब फरियादी से 10 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था तभी एसीबी ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। वारंगल जिले के संगम मंडल के कुंटापल्ली गांव में मकान निर्माण के लिए पीड़ित से 10 हजार रुपये देने का दबाव डाल रहा था।

## आत्म-सशक्तिकरण पर कार्यक्रम कल

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, ब्रह्मा कुमारीज की सहयोगी संस्था, विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा करती है। सुरक्षा सेवा विंग सेना, पुलिस बल और सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने में कार्यरत अन्य सभी संगठनों के कर्मचारियों की सेवा करता है।

सेवाओं का उद्देश्य विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और ध्यान सत्रों के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है। सुरक्षा सेवा विंग की रजत जयंती के अवसर पर, आंतरिक जागृति के माध्यम से राष्ट्र सशक्तिकरण के लिए आत्म-सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष कार्यक्रम बुधवार, 12 फरवरी को सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक शांति सरोवर, एकेडमी फॉर ए बेटर वर्ल्ड, गच्चीबोवली में आयोजित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षा कर्मियों को तनाव को प्रबंधित करने, उनकी समग्र जीवन में सुधार करने और उनके प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक उपकरण और सुझाव प्रदान करना है। विशेष रूप से बनाए गए सत्रों का उद्देश्य उनके मन, शरीर और आत्माओं को सशक्त बनाना है, जिससे वे अधिक दक्षता और उत्साह के साथ सेवा करने में सक्षम हो सकें।

# प्रमेश्वर महादेव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 से



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जाट समाज ट्रस्ट मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक रहेगा। इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा की प्रत्रिका विमोचन ओर उसको 36 कोम के समाज बन्धुओं देते हुए ट्रस्ट सदस्यगण।

जारी प्रेस विज्ञप्ती अनुसार ट्रस्ट के अध्यक्ष दूदाराम बाबल एवं सचिव बाबूलाल पुनिया ने बताया की भव्य प्रमेश्वर महादेव मन्दीर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व जाट समाज भवन का लोकापर्ण 17 फरवरी से 21 फरवरी 2025 को रहेगा व स्थान: जाट समाज ट्रस्ट मन्दिर, अलमासगुडा, बी. एन. रेड्डी नगर, वनस्थलीपुरम, हैदराबाद पर होगा। इस अवसर सोमवार 17 फरवरी 2025 को 21 कलश यात्र वरघोड़ा व भव्य गैर, खरनाल गद्दीपति श्री दरियाव जी धौलिया के सानिध्य में तेजा गायन का आयोजन, पांच दिवसीय 21 कुण्डीय हवन व पांच दिवसीय कथा महोत्सव प्रात: 11.15 बजे से 3.15 बजे तक कथा वाचिका सुश्री साध्वी सुरज बाई सा, मंगलवार 18 फरवरी को भजन संध्या रात्रि 8.31 बजे से गायक कलाकार गजेन्द्र राव, महावीर साँखला, बुधवार 19 फरवरी भजन संध्या रात्रि 8.31 बजे से गायक कलाकार गजेन्द्र राव, श्याम पालीवाल, अनीता जागींड, गुरुवार 20 फरवरी भजन संध्या रात्रि 8.31 बजे से गायक कलाकार गजेन्द्र राव, तुलछाराम भनक्षावा, आकृती मिश्रा द्वारा प्रस्तुती पधान करेगे व इस अवसर पर डान्सर के रुप में लकी ऊड़ान, महावीर भादु, भंवर लैगा, प्रेम माण्डा, रवी बंजारा, झाँकी कलाकार राहुल राजस्थानी एण्ड पार्टी, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को प्रात: 11.45 बजे प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूर्णाहुती, महाआरती, अतिथि सत्कार, महाप्रसादी का भव्य आयोजन रहेगा।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आंमत्रण देते हुए अध्यक्ष दूदाराम बाबल, सरंक्षक सोहनलाल बागड़ा, सचिव बाबूलाल पुनिया, कोषाध्यक्ष लिक्माराम खोखर, सदस्य सुखाराम चांगल, घनराम जाखड़, दिलीप ढाका, धर्माराम ढाका, चिमनाराम मुदियाडा, गोविन्द खदाव, दोलाराम कड़वा, कैलाश कागट, जसराज टाडा, सग्राम चोटिया, धनराज लोमरोड उपस्थित थे।

# भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ने 10वां स्थापना दिवस समारोह मनाया



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान अपने 10वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ.आर सी अग्रवाल, उप-महानिदेशक (शिक्षा), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली तथा प्रभारी निदेशक, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी, हैदराबाद मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित थे। आसिफ इकबाल, क्षेत्रीय प्रमुख, आईसीआईसीआई फाउंडेशन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

डॉ.सी तारा सत्यवती, निदेशक ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 1958 में पिरकॉम केंद्र के रूप में शुरू होकर, 2014 में भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान बनने तक संस्थान की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला।

डॉ.आर मधुसूदन ने संस्थान के द्वारा शीघ्र ही श्री अन्न क्रांति की कामना की। आसिफ इकबाल ने कृषि को बढ़ावा देने हेतु किसानों के साथ मिलकर संचालित आईसीआईसीआई फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने घोषणा की कि अब से यह फाउंडेशन श्री अन्न प्रसंस्करण व मूल्य शृंखला विकास में भाश्रीअनुसं के साथ कार्य शुरू करके अन्य भाकृअनुप अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा।

डॉ.आर सी अग्रवाल ने भाश्रीअनुसं द्वारा हासिल उल्लेखनीय प्रगति एवं देश भर में श्री अन्न के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा उसे बढ़ावा देने में संस्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दैनिक आहार में एक तिहाई श्री अन्न शामिल करने से स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति सुधार में सहायता मिल सकती है। उन्होंने श्री अन्न नवोद्यमियों (स्टार्टअप) और उष्मित्रों (इनक्यूबेट्रस) की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री शिवप्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी, भाश्रीअनुसंके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एससीआर तीर्थयात्रियों के लिए चला रहा है 140 विशेष ट्रेनें

## विशेष ट्रेनों से लगभग 1.3 लाख यात्रियों ने यात्रा की

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे देश के सभी दिशाओं से प्रयागराज की ओर विशेष ट्रेनें चला रहा है। चल रहे महाकुंभ 2025 के दौरान, रेलवे ने 3,100 से अधिक विशेष ट्रेनों और 10,000 नियमित ट्रेनों सहित 13,000 से अधिक ट्रेनों को संचालित करने की योजना बनाई है। मौनी अमावस्या के लिए, प्रयागराज मंडल ने इस दिन 150 से अधिक मेला विशेष ट्रेनों का संचालन किया है, जो भारतीय रेलवे के लिए एक नया रिकॉर्ड है। भारतीय रेलवे ने उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की है, जिसमें रंग-कोडित टिकट और अतिरिक्त आश्रय क्षेत्र शामिल हैं ताकि सुचारू रूप से बोर्डिंग और डीबोर्डिंग प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। अकेले प्रयागराज क्षेत्र के आठ विभिन्न रेलवे स्टेशनों से 9 फरवरी, 2025 को रिकॉर्ड संख्या में 330 ट्रेनें चलाई गईं, जिनसे लगभग 12 लाख 50 हजार यात्री अपने घर पहुंचे। भारतीय रेलवे इन स्टेशनों से हर 4 मिनट में एक ट्रेन चला रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान के बाद इंतजार न करना पड़े। प्रयागराज जंक्शन के साथ-साथ सात अन्य रेलवे स्टेशन, प्रयागराज छिवकी, नैनी, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूसी पूरी तरह कार्यात्मक हैं। लगातार भारी भीड़ के बावजूद, प्रयागराज क्षेत्र के इन आठ स्टेशनों से विशेष और नियमित ट्रेनें पूरी क्षमता से चल रही हैं। दक्षिण मध्य रेलवे कुल 140 ट्रेनें चला रहा है, जो जोन से शुरू/समाप्त हो रही हैं। इसके अलावा, 39 ट्रेनें विभिन्न स्थानों से जोन से गुजर रही हैं। अब तक कुल 179 ट्रेनों को संचालित करने की योजना बनाई गई है। ये ट्रेनें जनवरी, फरवरी और मार्च, 2025 के महीनों में अलग-अलग तारीखों पर चलने वाली हैं। लगभग सभी ट्रेनों को प्रयागराज छिवकी या प्रयागराज या वाराणसी के रास्ते जाने की योजना है। कुछ महत्वपूर्ण गंतव्य हैं- गया, पटना, आजमगढ़, बनारस, गोमतीनगर (लखनऊ), दानापुर, रक्सौल। संचालित की जा रही विशेष ट्रेनें एससीआर के विभिन्न स्टेशनों जैसे- सिकंदराबाद, चरलापल्ली, मौला-अली, गुंटूर, विजयवाड़ा, काकीनाडा, नरसापुर, नांदेड़, औरंगाबाद, तिरुपति, बीदर, विकाराबाद, मछलीपट्टनम आदि से निकलती हैं।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# रोहित सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले दूसरे बैटर

## अपनी सेकेंड फास्टेस्ट सेंचुरी भी लगाई, विराट के 329 इंटरनेशनल कैच पूरे

कटक, 10 फरवरी (एजेंसियां)। कटक वनडे में भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। कप्तान रोहित ने वनडे में 16 महीने बाद शतक लगाया। उनके शतक की बदौलत भारत ने 305 का लक्ष्य 44.3 ओवर में हासिल कर लिया।

साथ ही, जो रूट ने वनडे में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इंग्लैंड के लिए टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड जो रूट के नाम हो गया। रूट ने टेस्ट में 101 और वनडे में 56 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं टी-20 में जोस बटलर ने 27 फिफ्टी लगाई हैं।

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ इस दौरे पर अब तक 5 टी-20 और 2 वनडे मैच खेले। टीम ने हर मैच में 9 या उससे ज्यादा विकेट गंवाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 11 इंटरनेशनल मैचों के बाद कोई बड़ी पारी खेली। उन्होंने 119 रन बनाए।



**ODI में सबसे ज्यादा सिक्स**

| प्लेयर | इनिंग | टीम | सिक्स |
|---|---|---|---|
| शहीद अफरीदी | 369 | पाकिस्तान | 351 |
| रोहित शर्मा | 258 | भारत | 338 |
| क्रिस गेल | 294 | वेस्टइंडीज | 331 |

वनडे में इंग्लिश टीम ने 99वीं बार 300+ स्कोर बनाया। टीम ने 28वीं बार 300+ रन बनाकर मैच भी गंवाया। वहीं भारत ने 136 बार 300 से ज्यादा रन बनाए, टीम को 27 में हार मिली। इंग्लैंड की वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वनडे में लगातार चौथी सीरीज हार है। टीम ने पिछले 20 साल में भारत में लगातार सातवीं वनडे सीरीज गंवाई है।



**इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच**

| प्लेयर | टीम | कैच |
|---|---|---|
| महेला जयवर्धने | श्रीलंका | 440 |
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 364 |
| रॉस टेलर | न्यूजीलैंड | 351 |
| जैक कैलिस | सा. अफ्रीका | 338 |
| राहुल द्रविड़ | भारत | 334 |
| विराट कोहली | भारत | 329 |

वनडे क्रिकेट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। वे 258 इनिंग में 338 सिक्स लगा चुके हैं। रिकॉर्ड में पहले नंबर पर पाकिस्तान के शहीद अफरीदी हैं, जिन्होंने 369 इनिंग में 351 छक्के लगाए हैं।

विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ कटक में 2 कैच लिए। उनके अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 329 कैच पूरे हो गए हैं। विराट, राहुल द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय हैं, जिन्होंने 300 से ज्यादा कैच लिए हैं। रिकॉर्ड में पहले नंबर पर श्रीलंका के महेला जयवर्धने हैं, जिनके नाम 440 कैच हैं।

# खेल मंत्रालय ने गठन की खेल सलाहकार समिति

## पेस-मैरीकॉम और साइना भी शामिल







नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। खेल मंत्रालय ने नई प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने के अलावा चयन में पारदर्शिता के लिए 17 सदस्यीय खेल सलाहकार समिति का गठन किया है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया की अगुवाई वाली इस समिति में ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस, साइना नेहवाल, मैरी कॉम भी शामिल हैं।

यह समिति खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी नजर रखेगी। खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे समिति की वाइस चेयरपरसन होंगी। समिति खिलाड़ियों के दुखों का भी निपटारा करेगी। समिति के अन्य सदस्यों में शाइनी अब्राहम, जफर इकबाल, हीना सिद्धू भी हैं।

समिति का सहयोग करने के लिए खेल विशेषज्ञों का पैनल भी गठित किया है।

इसमें रानी रामपाल, विजेंदर सिंह, अल्का तोमर, हंसा शर्मा, डीके राठौड़, डोला बनर्जी, शिव सिंह जैसे खिलाड़ी और कोच शामिल हैं।

# बुमराह एनसीए में गेंदबाजी और जिम शुरू करेंगे

## 48 घंटे मॉनिटरिंग करेंगे एक्सपर्ट, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वापसी का इंतजार करेगा बोर्ड

मुंबई, 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी को लेकर नया अपडेट आया है। बुमराह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे।

शुक्रवार को बीसीसीआई के नेशनल क्रिकेट एकेडमी में उनका स्कैन किया गया था। टीओआई के मुताबिक, स्कैन की रिपोर्ट को लेकर मेडिकल टीम और बीसीसीआई के बीच चर्चा हुई है। अब अगले 24-48 घंटे उनकी फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उनके कुछ जिम वर्क और हल्की गेंदबाजी शुरू करने की संभावना है।

चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह का खेलना या न खेलना इसी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। फिलहाल वे स्क्वॉड में शामिल हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि, सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है।



**1 परसेंट चांस भी है, तो बीसीसीआई इंतजार करेगा**

टीओआई को एक सूत्र ने बताया, बुमराह के फिट होने का अगर 1 परसेंट चांस भी है, तो बीसीसीआई इंतजार कर सकता है। बोर्ड ने हार्दिक पंड्या के साथ भी 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी ऐसा ही किया, क्योंकि रिप्लेसमेंट के रूप में प्रसिद्ध कृष्णा को लेने से पहले उन्होंने करीब दो हफ्तों तक इंतजार किया था।

**बीसीसीआई 5 हफ्ते आराम की सलाह दी थी**

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में 3 जनवरी को चोटिल हुए थे। तब बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने सलाह दी थी कि वे अगले 5 हफ्ते किसी तरह का जिम या एक्सरसाइज नहीं कर सकते हैं, उन्हें पूरी तरह से आराम करने की जरूरत है।

**11 फरवरी तक टीमों में हो सकता है बदलाव**

भारत की सिलेक्शन कमेटी ने 18 जनवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए जसप्रीत बुमराह को भी टीम में शामिल किया गया था। सिलेक्शन कमेटी बुमराह के बैकअप के लिए अर्शदीप सिंह को रखा था। वहीं, आईसीसी ने टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए थे बुमराह**

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ की समस्या थी। इस वजह से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भी आराम दिया गया। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ 12 जनवरी को अहमदाबाद में होने वाले तीसरे वनडे के लिए उन्हें चुना गया है।

**भारत का सामना 23 फरवरी को पाकिस्तान से होगा**

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। यह मुकाबला 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम का दूसरा मुकाबला 23 फरवरी को पाकिस्तान और तीसरा मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा।

भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट के 2 सेमीफाइनल 4 और 5 मार्च को होंगे। वहीं, 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

# गुजरात टाइटंस को खरीदेगा टोरेंट

## 6100-7800 करोड़ में डील संभव;10 दिन में ही फाइनल हो सकती है डील

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। 'हम 2021 में भी गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी खरीदने की दौड़ में थे। 4,653 करोड़ रु. की बोली लगाई थी लेकिन तब चूक गए। इस बार सीवीसी ग्रुप और टोरेंट के बीच फ्रेंडली डील हो चुकी है। फरवरी में लॉक इन पीरियड खत्म होते ही ऑफिशियल डील साइन हो जाएगी।'ये बयान है टोरेंट ग्रुप के एक सीनियर अधिकारी का। जो इस बात की पुष्टि करता है कि तीन साल पुरानी आईपीएल की गुजरात फ्रेंचाइजी की नई बॉस अब गुजरात की ही कंपनी होगी।



अहमदाबाद के टोरेंट ग्रुप और सीवीसी कैपिटल पार्टनर के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस को टेकओवर करने का समझौता हो गया है। दोनों ग्रुप के सीनियर अधिकारियों के बीच यह डील फिलहाल 'फ्रेंडली शेकहैंड' के तौर पर हुई है। क्योंकि अभी टाइटंस का लॉक इन पीरियड चल रहा है। बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, लॉक इन पीरियड के दौरान कोई भी ग्रुप अपनी फ्रेंचाइजी को बेच नहीं सकता। टोरेंट 100% की जगह 60% हिस्सेदारी ही खरीद सकता है

दोनों ग्रुप से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सीवीसी ग्रुप फ्रेंचाइजी की पूरी होल्डिंग बेचने के बजाय कंट्रोलिंग स्टैक ही टोरेंट ग्रुप को बेच रहा है, इसलिए टोरेंट ग्रुप 60% हिस्सेदारी खरीदेगा। सीवीसी ग्रुप ने 2021 में इसे 5,625 करोड़ रु. में खरीदा था। बता दें, अदाणी ग्रुप भी इस फ्रेंचाइजी को खरीदने की दौड़ में शामिल था। 2021 में अदाणी ग्रुप ने इसके लिए 5,100 करोड़ की बोली भी लगाई थी। लेकिन तब बाजी सीवीसी ग्रुप ने मार ली थी। आईपीएल का 18वां सीजन 21 मार्च से शुरू होगा और 25 मई को फाइनल खेला जाएगा। इस सीजन में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। गुजरात टाइटंस को खरीदेगा टोरेंट...

यह पीरियड इसी महीने यानी फरवरी मध्य में खत्म हो जाएगा। टोरेंट के सूत्रों के मुताबिक 15 फरवरी तक यह डील हो जाएगी। डील कितने की हुई है, यह अभी गुप्त रखा गया है। मगर अनुमान है कि यह 6100 करोड़ से 7800 करोड़ रुपए तक हो सकती है।

सीवीसी क्यों बेच रहा हिस्सेदारी लग्जमबर्ग का सीवीसी ग्रुप शेयर मार्केट के पैटर्न पर पूरी रणनीति बनाकर चल रहा है। यानी मुनाफा हो गया तो प्रॉफिट बुक करो और निकलो। 2021 में लगा था 2 नई टीमों के लिए बोली साल 2021 में आईपीएलमें दो नई टीमों को जोड़ने के लिए दुबई में बिड लगाई गई थी। इसमें 6 शहर रेस में थे। अहमदाबाद और लखनऊ के अलावा कटक, गुवाहाटी, इंदौर और धर्मशाला का नाम शामिल था। दो टीमों को खरीदने के लिए कुल 22 बिजनेस घरानों ने दिलचस्पी दिखाई थी। इनमें अडाणी ग्रुप, इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड का मालिक ग्लेजर परिवार, टोरेंट फार्मा, अरबिंदो फार्मा, आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप, हिंदुस्तान टाइम्स मीडिया ग्रुप, पूर्व सांसद नवीन जिंदल की जिंदल स्टील, रॉनी स्क्रूवाला और तीन प्राइवेट इक्विटी से जुड़े लोग शामिल थे। आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप ने लखनऊ की टीम को 7,090 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं सीवीसी कैपिटल ने 5,166 करोड़ रुपए में अहमदाबाद की टीम खरीदी।

# राफ्टिंग प्रतियोगिताओं में कर्नाटक का दबदबा

## महिला और मिश्रित श्रेणियों में जीते गोल्ड

टनकपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। डाउन रिवर मिक्स्ड रेस में कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत राफ्टिंग प्रतियोगिताएं चंपावत जिले के टनकपुर में आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान विभिन्न श्रेणियां में प्रतियोगी अपने जबरदस्त टैलेंट का प्रदर्शन कर रहे हैं। हुए मुकाबले में कर्नाटक में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड कब्जाया। महाराष्ट्र दूसरे और हिमाचल तीसरे नंबर पर कर्नाटक का समय 34:07.967 रहा,जबकि महाराष्ट्र ने 35:31.761 के साथ दूसरा और



हिमाचल प्रदेश ने 35:44.097 के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही, स्लालम (पुरुष) में सर्विसेज ने 3:40.690 का समय निकालकर गोल्ड जीता। आंध्र प्रदेश ने 3:45.460 के साथ सिल्वर जबकि कर्नाटक ने 3:46.820 के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। महिला श्रेणी में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर रहा स्लालम (महिला) श्रेणी में कर्नाटक ने 4:47.710 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

उत्तराखंड ने 5:18.360 के साथ दूसरा और हरियाणा ने 6:09.740 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

मिश्रित स्लालम में कर्नाटका ने फिर से अपना दबदबा बनाए रखते हुए 3:58.750 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश ने 4:16.370 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि महाराष्ट्र ने 4:21.400 के समय के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# केएल राहुल गंवा रहे चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का मौका?

## भुगतना पड़ सकता है इस नाकामी का खामियाजा

नई दिल्ली, 10 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी के दिन अब करीब हैं. वैसे तो 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारत क्या सभी टीमों ने अपने-अपने खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी है. मगर अभी उसमें बदलाव किए जा सकते हैं. तो क्या आईसीसी को खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट देने से पहले बीसीसीआई पहले वाली लिस्ट में बदलाव कर सकती है? क्या वो उससे केएल राहुल का नाम हटा सकती है? बीसीसीआई ने पहले जो टीम चुनी है उसमें केएल राहुल का भी नाम है. मगर इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे में जैसा उन्होंने परफॉर्म किया है, वो उनके सेलेक्शन पर सवाल उठा रहा है.

**इंग्लैंड के खिलाफ बुरी तरह फेल केएल राहुल**

केएल राहुल नागपुर में खेले पहले वनडे की ही तरह कटक में खेले दूसरे वनडे में भी फेल रहे हैं. उन्होंने कटक में 14 गेंदों का तो सामना किया पर 10 से ज्यादा रन नहीं बना सके. इससे पहले नागपुर में राहुल ने केवल 2 रन बनाए थे. मतलब पहले 2 वनडे में उन्होंने सिर्फ 12 रन बनाए हैं. अब सवाल है कि क्या इस प्रदर्शन के साथ वो चैंपियंस ट्रॉफी खेल सकते हैं. वो भी तब जब टीम के पास विकल्प तैयार हैं. ये भारतीय टीम मैनेजमेंट का केएल राहुल पर भरोसा ही है कि उन्हें ऋषभ पंत से ऊपर आंक रही है. उन्हें अपना फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर बल्लेबाज बता रही है. मगर इस फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर बल्लेबाज के आंकड़े इंग्लैंड के खिलाफ पहले 2 वनडे में भरोसा जीतने वाले नहीं रहे हैं. सवाल वही है कि अगर वो भरोसा टूटा तो फिर राहुल के लिए मुश्किल हो सकती है और उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी की टीम से बाहर भी किया जा सकता है.



**टीम में मौजूद हैं राहुल के विकल्प**

इंग्लैंड के खिलाफ राहुल जिस पोजिशन पर खेल रहे हैं, उस नंबर पर खेलने के एक बड़े दावेदार और मैच विनर ऋषभ पंत बेंच पर बैठे हैं. पहले 2 वनडे के बाद राहुल अब अगर अहमदाबाद में होने वाले आखिरी मैच में भी कुछ खास नहीं कर पाते तो भारतीय टीम मैनेजमेंट को प्लान बी के बारे में सोचना होगा. और उस सूरत में केएल राहुल का समीकरण बिगड़ सकता है. वनडे सीरीज में नाम ना होने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल कर भारतीय सेलेक्टर्स ने बता दिया है कि उनके लिए प्रदर्शन मायने रखता है ना कि खिलाड़ी. वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ T20 सीरीज में सबसे ज्यादा 14 विकेट लिए थे.

# एशियाड के स्वर्ण विजेता तोंडईमान का कमाल

## राष्ट्रीय खेलों की ट्रैप स्पर्धा में जीता सोना

रुद्रपुर, 10 फरवरी (एजेंसियां)। एशियाई खेलों की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता तमिलनाडु के निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडईमान ने यहां राष्ट्रीय खेलों की पुरुष ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा महिला स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं। तोंडईमान ने ट्रैप फाइनल में 42 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि राजस्थान के अली अमन इलाही ने 41 के साथ रजत पदक जीता।

उत्तराखंड के आर्यवंश त्यागी ने 29 के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। तोंडईमान 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।



महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा ने 43 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की कीर्ति गुप्ता (42 अंक) से पहला स्थान हासिल करने से चूक गईं जबकि हरियाणा की आशिमा अहलावत (32 अंक) ने कांस्य पदक जीता।

गत चैंपियन गुजरात की वैदेही चौधरी राष्ट्रीय खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। वैदेही ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में हरियाणा की अंजलि राठी को 6-1, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला सोमवार को महाराष्ट्र की आकांक्षा निटुरे से होगा। आकांक्षा ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तेलंगाना की लक्ष्मी सिरी डांडू को 6-3, 4-6, 6-2 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला कर्नाटक की अमोदिनी नाइक और महाराष्ट्र की वैष्णवी अडकर के बीच होगा। अमोदिनी ने अंतिम आठ में हरियाणा की अदिति रावत को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया, जबकि वैष्णवी तमिलनाडु की लक्ष्मी प्रभा अरुणकुमार पर 6-3, 7-5 से विजेता बनीं।

महिला युगल में वैदेही और जील देसाई की गुजरात की जोड़ी ने हरियाणा की अंजलि राठी और अदिति त्यागी को 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना महाराष्ट्र की पूजा इंगले और आकांक्षा निटुरे की जोड़ी से होगा। महाराष्ट्र की जोड़ी ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड की दीया चौधरी और जया कपूर को 5-7, 6-4, 10-8 से हराया।

# धोनी का नारा: माचिस की तिल्ली, उड़ाओ बाबर आजम की गिल्ली

## चैंपियंस ट्रॉफी में चाहिए 8 साल पुराना बदला

मुंबई, 10 फरवरी (एजेंसियां)। हिंदुस्तान की क्रिकेट में जब महेंद्र सिंह धोनी कुछ कहते हैं तो उसकी अहमियत सबसे बढ़कर आंकी जाती है. और फिर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले तो धोनी ने नारे ही लगवा दिए हैं. तो जरा सोचिए हिंदुस्तान जैसे लोक प्रधान देश में वो नारा कैसा जोश भरेगा? स्टार स्पोर्ट्स ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें धोनी दो-चार नारे लगवाते दिख रहे हैं. नारे की एक लाइन धोनी बोलते हैं और फिर फैंस उसे पूरा करते हैं. धोनी के लगवाए अधिक्तर नारे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से जुड़े रहे, जिसमें से एक माचिस की तिल्ली और बाबर की गिल्ली वाला भी रहा.



**चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर जोश बढ़ाने वाले धोनी के नारे!**

अपने सामने बैठी ऑडियंस के सामने धोनी नारेबाजी शुरू करते हैं. वो कहते हैं माचिस की तिल्ली... इतने में फैंस कहते हैं शमी उड़ा दे बाबर आजम की गिल्ली. इसके आगे वो कहते हैं एक, दो, तीन, चार... तो फैंस कहते हैं हिटमैन शाहीन को चौका मार. धोनी का अगला नारा पाकिस्तान में टीवी के टूटने से जुड़ा होता है. वो पूछते हैं आसमान में कितने तारे, इस पर फैंस कहते हैं टूटेंगे उनके टीवी सारे.

इसी वीडियो में धोनी ये भी कहते हैं कि अपना नंबर अगला है. जिस पर फैंस कहते हैं कि लेना 2017 का बदला है. आगे धोनी जैसे ही कहते हैं जोर से बोले... लोग इंडिया, इंडिया के नारे लगाने लगते हैं.

**2017 का बदला तो लेना पड़ेगा- सुरेश रैना**

धोनी के इस वीडियो को देखने के बाद पहले तो सुरेश रैना को भी यकीन नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि पहले कभी भी धोनी का ये अंदाज उन्होंने नहीं देखा. फिर उन्होंने कहा कि 2017 का बदला तो लेना पड़ेगा. क्योंकि, जिस तरह से पाकिस्तान ने फाइनल में आकर भारत को हराया था उससे खिलाड़ी काफी आहत हुए थे. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत-पाकिस्तान की टक्कर 23 फरवरी को दुबई में होने वाली है.

# हमले बर्दाश्त नहीं : सीएम



राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने हैदराबाद मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से शिष्टाचार भेंट की।

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने चिलुकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन को सुरक्षा और सहयोग का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने फोन पर चिलुकुर के मुख्य पुजारी रंगराजन से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश देते हुए कहा कि ऐसे हमले बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे।

# बीआरएस विधायकों की अयोग्यता में देरी पर सुनवाई

## अगली सुनवाई 18 फरवरी को



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव और विधायक पाडी कौशिक रेड्डी की याचिकाओं पर सुनवाई की, जिसमें बीआरएस से सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए 10 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी को चुनौती दी गई है। विधानसभा सचिव द्वारा अधिक समय मांगे जाने के बाद अगली सुनवाई 18 फरवरी को स्थगित कर दी गई है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पहले तेलंगाना विधानसभा से पूछा था कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए 'उचित अवधि' क्या है? जब सोमवार को मामले की सुनवाई हुई, तो न्यायमूर्ति गवई ने विधानसभा सचिव का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को याद दिलाया कि उन्हें इस समयसीमा के बारे में निर्देश लेने थे।

रोहतगी ने अतिरिक्त समय मांगा, जिस पर न्यायमूर्ति गवई ने दृढ़ता से कहा कि लोकतंत्र में, पार्टियों के अधिकारों को कुंठित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने अगली सुनवाई 18 फरवरी के लिए निर्धारित की। न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा कि यदि आप हमें उचित समय नहीं देते हैं, तो हम उचित व्यक्ति हैं।

# अटैक हेलीकॉप्टर के लिए 300वां धड़ वितरित



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड (टीबीएएल) ने हैदराबाद में अपनी अत्याधुनिक सुविधा से एएच-64 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर के लिए 300वां धड़ वितरित किया है। ये धड़ दुनिया भर के ग्राहकों के लिए निर्मित किए गए हैं, जिनमें अमेरिकी सेना भी शामिल है, जिसमें भारतीय सेना के साथ ऑर्डर किए गए छह धड़ भी शामिल हैं। भारतीय वायु सेना 22 एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों का बेड़ा संचालित करती है। यह मील का पत्थर भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और देश की स्वदेशी विनिर्माण क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए टीबीएएल के निरंतर समर्पण को दर्शाता है।

टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड (टीबीएएल) ने हैदराबाद में अपनी अत्याधुनिक सुविधा से एएच-64 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर के लिए 300वां फ्यूजलेज डिलीवर किया है।

बोइंग और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के बीच संयुक्त उद्यम में 900 से अधिक इंजीनियर और तकनीशियन कार्यरत हैं, जो अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं में अत्याधुनिक रोबोटिक्स, स्वचालन और उन्नत एयरोस्पेस अवधारणाओं का लाभ उठाते हैं। टीबीएएल की 14,000 वर्गमीटर की सुविधा अपाचे फ्यूजलेज के लिए वैश्विक एकमात्र स्रोत आपूर्तिकर्ता के रूप में कार्य करती है, जिसमें अपाचे एयरोस्ट्रक्चर असेंबली में उपयोग किए जाने वाले 90 प्रतिशत से अधिक भाग 100 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से भारत में निर्मित होते हैं।

# जनशिकायतों के त्वरित समाधान पर ध्यान केंद्रित : जीएचएमसी आयुक्त



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने कहा कि वे प्रजावाणी में प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में आयुक्त इलांबर्ती ने समस्याएं सुनीं और शहर के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों की याचिकाएं प्राप्त कीं, जो विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे थे। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान सुझाया।

इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने कहा कि प्रजावाणी में संबंधित विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि प्रजावाणी के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों की विभागीय स्तर पर जांच की जाए तथा समय-समय पर उनका समाधान किया जाए तथा प्रत्येक सोमवार को सर्किलवार प्रजावाणी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रजावाणी कार्यक्रम में सबसे अधिक शिकायतें नगर नियोजन विभाग से संबंधित हैं। जनवरी 2025 से अब तक नगर नियोजन से संबंधित 330 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 190 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। आयुक्त ने कहा कि शिकायतों के समाधान की हर सप्ताह समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान 59 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 34 नगर नियोजन विभाग से संबंधित, 6 इंजीनियरिंग रखरखाव, 3-3 कर और पशु चिकित्सा विभाग, दो-दो वित्त, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग, एक-एक स्वच्छता, झील और यूसीडी विभाग, तथा 4 शिकायतें फोन इन के माध्यम से प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा कि जीएचएमसी क्षेत्राधिकार के तहत छह जोनों में कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुकटपल्ली जोन में 41, एलबी नगर और सेरिलिंगमपल्ली जोन में 13-13, सिकंदराबाद जोन में 11, चारमीनार जोन में 7 और खैरताबाद जोन में एक शिकायत प्राप्त हुई। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त शिव कुमार नायुडू, गीता राधिका, पंकजा, अशोक सम्राट, रघु प्रसाद, वेणुगोपाल रेड्डी, चंद्रकांत रेड्डी, यादगिरी राव, यूबीडी निदेशक वेंकटेश्वरलू, अतिरिक्त सीसीपी प्रदीप, गंगाधर, (एलए) विशेष डिप्टी कलेक्टर रामू नाइक, संपदा अधिकारी उमा प्रकाश, जेसी राजस्व महेश कुलकर्णी, डिप्टी सीई पनासा रेड्डी, जल कार्य साई रमना और अन्य ने भाग लिया।

# प्रवासी बाघिन बेलमपल्ली छोड़कर थंडूर मंडल में भटकी



मंचेरियल, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। लगभग दो सप्ताह से बेलमपल्ली मंडल के विभिन्न जंगलों में घूम रही एक प्रवासी बाघिन सोमवार को थंडूर मंडल के जंगलों में भटक गई, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली। वन अधिकारियों ने बताया कि बी1 नामक एक वयस्क बाघिन बेलमपल्ली मंडल के कन्नाला गांव के जंगल से थंडूर मंडल के पड़ोसी मदारम गांव के जंगलों में घुस आई। मादारम के पास एक पहाड़ी पर बाघिन के पैरों के निशान पाए गए। अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि बाघिन रात में कुमराम भीम आसिफाबाद के रेबेना या तिरयानी मंडल के जंगलों की ओर चली गई होगी।

कुमराम भीम आसिफाबाद जिले से जिले में आई बाघिन 3 फरवरी को कासिपेट मंडल के डुब्बागुडेम और वरिपेट गांवों की ओर जाने से पहले कन्नाला में रुकी थी। इसके बाद वह रविवार को कन्नाला गांव लौट आई। कासिपेट और बेलमपल्ली मंडलों के करीब 10 गांव बाघिन की अभूतपूर्व आवाजाही के बाद डर के साये में जी रहे हैं। अब बाघिन के बेलमपल्ली के जंगलों से चले जाने से वे राहत महसूस कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, बी1 दिसंबर के तीसरे सप्ताह में इलाके की तलाश में मंचेरियल जिले के जंगलों में भटक गया था। यह मूल रूप से महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व से संबंधित है, जो कुछ महीने पहले कुमराम भीम आसिफाबाद जिले में चला गया था।

# यौन उत्पीड़न के आरोप में ड्राइवर गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने 2 दिन पहले एक महिला के घर पर उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शिव नरसिम्हा (32) मोतीनगर में एक अपार्टमेंट में रहने वाले एक परिवार के साथ ड्राइवर के रूप में काम करता था। कुछ सालों से, वह एक चौकीदार के परिवार से परिचित था, जो अपनी पत्नी, बेटी (19) और बेटे (17) के साथ बिल्डिंग के चौकीदार क्वार्टर में रहता था।

कुछ हफ़्ते पहले, शिवा को पता चला कि चौकीदार की बेटी की एक आदमी से दोस्ती थी, लेकिन बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। शिवा ने इस मुद्दे को सुलझाने का आश्वासन दिया और चौकीदार के घर अक्सर आना-जाना शुरू कर दिया। दो दिन पहले, जब चौकीदार की बेटी घर में अकेली थी, तो उसने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में पीड़िता ने अपनी मां को इस बारे में बताया, जिन्होंने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत की। शिवा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# बर्ड फ्लू को लेकर एहतियाती कदम उठाने के निर्देश




हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने कहा कि पड़ोसी राज्यों में पोल्ट्री फार्मों में बर्ड फ्लू के प्रकोप के कारण, पोल्ट्री फार्म मालिकों को पक्षियों की मृत्यु होने पर तुरंत संबंधित पशु चिकित्सा अस्पताल को सूचित करना चाहिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनसम्पर्क के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी ने सरकार को बर्ड फ्लू के खिलाफ एहतियाती कदम उठाने का सुझाव दिया, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि जिले के पोल्ट्री फार्म मालिकों को उचित सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा कर्मचारियों को पोल्ट्री फार्मों का दौरा करते समय सहयोग करना चाहिए तथा बड़ी संख्या में मुर्गियों की मृत्यु होने पर तुरंत उन्हें सूचित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी मुर्गियां इस बीमारी से मरती हैं, तो उन्हें दफना दिया जाना चाहिए, उन पर जैव रासायनिक पाउडर का छिड़काव किया जाना चाहिए तथा अन्य मुर्गी फार्मों को संक्रमित होने से रोका जाना चाहिए। खम्मम में बर्ड फ्लू के प्रकोप के कारण जिले के पोल्ट्री मालिकों को उचित सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# अल्लू अर्जुन के रिश्तेदार ने शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टॉलीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन के मामा कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी ने प्रजावाणी में शिकायत दर्ज कराई है। अपनी शिकायत में उन्होंने अपने आवास के लिए भूमि अधिग्रहण का पुनर्मूल्यांकन करने की मांग की है, जो हैदराबाद में केबीआर पार्क के पास चल रहे सड़क विस्तार के कारण आवश्यक है। चंद्रशेखर रेड्डी ने सड़क विस्तार के लिए अपनी संपत्ति के एक तरफ 20 फीट और दूसरी तरफ 30 फीट भूमि के अधिग्रहण के बारे में अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। कुछ महीने पहले, राज्य सरकार ने केबीआर पार्क के आसपास के जंक्शनों को बढ़ाने का निर्णय लिया था, जिसके लिए अधिकारियों ने 1,100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था। सरकार ने केबीआर पार्क के निकट सात स्टील पुलों और सात अंडरपास के निर्माण की योजना शुरू की है, जिसमें केबीआर पार्क प्रवेश जंक्शन, महाराजा अग्रसेन जंक्शन, कैंसर अस्पताल जंक्शन, फिल्म नगर जंक्शन, जुबली हिल्स चेक पोस्ट जंक्शन और मुग्धा जंक्शन जैसे प्रमुख स्थान शामिल होंगे।केबीआर पार्क और उसके पड़ोसी जंक्शनों के आसपास यातायात की भीड़ या यू-टर्न से मुक्त एक सहज अनुभव होगा। फिर भी, नगर नियोजन अधिकारियों ने केबीआर पार्क के आसपास की मौजूदा 100 फुट की सड़क को 120 फीट तक विस्तार के लिए नामित किया है। सड़क चौड़ीकरण की इस पहल के हिस्से के रूप में, फिल्म अभिनेता बालकृष्ण, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जन रेड्डी, के. चंद्रशेखर रेड्डी (अल्लू अर्जुन के चाचा) के साथ-साथ विभिन्न प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और व्यापारियों सहित उल्लेखनीय व्यक्तियों की संपत्तियों के कुछ हिस्सों का अधिग्रहण किया जाना है। इस मामले के संबंध में, अल्लू अर्जुन के चाचा कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी ने प्रजावाणी को एक औपचारिक शिकायत प्रस्तुत की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारी केबीआर पार्क में सड़क विस्तार के संदर्भ में उनके आवास से संबंधित भूमि के अधिग्रहण पर पुनर्विचार करें।

# किसानों ने रैतु भरोसा और बोनस की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

वनापर्थी, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार से रैतु भरोसा, फसल ऋण माफी और बोनस की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को गोपालपेट में सड़क पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान नगरकुरनूल की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र हुए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें रैतु भरोसा नहीं मिल रहा है और उनके फसल ऋण भी माफ नहीं किए गए हैं। कुछ किसानों ने शिकायत की कि धान के लिए 500 रुपये का बोनस भी नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सरकार से उन्हें बचाने की अपील की।

पिछले सप्ताह कुछ किसानों ने महबूबनगर जिला कलेक्ट्रेट के सामने भी प्रदर्शन किया था और आरोप लगाया था कि उन्हें धान के लिए 500 रुपये का बोनस नहीं मिला है। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। कौकुंतला मंडल के मुचिन्ताला के किसानों ने बताया कि उन्हें अपनी फसल बेचे दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन बोनस की राशि अभी तक उनके खातों में जमा नहीं हुई है।

एक वीडियो में किसान ने कहा था कि निजी व्यापारियों ने 2800 रुपये प्रति क्विंटल की पेशकश की, लेकिन फिर भी हमने अपना स्टॉक सरकार को बेच दिया। इसके अनुसार हमें 2320 रुपये मिले, जो हमारे बैंक खातों में जमा हो गए। बोनस की राशि अभी भी जमा होनी है।

# पुराने शहर के दीवान देवड़ी बाजार में लगी आग



हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुराने शहर के दीवान देवड़ी बाजार में स्थित एक व्यावसायिक परिसर में रविवार रात भीषण आग लग गई। घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दीवान देवड़ी स्थित मदीना और अब्बास टावर्स बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर स्थित एक दुकान में आग लग गई।

इमारत में करीब 200 दुकानें हैं। आग जल्द ही आस-पास की दुकानों और इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित एक दुकान में फैल गई। आग की तीव्रता को देखते हुए अधिकारियों ने शहर के विभिन्न दमकल केंद्रों से करीब 15 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा।

अग्निशमन कर्मी आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं क्योंकि इमारत में कोई बाधा नहीं है और दमकल कर्मी आस-पास की इमारतों पर चढ़ गए हैं और पानी पंप कर रहे हैं। परिसर की दुकानों में खास तौर पर कपड़ों में बहुत सारी ज्वलनशील सामग्री रखी हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मौके का दौरा किया।

दीवान देवड़ी एक थोक बाजार है जो रेडीमेड कपड़ों, चादरों और कालीनों के लिए मशहूर है। बाजार में आग लगने की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, फिर भी अग्निशमन विभाग, स्थानीय प्रतिनिधियों और जीएचएमसी द्वारा व्यापारियों को शिक्षित करने और उन्हें अग्नि सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए मजबूर करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जाते हैं।

# चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने घर में चोरी करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद इमरान, निवासी एमजीबीएस के पास हैदराबाद ने बीते छह फरवरी को चोरी होने की रिपोर्ट मीरचौक थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहम्मद नूर हसन व हिमायत हुसैन अंसारी उर्फ हिमायत को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 60 हजार की संपत्ति बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 6 फरवरी को शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 फरवरी को रात करीब 11 बजे उसे सूचना मिली कि उसके कमरे से लॉकर के साथ आभूषण और नकदी गायब है। उन्होंने पास के कैमरों की जांच की और पाया कि 4 फरवरी को सुबह 4:30 बजे 2 अज्ञात व्यक्ति उनके घर के पास आए, उनमें से एक ने मुख्य दरवाजे की कुंडी खोलकर उनके घर में प्रवेश किया 4 मिनट बाद वह व्यक्ति लोहे के लॉकर के साथ मुख्य सड़क से बाहर निकल गया। पुलिस ने छानबीन करने के बाद दबीरपुरा, हैदराबाद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# तेलंगाना ने बिजली की मांग 16,000 मेगावाट को छुआ

हैदराबाद, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ने बिजली की मांग में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो 16,000 मेगावाट के करीब पहुंच गई है। राज्य की बिजली की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, जो मुख्य रूप से गर्मी के मौसम और यासांगी फसलों की जरूरतों से प्रभावित है। पिछले साल, तेलंगाना की बिजली कंपनियों ने मार्च में अपनी अधिकतम मांग दर्ज की थी, हालांकि, इस साल फरवरी के महीने में उन्होंने इस पिछले उच्च स्तर को पार कर लिया है। पिछले साल मार्च में दर्ज की गई उच्चतम मांग 15,623 मेगावाट थी। इस वर्ष, बढ़ते तापमान और कृषि आवश्यकताओं के कारण, 7 फरवरी को 15,920 मेगावाट की अधिकतम मांग दर्ज की गई। सोमवार को जारी एक बयान में, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने पुष्टि की कि वितरण कंपनियां बिना किसी समस्या के गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति कर रही हैं, और राज्य सरकार बढ़ती मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रही है।


भारतीय रिज़र्व बैंक
संपदा विभाग, हैदराबाद - 500 004

ई -निविदा: भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद में बैंक के मुख्य कार्यालय परिसर, एनेक्सी बिल्डिंग के पहली मंजिल पर स्थित कैंटीन क्षेत्र के लिए वैरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ / वीआरवी) प्रौद्योगिकी आधारित एयर कंडीशनिंग प्रणाली का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (डीएसआईटीसी)

1. भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद में बैंक के मुख्य कार्यालय परिसर, एनेक्सी बिल्डिंग के पहली मंजिल पर स्थित कैंटीन क्षेत्र के लिए वैरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ / वीआरवी) प्रौद्योगिकी आधारित एयर कंडीशनिंग प्रणाली का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (डीएसआईटीसी) के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। कार्य की अनुमानित लागत ₹22 लाख (रुपये बाईस लाख केवल) है। पूर्व-पात्रता मानदंडों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया निविदा सूचना के साथ निविदा दस्तावेजों को देखें, जो 11 फ़रवरी 2025 को 18:00 बजे से एमएसटीसी लिमिटेड के ई-निविदा पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/eprocn) और हमारी वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर "निविदाओं" के तहत उपलब्ध हैं।
2. ई-निविदाएं केवल एमएसटीसी पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/eprocn) के माध्यम से 28 फ़रवरी 2025 को 14:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। इच्छुक पात्र निविदाकारों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु एमएसटीसी लिमिटेड के साथ स्वयं को पंजीकृत करना होगा।
3. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हैदराबाद
11 फ़रवरी 2025
हस्ता/-
क्षेत्रीय निदेशक







# एपी सीजे ने की पूजा-अर्चना



तिरुमला, 10 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एपी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति धीरज सिंह ठाकुर ने सोमवार को तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। टीटीडी के अतिरिक्त ईओ चौ. वेंकैया चौधरी ने मंदिर में उनका स्वागत किया। दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश को रंगनायकुला मंडपम में वेद आशीर्वाद दिया गया और अतिरिक्त ईओ ने उन्हें श्रीवारी तीर्थ प्रसादम और भगवान का चित्र भेंट किया। टीटीडी डीएलओ वरप्रसाद राव, मंदिर के उप ईओ लोकनाथम, पेशकार श्री रामकृष्ण और अन्य अधिकारी मौजूद थे।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.